# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

जबलपुर
गुरुवार, 3 जुलाई 2025
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-7
वर्ष : 20, अंक : 64
पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 28
न्यून. 24




## बारिश की झड़ी के बीच केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा- 'मौसम' सुहाना हो गया है

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनते ही पहले भाषण में हेमंत खंडेलवाल ने दिखाए तीखे तेवर

# समर्पित कार्यकर्ताओं को मिलेगा सम्मान 'दाएं-बाएं' करने वालों को होगी दिक्कत

**हेमंत ने कहा** कि पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है उससे समझौता नहीं किया जाएगा। इसलिए सभी नेता जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर आचरण करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जिक्र करते हुए हेमंत ने कहा कि वे नई पीढ़ी के लिए नई परिभाषा लिख रहे हैं

- *चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने की निर्वाचन की घोषणा*
- *वीडी ने थमाया पार्टी का झंडा मोहन के साथ पहनाई माला*





विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल बुधवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए। चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसकी घोषणा करते हुए खंडेलवाल को प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने उन्हें पार्टी का झंडा थमाया और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ माला पहना कर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण करते ही हेमंत ने अनुशासन तोड़ने वालों को अपने तेवर दिखा दिए। उन्होंने कहा कि जो समर्पित कार्यकर्ता हैं, पार्टी में उनका सम्मान होगा। सभी को क्षमता के अनुसार दायित्व मिलेगा लेकिन जो दांए- बांए करेगा, उसे दिक्कत होगी। पार्टी में अनुशासन सर्वोपरि है, उससे समझौता नहीं किया जाएगा। सभी नेता जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर आचरण करें।

### मोदी के कारण विश्वगुरू बनने की ओर भारत

खंडेलवाल ने कहा कि हम वह सौभाग्यशाली पीढ़ी हैं, जिसका नेतृत्व नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। भारत दुनिया की बड़ी शक्ति बन रहा है, विश्वगुरू बनने की दिशा में अग्रसर है तो नरेंद्र मोदी के कारण। उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी आएगी तो भाजपा कार्यकर्ता के नाते आपका सम्मान इसलिए करेगी क्योंकि आपके द्वारा नरेंद्र मोदी जैसा नेता चुना गया। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत चौतरफा विकास कर रहा है। खंडेलवाल ने निवृत्तमान प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. यादव की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वीडी भाई ने पार्टी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने जो इबारत लिखी है, हम उसे आगे ले जाने का काम करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पहले मिथक था कि भाजपा 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाती। उन्होंने इस मिथक को तोड़ा। शिवराज ऐसी कल्याणकारी योजनाएं लेकर आए ताकि भाजपा लगातार चुनाव जीत सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जिक्र करते हुए हेमंत ने कहा कि वे नई पीढ़ी के लिए नई परिभाषा लिख रहे हैं। उद्योग, रोजगार के अलावा प्रदेश कैसे विकास के रास्ते पर जाए, इसे लेकर लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसे लेकर हमें जनता के बीच जाना है और उनके विकास को नीचे तक ले जाने का काम करना है।

कांग्रेस को दे डाली यह चुनौती

### हमारे जैसा चुनाव करवाकर बताएं

अपने पहले ही उदबोधन में प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कांग्रेस को चुनौती भी दे डाली। उन्होंने कहा कि भाजपा अनुशासित पार्टी है। इसीलिए, बड़े-बड़े चुनाव हो जाते हैं और विरोध के स्वर नहीं उभरते। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की बात का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा में सभी प्रमुख मिल कर तय कर लेते हैं और एक पद के लिए एक ही नामांकन भरा जाता है। खंडेलवाल ने कहा कि मैं कांग्रेस को चुनौती देता हूं जैसा चुनाव हमारे प्रदेश का होता है, आप वार्ड का भी करवा दो तो हम सम्मान कर देंगे।

### कार्यकर्ताओं ने स्थापित की नई परंपराः धर्मेंद्र प्रधान

*चुनाव प्रभारी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सभी ने हेमंत खंडेलवाल को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुनकर मध्यप्रदेश के संगठन पर्व में एक नया अध्याय जोड़ा है, परंपरा को पुष्ट किया है, जिसके लिए सभी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद देता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि खंडेलवाल प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सभी के साथ मिलकर समर्पित, संवेदनशील और जनकल्याणकारी संगठन की रचना करेंगे। उन्होंने कहा कि रात तक किसी और उम्मीदवार का नामांकन नहीं आना यह बताता है कि सभी के मन में बस एक ही नाम था और वह हेमंत खंडेलवाल का था।*


### हमारे बीच 'तुम' नहीं, 'हम' की भावनाः डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता इस भाव से काम नहीं करता कि मैं राजनीति में काम कर रहा हूं। वह क्षेत्र के विकास और भारत माता की सेवा के लिए काम करता है। अपनी भूमिका को कैसे और आगे बढ़ाऊं, अपनी कमजोरियों को दूर कर किस तरह अच्छाइयों को धारण करूं। इसी भावना के साथ हमारी निर्वाचन प्रक्रिया पूरी हो गई और किसी को पता नहीं चला। हमारे बीच 'तुम' नहीं, 'हम' की भावना है और इसी से हमारी ताकत बढ़ती है। डॉ. यादव ने कहा कि हमारे संगठन पर्व का एक चरण पूरा हो गया है, लेकिन हम सभी यह संकल्प लें कि अपने-अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए आगे बढ़ते रहेंगे।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### सीयूईटी यूजी का रिजल्ट 4 जुलाई को होगा जारी



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडरग्रेजुएट (सीयूईटी यूजी) 2025 की तारीख का ऐलान कर दिया है। एनटीए द्वारा एक्स पर बताया गया कि रिजल्ट 4 जुलाई को जारी होगा। छात्र अपना रिजल्ट सीयूईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकेंगे।

### पद्म पुरस्कारः नामांकन की अंतिम तारीख 31



**नई दिल्ली।** पद्म पुरस्कार, अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। इसके नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई तय की गई है। इन पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

## सबसे ज्यादा मांग वाले समय में बेस किराए का दोगुना चार्ज करने की केंद्र सरकार ने दी अनुमति

नॉन-पीक ऑवर्स में न्यूनतम किराया बेस फेयर का 50 प्रतिशत रखना अनिवार्य होगा

# 'पीक ऑवर्स' के दौरान अब दोगुना किराया वसूल सकेंगी कैब कंपनियां

*कैब कंपनियों को अपने ड्राइवरों के लिए कम से कम 5 लाख रु. का हेल्थ इंश्योरेंस और 10 लाख रु. का टर्म इंश्योरेंस देना अनिवार्य होगा*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 2025 के लिए मोटर व्हीकल एग्रीगेटर गाइडलाइंस जारी की हैं। इन गाइडलाइंस के तहत कैब एग्रीगेटर्स (जैसे ओला, उबर वगैरह) को अब पीक ऑवर्स यानी सबसे ज्यादा मांग वाले समय में बेस किराए का दोगुना चार्ज करने की अनुमति मिल गई है।

पहले ये सीमा 1.5 गुना थी। वहीं, नॉन-पीक ऑवर्स में न्यूनतम किराया बेस फेयर का 50 प्रतिशत रखना अनिवार्य होगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश 2025 में कहा है कि एग्रीगेटर को आधार किराये से न्यूनतम 50 प्रतिशत कम किराया लेने तथा उप-खण्ड (17.1) के तहत निर्दिष्ट आधार किराए से अधिकतम दो गुना डायनैमिक प्राइसिंग की अनुमति होगी।

> राज्यों को इन नए नियमों को 3 महीने के भीतर अपनाने की सलाह दी गई है




कैब कंपनियों की लाइसेंस फीस 5 लाख रुपए, लाइसेंस पांच साल के लिए वैध रहेगा

### ग्राहक शिकायतों के लिए अफसर नियुक्त करना होगा

हर एग्रीगेटर को एक ग्रिवांस ऑफिसर यानी शिकायत अधिकारी नियुक्त करना होगा, जो ग्राहकों और ड्राइवरों की समस्याओं का समाधान करेगा। नई गाइडलाइंस के मुताबिक कोई भी एग्रीगेटर ऐसी गाड़ी को अपनी सेवा में शामिल नहीं कर सकता, जो उसकी पहली रजिस्ट्रेशन डेट से 8 साल से ज्यादा पुरानी हो। सभी ऑनबोर्डेड गाड़ियां 8 साल से नई होनी चाहिए।

### डेड माइलेज के लिए भी मिलेगा किराया

नई गाइडलाइंस के अनुसार बेस फेयर कम से कम 3 किलोमीटर के लिए तय किया जाएगा। इसका मकसद डेड माइलेज को कवर करना है। यानी वो दूरी जो ड्राइवर बिना सवारी के तय करता है या किसी सवारी को लेने के लिए यात्रा करता है। इससे ड्राइवर को बेहतर मुआवजा मिलेगा। गाइडलाइंस में यह भी साफ किया गया है कि अलग-अलग कैटेगरी या क्लास की गाड़ियों के लिए राज्य सरकार जो किराया तय करेगी, वही एग्रीगेटर का बेस फेयर माना जाएगा। राज्यों को इन नए नियमों को तीन महीने के भीतर अपनाने की सलाह दी गई है।

### कैंसिलेशन पर अब लगेगा जुर्माना

अगर ड्राइवर बिना किसी वाजिब कारण के राइड कैंसल करता है, तो उस पर कुल किराए का 10 प्रतिशत (अधिकतम 100 रु. तक) जुर्माना लगेगा। इसी तरह, अगर यात्री भी बिना किसी वाजिब वजह के राइड कैंसल करता है, तो उसी तरह का जुर्माना उस पर भी लगेगा। सरकार एक ऐसा पोर्टल विकसित करेगी जिससे एग्रीगेटर्स को लाइसेंस के लिए एक ही जगह से आवेदन करने की सुविधा मिलेगी। लाइसेंस फीस 5 लाख रुपए तय की गई है और यह पांच साल के लिए वैध रहेगा। गाइडलाइंस में यह भी कहा गया है कि एग्रीगेटर्स को अपने ड्राइवरों के लिए कम से कम 5 लाख रु. का हेल्थ इंश्योरेंस और 10 लाख रु. का टर्म इंश्योरेंस देना अनिवार्य होगा। इससे ड्राइवरों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित होगा।

सोनिया-राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

## 2000 करोड़ की कंपनी का 90 करोड़ के कर्ज के बदले किया गया अधिग्रहण

- *ईडी ने अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन का किया दावा*
- *एजेएल का अधिग्रहण कांग्रेस ने नहीं किया बल्कि यंग इंडियन ने किया*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दरअसल, ईडी ने अदालत में दावा किया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के अधिग्रहण में फर्जी लेन-देन किया गया।

असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ईडी की तरफ से अदालत में पेश हुए। एसवी राजू ने बताया कि यंग इंडियन नामक कंपनी ने एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड का अधिग्रहण किया। एजेएल की संपत्ति 2000 करोड़ रुपए है। एजेएल के अधिग्रहण के लिए ही यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड को बनाया गया था। एसवी राजू ने बताया कि एजेएल के निदेशक ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी को पत्र लिखा था, जिसमें कहा गया कि वे कर्ज चुकाने में सक्षम नहीं हैं क्योंकि अखबार का प्रकाशन बंद हो चुका है और उनके पास आय का कोई नियमित साधन नहीं है।

### यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी

नेशनल हेराल्ड की स्थापना पूर्व पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 1938 में की थी। इसे कांग्रेस का अखबार माना जाता था। साल 2008 में इसने कर्ज में फंसने के चलते काम बंद कर दिया। साल 2012 में भाजपा नेता सुब्रमण्यन स्वामी ने शिकायत दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया कि कांग्रेस नेतृत्व ने यंग इंडियन लिमिटेड कंपनी के जरिए धोखाधड़ी से एजेएल की संपत्ति का अधिग्रहण किया है। इसके बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की।

*12 प्रतिशत कर वाली कई वस्तुओं को निचले 5 प्रतिशत स्लैब में शामिल करने पर विचार*

## जीएसटी पर राहत देने की तैयारी खत्म हो सकता है 12% का स्लैब




इस बदलाव के तहत मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की ओर से व्यापक तौर पर उपयोग की जाने वाली वस्तुएं शामिल होंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस साल की शुरुआत में आयकर में कई रियायतें देने के बाद, केंद्र अब मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों को वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के रूप में बड़ी राहत देने की तैयारी कर रहा है। जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब को पूरी तरह से खत्म करने और वर्तमान में 12 प्रतिशत कर वाली कई वस्तुओं को निचले 5 प्रतिशत स्लैब में शामिल करने पर विचार कर रहा है। इस बदलाव के तहत मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की ओर से व्यापक तौर पर उपयोग की जाने वाली वस्तुएं शामिल होंगी।

### जीएसटी राजस्व लगभग 3 गुना बढ़ा

एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी के तहत 17 करों और 13 उपकरों को एकीकृत किया गया है। कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार का निर्माण हुआ है। जीएसटी के परिचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपए था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि देखी गई है। 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

## भोपाल में झड़ी, कई जिलों में भारी बारिश, कल से और बढ़ेगी



नीमच रोड में ब्राह्मणी नदी उफान पर होने से आवागमन बंद हो गया

नीमच-सिंगोली में ब्राह्मणी नदी खतरे के निशान से ऊपर निचली बस्तियों में घुसा पानी

# नीमच-कोटा हाईवे बंद, भोपाल-राजगढ़ को जोड़ने वाला रास्ता भी हो गया 'ठप'

**भोपाल और राजगढ़ बॉर्डर पर पांच महीने पहले 49 साल पुराना ब्रिज धंस गया था, वैकल्पिक रास्ता भी बंद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार रात 12 बजे से नीमच जिले के सिंगोली क्षेत्र में भारी बारिश जारी है। बारिश ने पूरे क्षेत्र को प्रभावित किया है। निचली बस्तियों में पानी भर गया है। सिंगोली-नीमच मार्ग पर यातायात पूरी तरह रुक गया है। बनाले उफान पर हैं। सिंगोली नगर की प्रमुख ब्राह्मणी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। रतनगढ़ क्षेत्र की गुंजाली नदी भी उफान पर है। मोरवन डैम का जलस्तर बढ़कर 34 फीट हो गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 से 48 घंटों तक इसी तरह की स्थिति बने रहने की संभावना जताई है।



गायत्री मंदिर पास जलमग्न सड़क

### भोपाल में 10 घंटे झड़ी लगी रही

*राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में बुधवार से बारिश की रफ्तार बढ़ गई है। सुबह से शाम तक दो दर्जन से अधिक जिलों में भारी से तेज बारिश हुई। मानसून ट्रफ प्रदेश के सीधी, शिवपुरी से गुजरने से आधे प्रदेश में बारिश बढ़ी है। भोपाल में 10 घंटे झड़ी लगी रही, जबकि शाम तक रुक रुककर बारिश का दौर जारी रहा। गुरुवार को मंदसौर, नीमच, सीधी, सतना, शहडोल, मैहर और सिंगरौली में कहीं कहीं अति भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट है। सीधी, शिवपुरी सहित कई जिलों में नदियों के पुल-पुलियों से गुजरने वाले रास्ते बंद हो गए हैं।*

## मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शक को किया खारिज और बोले

# मैं ही 5 साल तक मुख्यमंत्री बना रहूंगा, इसमें कोई संदेह नहीं

## सीएम ने किया दावा- राज्य में कांग्रेस एकजुट और चट्टान की तरह मजबूत रहेगी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच सीएम सिद्धारमैया ने संदेह दूर करते हुए कहा कि मैं पांच साल तक कर्नाटक का सीएम बना रहूंगा। इसमें किसी को संदेह नहीं होना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी एकजुट है और यह सरकार पांच साल तक चट्टान की तरह मजबूतरहेगी। रिपोर्टर्स ने जब उनसे यह सवाल किया कि क्या वह पांच साल तक सीएम बने रहेंगे? इस पर सिद्धारमैया ने कहा कि हां मैं 5साल तक सीएम रहूंगा। इसमें कोई शक नहीं। आपको संदेह क्यों है? उधर, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी कहा कि पार्टी किसी तरह का असंतोष नहीं है।



### भाजपा-जेडीएस कोई हाईकमान नहीं?

भाजपा और जेडी(एस) नेताओं द्वारा सीएम को बदले जाने के दावों पर सिद्धारमैया ने पलटवार करते हुए कहा कि क्या वे हमारे हाईकमान हैं? आर अशोक (विधानसभा में विपक्ष के नेता) भाजपा के आदमी हैं। बीवाई विजयेंद्र (राज्य भाजपा अध्यक्ष) भाजपा के आदमी हैं। चालावाड़ी नारायणस्वामी (विधान परिषद में विपक्ष के नेता) भाजपा के आदमी हैं। अगर वे ऐसी बातें कहते हैं तो क्या आप लिखेंगे? आपको पुष्टि करनी चाहिए या नहीं? सरकार की स्थिरता के बारे में झूठ फैलाने का भाजपा पर आरोप लगाते हुए सिद्धारमैया ने कहा कि कोई भी भाजपा पर विश्वास नहीं करता। वे केवल झूठ बोलते हैं। वे झूठ बोलने में माहिर हैं। वे सच बोलना नहीं जानते। भाजपा के लोग दिन में सपने देख रहे हैं।

### सत्ता शेयर के फॉर्मूले की अटकलें खत्म

राजनीतिक हलकों और खासतौर से सत्तारूढ़ कांग्रेस के अंदर सिद्धारमैया और डिप्डी सीएम डी के शिवकुमार के बीच सत्ता शेयर के फॉर्मूले का हवाला देते हुए ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि प्रदेश में मुख्यमंत्री को बदला जा सकता है। हालांकि, शिवकुमार ने मंगलवार को कहा कि नेतृत्व परिवर्तन पर कोई चर्चा नहीं हुई है और उन्होंने राज्य में सीएम सिद्धारमैया और पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी में असंतोष की बात गलत है।

### उधर, झलका उपमुख्यमंत्री शिवकुमार का दर्द

## मेरे पास क्या विकल्प है? मुझे साथ खड़ा होना होगा

पूरे पांच साल के कार्यकाल के लिए कर्नाटक का मुख्यमंत्री बने रहने के सिद्धारमैया के बयान के बाद उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बुधवार को कहा कि उन्हें इस पर कोई आपत्ति नहीं है और वह सिद्धारमैया का समर्थन करेंगे। शिवकुमार ने उनके पास कोई विकल्प नहीं होने का संकेत देते हुए कहा कि वह कांग्रेस आलाकमान के निर्देशों का पालन करेंगे। शिवकुमार ने कहा कि मेरे पास क्या विकल्प है? मुझे उनके साथ खड़ा होना है, उनका (सिद्धरमैया) समर्थन करना है। मुझे इस पर कोई आपत्ति नहीं है। पार्टी आलाकमान जो भी कहेगा और जो भी चाहेगा, उसे माना जाएगा।जब उनसे यह पूछा गया कि क्या पार्टी उनका समर्थन नहीं कर रही जबकि उनके समर्थक पार्टी के लिए उनके बलिदान का हवाला देते हुए उन्हें मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते हैं, उन्होंने कहा कि मैं इस पर कोई चर्चा नहीं करना चाहता। लाखों कार्यकर्ताओं ने इस पार्टी का समर्थन किया है। यह केवल मेरी बात नहीं है।

### 'क्रमिक मुख्यमंत्री फॉर्मूले' की पुष्टि नहीं की

सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के बीच सत्ता-साझाकरण समझौते का हवाला देते हुए इस वर्ष के अंत में मुख्यमंत्री बदले जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। मई 2023 में विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सिद्धारमैया एवं शिवकुमार के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा थी और कांग्रेस शिवकुमार को मनाने में कामयाब रही तथा उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाया गया। उस समय कुछ खबरें थीं कि 'क्रमिक मुख्यमंत्री फॉर्मूला' के आधार पर समझौता हुआ है।

---

## खबर संक्षेप

### स्थानीय निकाय अध्यक्षों को संबोधित करेंगे बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला गुरुवार को मानेसर, गुरुग्राम में इंटरनेशनल सेंटर फॉर



ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। 2 दिनी सम्मेलन में शहरीकरण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका पर चर्चा होगी।

### बंदीकुई-जयपुर एक्सप्रेसवे पर ट्रायल रन शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जयपुर से जोड़ने वाले बंदीकुई-जयपुर लिंक



एक्सप्रेसवे पर ट्रायल रन बुधवार सुबह 8 बजे से शुरू हो गया है। इस दौरान यात्रियों को 10 दिन तक टोल नहीं देना होगा। एक्सप्रेसवे के शुरू होने से अब दिल्ली से जयपुर की यात्रा सिर्फ 2.5 से 3 घंटे में पूरी की जा सकेगी।

### नाबालिग छात्र का यौन शोषण, शिक्षिका अरेस्ट

**मुंबई।** यहां के एक स्कूल की 40 वर्षीय शिक्षिका को 16 वर्षीय छात्र का बार-बार यौन शोषण करने के



आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार जानकारी दी कि अंग्रेजी भाषा की शिक्षिका नाबालिग को आलीशान होटलों में ले जाती थी, जहां उसने कथित तौर पर उसके साथ दुर्व्यवहार किया।

### भाजपा ने आम लोगों के लिए बनाया शीश महल

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने शीश महल पर आप पर निशाना साधा। शालीमार बाग में



शीश महल पार्क का उदघाटन किया। रेखा ने केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा ने आम लोगों के लिए शीश महल बनाया, जबकि पूर्व की सरकार में सीएम की अय्याशी के बनाया था।

---

## पटना में रक्षामंत्री राजनाथ का 'इंडिया गठबंधन' पर बड़ा हमला

# कांग्रेस और राजद को बस कुर्सी चाहिए, भाजपा की प्रेरणा सिर्फ राष्ट्र निर्माण और जनकल्याण



सिंह ने दोहराया कि हर वर्ग को आत्म-सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करना भाजपा की प्राथमिकताहै। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है

### हमारा उद्देश्य- नागरिकों को सम्मानजनक जीवन देना, हर वर्ग का विकास करना

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की राजधानी पटना में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और राजद पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियों का सिर्फ एक ही मकसद है, किसी भी तरह सत्ता में बने रहना। इसके विपरीत भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य हर भारतीय नागरिक को सम्मानजनक जीवन देना और ऐसी नीतियां बनाना है जिससे समाज के हर वर्ग का विकास हो सके। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि हर किसी को स्वाभिमान के साथ जीने का अधिकार मिले। उन्होंने कहा कि हम सभी मिलकर भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। राजनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई ऐसे प्रभावी कदम उठाए हैं, जिनकी पहले कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि लोग यह सोच भी नहीं सकते थे कि कोई केंद्र सरकार इतना बड़ा आर्थिक बोझ उठा सकती है।

### पीएम मोदी ने समाज के हर वर्ग के लिए काम किया



उन्होंने कहा कि अगर वे सारी योजनाओं की विस्तार से चर्चा करने लगेंगे तो बहुत लंबा समय लग जाएगा, लेकिन सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसी नीतियां बनाई हैं जिनसे समाज के हर वर्ग को फायदा मिला है। ऐसा कोई वर्ग नहीं बचा जिसके लिए सरकार ने काम न किया हो।

### सभी को जीने का अधिकार प्राथमिकता

राजनाथ ने दोहराया कि हर वर्ग को आत्म-सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार सुनिश्चित करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही है। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है और जल्द ही तीसरे स्थान पर होगी। उन्होंने कहा कि लोगों को भरोसा रखना चाहिए कि बिहार भी तेजी से आगे बढ़ेगा और विकास की इस यात्रा में पीछे नहीं रहेगा।

### राजनाथ का ऐलान

### नीतीश ही होंगे बिहार के सीएम



बिहार विधानसभा चुनाव की हलचल अब दिल्ली से पटना तक शुरू हो चुकी है। पटना पहुंचे रक्षा मंत्री सिंह ने बड़ा ऐलान किया और कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को विकसित बनाना है। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए राजनाथ ने बड़ा ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर है, हमारे मुख्यमंत्री हो या फिर डिप्टी सीएम हों इनके दामन पर कोई दाग नहीं, कोई माई का लाल ये साबित नहीं कर सकता। इस बार का चुनाव केवल विकास पर होगा। उन्होंने बता दिया है कि नीतीश कुमार ही बिहार के अगले सीएम होंगे और बिहार में एनडीए की दो तिहाई बहुमत से सरकार बनेगी।

### प्रदेश कार्यसमिति की अहम बैठक

#### कई अहम मुद्दों पर गहन मंथन किया

बिहार भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति की अहम बैठक पटना में हुई। इसमें राजनाथ मुख्य अतिथि थे। बिहार में चुनाव है उस लिहाज से भी यह बैठक काफी महत्वपूर्ण है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति तैयार करेगी। कार्यसमिति में 1,200 से अधिक प्रमुख नेता हिस्सा लिए जो पार्टी के भविष्य में अहम भूमिका निभाएंगे।

#### लालू यादव के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास

आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव पर आरोप है कि उन्होंने बाबा साहेब का अपमान किया है। भाजपा इस मुद्दे को जोर-शोर से उठा रही है। बैठक में लालू यादव के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया गया। लालू ने जन्मदिन पर आंबेडकर की तस्वीर को अपने पैरों के पास रखा था।

#### जायसवाल ने बताया लक्ष्य

बैठक का एक अन्य प्रमुख एजेंडा आगामी बिहार विधानसभा चुनाव है। इसको लेकर दिलीप जायसवाल ने कहा कि कार्यसमिति इस दौरान एक नया संदेश देगी, जो बिहार की जनता को भाजपा के विजन और विकास के एजेंडे से जोड़ेगा। हमारा लक्ष्य बिहार को विकास के पथ पर और तेजी से ले जाना है। यह बैठक हमारी रणनीति को और मजबूत करेगी। इस बैठक में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए प्रेरित करने पर भी जोर दिया जाएगा।

---

### चुनाव आयोग का अहम फैसला

## केवल पार्टी प्रमुखों से करेंगे चर्चा, अनधिकृत' से नहीं




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने विभिन्न दलों की ओर से 'अनधिकृत'व्यक्तियों द्वारा 'बार-बार और अलग-अलग'बैठक के अनुरोध किए जाने के बीच बुधवार को फैसला किया कि वह केवल राजनीतिक दलों के प्रमुखों से इस तरह के संवाद का संज्ञान लेगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। राजनीतिक दलों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करने वाले कई व्यक्ति बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर चर्चा के लिए आयोग से समय मांग रहे हैं। चुनाव आयोग ने कहा कि अब से चुनाव प्राधिकरण 'अनधिकृत व्यक्तियों'के ऐसे अनुरोधों को खारिज कर देगा। अधिकारियों ने बताया कि कांग्रेस के एक कानूनी सलाहकार ने कई राजनीतिक दलों की ओर से इस मामले को लेकर दो जुलाई को चुनाव आयोग के साथ तत्काल बैठक की मांग की। उन्होंने एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने का दावा किया और 30 जून को प्राप्त ई-मेल में 'इंडिया' गठबंधन की लगभग सभी पार्टियों का नाम लिया।

### विशेष गहन पुनरीक्षण

#### सीईसी से मिलेंगे राजद, माकपा और भाकपा (माले) के नेता

राष्ट्रीय जनता दल (राजद), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन के नेता बुधवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से मुलाकात कर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का मुद्दा उठाएंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि माकपा महासचिव एमए बेबी, भाकपा (माले) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा तथा अभय कुमार सिन्हा प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। 'इंडिया' गठबंधन के घटक दल विशेष गहन पुनरीक्षण की कवायद के विरोध में मुखर हो रहे हैं। यह बिहार में पहले ही शुरू हो चुका है और इसे असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में भी लागू किया जाना है।

#### अवैध प्रवासियों के नाम मतदाता सूची से हटेंगे

निर्वाचन आयोग ने सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण के निर्देश जारी किए हैं। आयोग ने कहा है कि उसने यह सुनिश्चित करने के लिए गहन पुनरीक्षण में अतिरिक्त कदम उठाए हैं कि अवैध प्रवासियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज न हो जाए।

---

### बंगाल भाजपा को मिला नया नेता

## समिक भट्टाचार्य का अध्यक्ष बनना तय, जल्द होगी घोषणा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य



का पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई का अगला अध्यक्ष बनना तय है। बुधवार की समय सीमा तक किसी अन्य उम्मीदवार ने इस पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया है। पार्टी नेताओं ने यह जानकारी दी।भट्टाचार्य दोपहर में निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के साथ भाजपा के सॉल्ट लेक स्थित कार्यालय पहुंचे और अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक स्वीकार किए गए। शाम 6बजे तक नामांकन पत्र वापस लिए गए और नामांकन पत्रों की छंटनी की।भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि चूंकि केवल भट्टाचार्य ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया है, इसलिए उन्हें बिना किसी मुकाबले के निर्वाचित घोषित किया जा सकता है।

### तेलंगाना फार्मा प्लांट धमाका

## मलबा हटाने का काम पूरा, नहीं ली थी अग्निशमन की एनओसी

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना में दो दिन पहले धमाके का शिकार हुए सिगाची इंडस्ट्रीज के



फार्मा प्लांट से मलबा हटाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। हादसे में जान गंवाने वालों की संख्या 36 बनी हुई है। अधिकारी ने बुधवार को बताया कि यूनिट के पास संचालन के लिए अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं थी। अभी भी यूनिट के पास कोई एनओसी नहीं है। हम अभी भी लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं। किसी भी तरह की घटना या अनहोनी की स्थिति के लिए एसडीआरएफ और हाइड्रा की एक-एक टीम स्टैंडबाय के तौर पर मौजूद है। कंपनी ने बुधवार को कहा कि उसने तेलंगाना में अपने पशम्यलारम दवा संयंत्र में हाल ही में हुए विस्फोट के बाद आग लगने की घटना में टीम के 40 सदस्यों को खो दिया। कंपनी ने जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 1-1 करोड़ की अनुग्रह राशि देने की घोषणा भी की।

## जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' की तैयारियां शुरू



**पुरी।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने पुरी जिला प्रशासन और पुलिस की मदद से बुधवार को 'हेरा पंचमी' अनुष्ठान पूरा होने के एक दिन बाद भगवान जगन्नाथ की 'बहुड़ा यात्रा' (वापसी रथयात्रा) की तैयारियां शुरू कीं। बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं को श्री गुंडिचा मंदिर में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन सुचारू रूप से हो रहे हैं। 5 जुलाई को 'बहुड़ा यात्रा' के लिए तैयारी चल रही है।

---

### प्रधानमंत्री मोदी ने एक लेख जनता के साथ किया साझा

## प्रौद्योगिकी के उपयोग से महिलाओं और बाल कल्याण में दिखा अहम 'बदलाव'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नमहिला और बाल कल्याण में बदलाव के लिए प्रौद्योगिकी के लाभ पर एक लेख साझा किया है। इस लेख में बताया गया है कि किस तरह सरकार ने महिलाओं और बाल कल्याण में बदलाव के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किए पोस्ट पर पीएम ने दी प्रतिक्रिया दी।

अन्नपूर्णा के सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अन्नपूर्णा जी ने लिखा है कि किस तरह सरकार ने महिलाओं और बाल कल्याण में बदलाव के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने डिजिटल इंडिया पहल के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूरे होने और देश के विकास पर इसके सकारात्मक प्रभाव पर अपना लिखा एक लेख साझा किया। इसके पूरे होने के उपलक्ष्य में लिंक्डइन पर कुछ विचार साझा किए कि इस पहल ने भारत के विकास पथ पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।

**शिकायत निवारण मॉड्यूल और प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा :** पोषण ट्रैकर, एक समर्पित शिकायत निवारण मॉड्यूल और प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण जैसी पहल देश भर में वास्तविक समय में, प्रभावशाली बदलाव ला रही हैं।

केनरा बैंक भारत सरकार का उपक्रम Canara Bank A Government of India Undertaking
सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

वसूली विभाग, अंचल कार्यालय
7वां तल, अंसल टॉवर, 38, नेहरू प्लेस,
नई दिल्ली–110019 फोनः 011–26292604, 26419921

ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतदद्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से ऋणी(यों) व गारंटरों को सूचित किया जाता है, कि प्रतिभूति ऋणदाताओं को बंधक/दृष्टिबंधक/प्रभारित नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति, जिस पर केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा लिया गया है, को "जहां है जैसी है", "जो है कैसी है" और जैसी भी है" के आधार पर नीचे वर्णित दिनांकों को बंधक सम्पत्ति की बिक्री आयोजित की जाएगी। **प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और 9 के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन धारा अधिनियम 2002 के अधीन**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया **https://baanknet.com/** (मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड),. (सम्पर्क नं. **8291220220**, ईमेल: **Support.BAANKNET@psballiance.com** या केनरा बैंक की वेबसाइट **www.canarabank.com** में दिए गए लिंक "ई–नीलामी" को देखें। आरक्षित मूल्य की **10%** ईएमडी राशि मैसर्स पीएसबी एलायंस प्राइवेट लिमिटेड **https://baanknet.com/** पोर्टल के ई–वॉलेट में सीधे जमा की जानी है या चालान बनाकर उक्त चालान में उल्लिखित खाता विवरण में आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से ईएमडी जमा करना है।

| क्र. सं. | शाखा का नाम / कर्जदार/गारंटर्स/बंधककर्ता का नाम एवं पता | चल/अचल संपत्ति का विवरण और कब्जे की स्थिति | कुल बकाया राशि | a. आरक्षित मूल्य (रु.) b. धरोहर राशि (रु.) c. बोली वृद्धि (रु.) d. बिक्री सूचना की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय (प्रत्येक 5 मिनट की अवधि के असीमित विस्तार के साथ) / ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | प्राधिकृत अधिकारी से पूर्व अपॉइंटमेंट लेकर सम्पत्ति का निरीक्षण किया जा सकता है और सम्पर्क व्यक्ति का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधक शाखा दिल्ली<br>1. मैसर्स योगराज इंफ्रास्ट्रक्चर लि., पंजीकृत कार्यालय और कॉर्पोरेट कार्यालयः बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057<br>2. मैसर्स योगराज इंफ्रास्ट्रक्चर लि., यूनिटः गांव चावरपाटा, तहसील तेंदूखेड़ा, जिला नरसिंहपुर, एमपी– 487330<br>3. श्री योगेंद्र सिंह (गारंटर), बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057<br>4. श्रीमती रितु सिंह (गारंटर), बी–63, (बेसमेंट), पश्चिमी मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली–110057 | 3.61 एकड भूमि साथ में खसरा नं. 226 में शेड बिल्डिंग, जोकि गाँव ग्राम चावरपाठा, तहसील – तेंदूखेड़ा, जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश–487330 में स्थित, यह सम्पत्ति **मैसर्स योगराज इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा लि.** के नाम पर है। **भौतिक कब्जे के तहत** | रु. 19,35,86,59,108.60 दिनांक 01.07.2025 तक प्लस अतिरिक्त ब्याज एवं लागत इत्यादि | a. 1,26,00,000/-<br>b. 12,60,000/-<br>c. 1,00,000/-<br>d. 02.07.2025 | 19.07.2025 पूर्वा. 11:30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे के बीच<br>18.07.2025 अपराह्न 05.00 बजे तक | दिनांक 16.07.2025 को प्रातः 11.30 बजे से अपराह्न 03.30 बजे के बीच श्री अभिषेक सिंह यादव, प्रबंधक (मो–9643226844), श्री रजनीश कुमार, सहायक महाप्रबंधक (मो–9557966005) |

दिनांकः 02.07.2025, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक






# 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर तक पहुंचेंगे बाबा के भक्त, 38 दिन चलने वाली यात्रा के मार्ग पर तैनात रहेंगे 80 हजार जवान

एजेंसी ▶▶ जम्मू

अमरनाथ यात्रा के लिए बुधवार को पहला जत्था जम्मू से रवाना हो गया। उपराज्यपाल (एलजी) मनोज सिन्हा ने भगवती नगर बेस कैंप से जत्थे को झंडी दिखाई। इस दौरान श्रद्धालु हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे लगाते रहे। आधिकारिक तौर पर यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई से होगी। वहीं, पंजाब के पठानकोट से भी यात्रियों के जत्थे को रवाना किया गया। यहां से श्रद्धालु बालटाल होकर बाबा बर्फानी की गुफा पहुंचेंगे। काफिले अलग-अलग बालटाल और पहलगाम आधार शिविरों के लिए रवाना हुए, जहां से वे गुरुवार तड़के 3,880 मीटर ऊंचे गुफा मंदिर के लिए रवाना होंगे। 38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी।

**अमरनाथ यात्रा का पहला जत्था रवाना, जम्मू में एलजी मनोज सिन्हा ने हरी झंडी दिखाई**

**अब तक 3.5 लाख श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया**

## 9 अगस्त को यात्रा का होगा समापन

यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। इस साल अब तक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। तुरंत रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। ये सेंटर रोज दो हजार श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं। भारतीय सेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और जम्मू कश्मीर पुलिस के लगभग 80 हजार जवान, अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा में तैनात किए गए हैं।

### पहलगाम रूट

इस रूट से गुफा तक पहुंचने में 3 दिन लगते हैं, लेकिन ये रास्ता आसान है। यात्रा में खड़ी चढ़ाई नहीं है। पहलगाम से पहला पड़ाव चंदनवाड़ी है। ये बेस कैंप से 16 किमी दूर है। यहां से चढ़ाई शुरू होती है। तीन किमी चढ़ाई के बाद यात्रा पिस्सू टॉप पहुंचती है। यहां से पैदल चलते हुए शाम तक यात्रा शेषनाग पहुंचती है। ये सफर करीब 9 किमी का है। अगले दिन शेषनाग से यात्री पंचतरणी जाते हैं। ये शेषनाग से करीब 14 किमी है। पंचतरणी से गुफा सिर्फ 6 किमी रह जाती है।

### बालटाल रूट

वक्त कम हो, तो बाबा अमरनाथ दर्शन के लिए बालटाल रूट से जा सकते हैं। इसमें सिर्फ 14 किमी की चढ़ाई चढ़नी होती है, लेकिन एकदम खड़ी चढ़ाई है, इसलिए बुजुर्गों को इस रास्ते पर दिक्कत होती है। इस रूट पर संकरे रास्ते और खतरनाक मोड़ हैं।

## खबर संक्षेप

### यौन सुख के लिए लड़की ने प्राइवेट पार्ट में डाली बोतल



**नई दिल्ली।** निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने बिना सर्जरी किए सिग्मॉइडोस्कोपी की मदद से युवती की आंत में फंसी मॉइस्चराइजर की बोतल निकाली। यौन जिज्ञासा के कारण 27 साल की युवती ने बोतल को निजी अंग में डाला था, जो प्राइवेट पार्ट में फंस गई। उसे निजी अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। युवती ने यौन सुख की चाह में एक बोतल प्राइवेट पार्ट में डाली थी।

### सोनम के दो मंगल सूत्र मिले, दूसरा किसने दिया?



**इंदौर।** ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने नया दावा किया है। विपिन का कहना है कि जब मेघालय पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था, तब उन्हें बताया गया कि सोनम के पास से दो मंगलसूत्र मिले हैं। इनमें से एक मंगलसूत्र वह है जो हमारे परिवार ने सोनम को शादी के समय दिया था, लेकिन दूसरा मंगलसूत्र कहां से आया, इसकी जानकारी नहीं है।

### सरकारी स्कूल में बच्चियों के साथ शोषण



**इंदौर।** खुड़ैल क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में नाबालिग छात्राओं के शोषण का मामला सामने आया है। दो शिक्षकों पर अश्लील बातें करने, मारपीट करने और छात्राओं की लैंगिक गरिमा के खिलाफ अमानवीय व्यवहार करने के आरोप हैं। ये खुलासा महिला एसडीएम नीता राठौर की जांच रिपोर्ट में हुआ है। इस मामले में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जा रही है।

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और एम्स के शोध में दावा

# कोरोना वैक्सीन और अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) और एम्स ने मिलकर एक अध्ययन किया है, जिसके आधार पर दावा किया गया है कि देश में हो रहीं अचानक मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन नहीं है। देश में 40 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले बढ़े हैं और खासकर कोरोना महामारी के बाद इनमें खासी बढ़ोतरी हुई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि कोरोना वैक्सीन सुरक्षित और प्रभावकारी है और इसके दुर्लभ ही किसी पर गंभीर परिणाम दिखे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अचानक हो रही मौतों के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें जेनेटिक्स, हमारा रहन-सहन और दिनचर्या, पहले से कोई बीमारी और कोरोना संक्रमित होने के बाद की दिक्कतें शामिल हैं।



**नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने भी अपने अध्ययन में इसकी पुष्टि की**

**आईसीएमआर और एनसीडीसी ने 18 से 45 साल के लोगों के बीच अध्ययन किया**

*केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि कोरोना वैक्सीन और युवाओं में दिल का दौरा पड़ने में कोई संबंध नहीं है।*

**अचानक हो रहीं मौतों की देश की विभिन्न एजेंसियों ने जांच की**

**देश में 40 साल से कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक के मामले बढ़े**



### कर्नाटक के सीएम के बयान पर सरकार की सफाई

दरअसल, कर्नाटक के हासन जिले में दिल का दौरा पड़ने से कई युवाओं की मौत हुई है, जिसके बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने एक बयान में दिल का दौरा पड़ने के लिए कोरोना वैक्सीन को जिम्मेदार बताया था, लेकिन केंद्र सरकार ने उनके दावे को खारिज कर दिया है। सिद्धारमैया ने कहा कि जल्दबाजी में कोरोना वैक्सीन को मंजूरी दी गई और फिर तेजी से वैक्सीन का वितरण किया गया, ऐसे में हो सकता है कि अचानक हो रही मौतों की वजह कोरोना वैक्सीन भी हो सकती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी को भी सीने में दर्द, या सांस लेने में तकलीफ की समस्या हो तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में अपना चेकअप कराएं और लक्षणों को बिल्कुल भी नजरअंदाज न करें।

### अध्ययन मई 2023 से लेकर अगस्त 2023 तक 47 क्षेत्रीय अस्पतालों और 19 राज्यों में हुआ

आईसीएमआर और एनसीडीसी ने 18 से 45 साल के लोगों के बीच अध्ययन किया। यह अध्ययन मई 2023 से लेकर अगस्त 2023 तक 47 क्षेत्रीय अस्पतालों और 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में किया गया। इस अध्ययन में उन लोगों की जांच की गई जो अक्तूबर 2021 से लेकर मार्च 2023 के बीच अचानक मौत का शिकार हुए। अध्ययन में पता चला कि इन अचानक मौतों का कोरोना वैक्सीन से संबंध नहीं है।

### जेनेटिक म्यूटेशन के चलते दिल के दौरे बढ़े

अब एम्स द्वारा भी ऐसा ही एक अध्ययन किया जा रहा है, जिसकी फंडिंग आईसीएमआर द्वारा की गई है। अध्ययन में पाया गया है कि जेनेटिक म्यूटेशन के चलते दिल का दौरा पड़ने जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। अभी अध्ययन चल रहा है और इसके पूरा होने के बाद ही रिपोर्ट सार्वजनिक की जाएगी। सरकार ने चेताया कि जो दावे किए जा रहे हैं, वे आधारहीन हैं और इनसे आम जनता का कोरोना वैक्सीन में विश्वास कमजोर होगा, जबकि कोरोना वैक्सीन की वजह से ही कोरोना महामारी के दौरान लाखों लोगों की जान बची थी।

मप्र-राजस्थान, दिल्ली सहित देश के 40 जगहों पर सीबीआई के छापे

# मान्यता के बदले रिश्वत लेने पर 3 डॉक्टरों सहित 6 लोग गिरफ्तार

**रावतपुरा मेडिकल कॉलेज को मान्यता दिलाने 55 लाख की रिश्वत**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने तीन डॉक्टरों सहित कुल छह लोगों को चिकित्सा महाविद्यालय के पक्ष में अनुकूल निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के बदले रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। रिश्वत की राशि 55 लाख रुपए है, और वह बेंगलुरु में दी गई। दरअसल, रायपुर के श्री रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज ने मान्यता के लिए मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया में आवेदन किया था। 30 जून 2025 को मेडिकल काउंसिल के 4 सदस्य डॉक्टर्स की टीम निरीक्षण के लिए कॉलेज आई थी। टीम में डॉ. मंजप्पा सीएन, डॉ. सतीश, डॉ. अशोक शेलके और डॉ. चैत्रा एमएस शामिल थे। सीबीआई के मुताबिक इन चारों डॉक्टर्स ने मैनेजमेंट के अतुल कुमार तिवारी से पॉजिटिव रिपोर्ट देने के लिए लेन-देन की बातचीत की।




### आरोपियों के वकील ने आरोपों को गलत बताया

सीबीआई की टीम ने सभी आरोपियों को बुधवार को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया। इस दौरान सीबीआई ने कोर्ट से पांच दिन की रिमांड मांगी है। वहीं, बचाव पक्ष के वकील अखिलेश सोनी ने कहा कि सीबीआई ने डॉक्टर्स पर प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की मान्यता के लिए जांच रिपोर्ट को सही बताने 55 लाख रुपए लेने का जो आरोप लगाया है, वो गलत है। डॉक्टर्स अपनी ईमानदारी से काम करने आए थे, लेकिन उन्हें अरेस्ट कर लिया गया। हवाला के माध्यम से पैसे मिलने की बात में कोई सच्चाई नहीं है।

परिजन के हाथ-पैर बांधकर कट्टा अड़ाया, सोना-चांदी और 50 लाख से ज्यादा कैश ले गए

# मुरैना में भाजपा नेता के घर एक करोड़ की डकैती

**तीन के खिलाफ केस, एक गिरफ्तार**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

मुरैना में भाजपा नेता के घर मंगलवार रात डकैत घुस आए। कट्टे अड़ाकर एक करोड़ से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर, कैश और 12 बोर की बंदूक ले गए। इस दौरान भाजपा नेता राजकुमार यादव के साथ उनकी सरपंच पत्नी मंजू यादव और दो बच्चे मौजूद थे। मामला जौरा के आलापुर गांव का है। यादव ने बताया कि मंगलवार रात करीब 1:30 बजे बदमाशों ने पहले रैकी की। फिर लोहे की सीढ़ी लगाकर घर की छत पर चढ़े। चार लोग हथियार लेकर घर में घुसे और कुछ बाहर खड़े थे। पुलिस को कॉल करने की कोशिश की तो कट्टा तान दिया। हाथ-पैर बांधकर तिजोरी की चाबी ले ली और सामान लूटकर फरार हो गए।

### गांव में जमीदार हैं राजकुमार

जून 2022 में ग्राम पंचायत से महिला सीट आरक्षण होने से राजकुमार की पत्नी मंजू यादव सरपंच बनी। उनके पति और भाजपा नेता राजकुमार यादव का एक छोटा भाई और बहन है। राजकुमार यादव आरएसएस से जुड़े हैं और भाजपा में सक्रिय रूप से युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के पद पर रहे हैं।

# हिमाचल प्रदेश में कुदरत का कहर 51 लोगों की मौत, कई हुए लापता



### बादल फटने से 500 करोड़ का नुकसान

*धर्मशाला। हिमाचल में मौसम का कहर बरपा रहा है। मंडी जिले में मंगलवार को बादल फटने से जान-माल का भारी नुकसान हुआ है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, हिमाचल प्रदेश में मूसलाधार बारिश, अचानक बाढ़ और भूस्खलन के कारण कम से कम 51 लोगों की जान चली गई है और 22 अन्य लापता हैं। गोहर, करसोग, थुनाग व धर्मपुर उपमंडल में सात स्थानों पर बादल फटने से मकान जमींदोज हो गए।*

दुर्घटना बताकर अस्पताल लेकर पहुंचा था बेटा

# पत्नी-बेटे ने किसान को पीट पीटकर मार डाला

**बेटा गिरफ्तार, मां हुई फरार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले के आमला थाना क्षेत्र के ग्राम सोनतलाई में किसान अनुनाथ कोसे (45) की मौत के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पहले जिसे सड़क हादसा बताया जा रहा था, अब वह मामला हत्या में तब्दील हो गया है। किसान की मौत एक्सीडेंट से नहीं, बल्कि उसकी पत्नी और बेटे की पिटाई से हुई थी। अभी बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। बेटा अब भी फरार है। घटना 30 जून की है। मृतक ने मरने से पहले खुद मारपीट का आरोप लगाया था। बेटा खुद पिता को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गया ताकि संदेह न हो। मृतक अनुनाथ कोसे पिता सदिया कोसे की मौत बुधवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि अनुनाथ के साथ उसके ही बेटे पंकज और पत्नी रमा बाई ने मारपीट की थी। टीआई सत्यप्रकाश सक्सेना के अनुसार, पंकज को गिरफ्तार कर लिया गया है।



ग्वालियर एसटीएफ की टीम ने किया भंडाफोड़...सरकारी नौकरी करने वाले कई लोग शक के दायरे में

# फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी पाने वाले 25 पर एफआईआर

**ऐसे 200 सरकारी लोग और संभावित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के जरिए सरकारी नौकरी पाने वाले कर्मचारियों पर बड़ा खुलासा हुआ है। इस मामले में एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर जांच की गई तो अब तक 25 ऐसे शासकीय सेवकों की पहचान हुई है, जो फर्जी जाति प्रमाण पत्र लगाकर विभिन्न विभागों में नौकरी कर रहे हैं। इनमें शिक्षक, इंजीनियर, डॉक्टर, क्लर्क, वेब डेवलपर, पुलिस कांस्टेबल, सूबेदार सहित कई पदों पर पदस्थ हैं। ये लोग अपने वास्तविक जातीय दस्तावेज छिपाकर अनुसूचित जाति का फर्जी प्रमाण पत्र बनवाकर भर्ती प्रक्रिया में शामिल हुए और चयनित हो गए थे। ये भी पता चला कि एक संगठित गिरोह फर्जी दस्तावेज तैयार करवाकर युवाओं को सरकारी सेवा में भर्ती कराता था।



### ग्वालियर से जारी हुए सबसे अधिक फर्जी प्रमाण पत्र

ग्वालियर एसटीएफ की जांच में स्पष्ट हुआ है कि इस फर्जीवाड़े में गैंग ने विभिन्न सरकारी विभागों में तैनात अमले के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा किया है। यही वजह है कि फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी लगने के साथ ही गैंग ने ज्योंकि के बाद संबंधित विभाग में वेरीफिकेशन लेटर पहुंचने पर फर्जी तरीके से वेरीफिकेशन कर प्रमाण पत्र को सही बता दिया।

### पुष्टि होने पर ही दर्ज की गई एफआईआर

दो माह पूर्व एसटीएफ डीजी पंकज कुमार श्रीवास्तव को इस फर्जीवाड़े की शिकायत मिली थी। गौरीशंकर राजपूत की इस शिकायत पर एसआईटी गठित कर 5 टीमें बनाकर जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पुष्टि होने पर एफआईआर की गई है।

**राजेश भदौरिया,**
एसपी, एसटीएफ, ग्वालियर

### सरकारी अमले की मिलीभगत

*प्रारंभिक जांच में जिन कर्मचारी व अफसरों की फर्जी प्रमाण पत्रों पर नौकरी करने की पुष्टि हुई है, वह ग्वालियर-चंबल इंदौर, शाजापुर, विदिशा, होशंगाबाद और बैतूल में राजस्व, पुलिस, मेडिकल व पीडब्ल्यूडी में पदस्थ हैं। सूची में दो आरक्षक, एक सूबेदार भी शामिल हैं। एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में ऐसे 200 लोग और हो सकते हैं। इस मामले में जल्द ही 40 से 50 लोग गिरफ्तार हो सकते हैं।*

## चिंतन

# कोरोना वैक्सीन पर चल रही चर्चाओं पर लगे तुरंत विराम

बीते तीन सालों से कोरोना के दौरान लगाई गई वैक्सीन को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इन चर्चाओं की शुरुआत हार्ट अटैक के बाद अचानक हो रही मौत के बाद शुरू हुई। देश में एक के बाद एक हार्ट अटैक से मौत के मामले सामने आ रहे थे। हद तो तब हो गई, जब कर्नाटक के हासन जिले में एक महीने के अंदर 20 से अधिक लोगों की मौत हार्ट अटैक से हो गई। इनमें अधिकतर युवा थे। हासन का प्रशासन यह समझ नहीं पा रहा कि अचानक इतनी मौतें दिल की बीमारी से क्यों हो रही हैं। इस बीच मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने हार्ट अटैक और कोविड वैक्सीन की थ्योरी पेश कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कोविड वैक्सीन पर सवाल उठाए हैं। इसके बाद तो पूरे देश में कोविड वैक्सीन को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया। इससे न केवल आम आदमी के मन में डर का माहौल पैदा हुआ बल्कि वैक्सीन को लेकर भी कई तरह के सवाल खड़े हो गए, क्योंकि देश में 220 करोड़ वैक्सीन का प्रयोग किया गया ताकि देशवासियों को सुरक्षित रखा जा सके, लेकिन वैक्सीन को लेकर भ्रम पैदा होने के पीछे एक कारण यह भी रहा कि ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने अप्रैल, 2024 में माना था कि उनकी कोविड वैक्सीन से खतरनाक साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। हालांकि ऐसा बहुत दुर्लभ मामलों में ही होगा। एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से ही भारत में सीरम इंस्टीट्यूट ने कोविशील्ड नाम से वैक्सीन बनाई थी। ब्रिटिश हाईकोर्ट में जमा किए गए दस्तावेजों में कंपनी ने माना कि उसकी कोरोना वैक्सीन से कुछ मामलों में थ्रॉम्बोसिस थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम यानी टीटीएस हो सकता है। इस बीमारी से शरीर में खून के थक्के जम जाते हैं और प्लेटलेट्स की संख्या गिर जाती है। इसके अलावा इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई एक रिसर्च के हवाले से एक रिपोर्ट लिखी। रिसर्च के मुताबिक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में हुई स्टडी में हिस्सा लेने वाले लगभग एक तिहाई लोगों में कोवैक्सिन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं। इन लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं। शोधकर्ताओं ने पाया कि टीनएजर्स, खास तौर पर किशोरियों और किसी भी एलर्जी का सामना कर रहे लोगों को कोवैक्सिन से खतरा है। इसके बाद देश में हार्ट अटैक से मौतों को वैक्सीन से जोड़ने की चर्चाएं शुरू हो गई। अब इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल ने अपनी स्टडी में पाया कि देश में हार्ट अटैक से होने वाली अचानक मौतों का कोविड वैक्सीन से कोई सीधा संबंध नहीं है। यह स्टडी 18 से 45 साल के लोगों की अचानक मौत पर आधारित है। कहा गया है कि भारत की कोविड वैक्सीन सेफ और इफेक्टिव है। इससे होने वाले गंभीर साइड इफेक्ट के मामले रेयर हैं। अचानक हुई मौतों की अन्य वजहें हो सकती हैं। इनमें जेनेटिक्स, लाइफस्टाइल, पहले से मौजूद बीमारी और कोविड के बाद के कॉम्प्लिकेशन शामिल हैं। भारत बायोटेक ने इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के सहयोग से कोवैक्सिन का निर्माण किया था। वहीं, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने ब्रिटिश कंपनी एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले से कोविशील्ड बनाई थी। अब नई रिसर्च से साफ हो गया है कि वैक्सीन को अचानक हो रही मौतों से कोई लेना-देना नहीं है। इस तरह की चर्चाओं पर तुरंत विराम लगना चाहिए। ध्यान रखना चाहिए कि ऐसी बातें आम आदमी के मन में भय पैदा करती हैं, जो किसी भी तरह से देश व समाज के लिए अच्छा नहीं है।

# ड्रॉपआउट बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ें



शिक्षा का अधिकार
राजीव भारद्वाज

2024 के परीक्षा परिणामों के अनुसार देशभर में 10वीं और 12वीं कक्षा के करीब 50 लाख छात्र अगली कक्षा में नहीं पहुंच पाए। इनमें से कोई परीक्षा में असफल हुआ, तो कोई आर्थिक या पारिवारिक वजहों से परीक्षा में शामिल ही नहीं हो सका। शिक्षा केवल किताबें पढ़ना नहीं है, यह जीवन को दिशा देने वाला सबसे बड़ा अस्त्र है। यदि हम हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ पाएं, तो न केवल उसका जीवन सुधरेगा, बल्कि देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। हर बच्चा पढ़ेगा, तभी भारत बढ़ेगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए। अब समय है कि सरकार, समाज और हम सब मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए।

जब किसी देश के लाखों बच्चे स्कूल छोड़ने पर मजबूर हो जाएं, तो यह केवल एक शैक्षणिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी होती है। भारत के सभी 66 शिक्षा बोर्ड - 2024 के परीक्षा परिणामों ने एक ऐसी ही चिंताजनक तस्वीर सामने रखी है। 10वीं और 12वीं कक्षा के करीब 50 लाख छात्र अगली कक्षा में नहीं पहुंच पाए। इनमें से कोई परीक्षा में असफल हुआ, तो कोई आर्थिक या पारिवारिक वजहों से परीक्षा में शामिल ही नहीं हो सका।

यह उन बच्चों की कहानी है जो शिक्षा से कटकर जीवन की मुख्यधारा से भी अलग हो गए। ऐसे में बड़ा सवाल है कि पढ़ाई से दूर होने वाले इन बच्चों को कैसे मुख्यधारा में जोड़ा जाए, कैसे इन बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम और बाल दुर्व्यापार और ऑनलाइन यौन शोषण जैसी समस्याओं से बचाया जाए? आखिर इस समस्या की जड़ कहां हैं, क्या है समाधान? शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के आंकड़ों के अनुसार, 10वीं कक्षा में 22.17 लाख छात्र फेल हुए और 4.43 लाख ने परीक्षा में भाग नहीं लिया। वहीं, 12वीं कक्षा में 20.16 लाख छात्र फेल हुए और 4.6 लाख परीक्षा से अनुपस्थित रहे। इसके अलावा 9 लाख से अधिक छात्रों ने रजिस्ट्रेशन के बावजूद परीक्षा में हिस्सा नहीं लिया। यानी कुल मिलाकर 50 लाख से अधिक छात्र पढ़ाई से दूर हो गए। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चे अपनी शिक्षा बीच में छोड़ने के लिए मजबूर हुए। यह सिर्फ उनका व्यक्तिगत नुकसान नहीं है, बल्कि समाज और देश के विकास के लिए एक गंभीर चुनौती है। शिक्षा से वंचित ये बच्चे न केवल अपने भविष्य से कट जाते हैं, बल्कि बाल श्रम, बाल विवाह, बाल दुर्व्यापार और बाल यौन शोषण जैसे खतरों की ओर भी धकेल दिए जाते हैं। समस्या की जड़ ड्रॉपआउट की समस्या का कारण केवल परीक्षा में असफल होना या किसी कारणवश परीक्षा छोड़ना ही नहीं है। इसकी जड़ें कहीं गहरी हैं और कारण भी अनेक हैं जैसे- आज की शिक्षा परीक्षा प्रणाली में सफलता का मानक अंकों पर आधारित है। यह दृष्टिकोण छात्रों पर मानसिक दबाव बढ़ाता है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास की कमी, तनाव और अवसाद जैसी समस्याएं जन्म लेती हैं जिससे कई बार वे इस सदमे से बाहर नहीं निकल पाते। वहीं गरीब परिवारों में बच्चों से काम करवाना या उनकी जल्दी शादी करवा देना आज भी सामान्य है। जबकि आज राज्य से लेकर केंद्र सरकार की अनेक योजनाएं हैं जो प्राइमरी शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा व कौशल विकास में सहयोग करती हैं। लेकिन अक्सर काउंसलिंग के अभाव के चलते छात्र-छात्राओं को असफलता के बाद समुचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता। वे नहीं जान पाते कि आगे क्या करें। इस तरह असमंजस की स्थिति में वे गलत रास्ते पर चल पड़ते हैं। शिक्षा से वंचित बच्चों के असामाजिक गतिविधियों में फंसने की संभावना ज्यादा रहती है। ऐसे में ड्रॉपआउट बच्चे शातिर गिरोहों, नशे और डिजिटल शोषण के शिकार बन सकते हैं।

इससे देश को कुशल मानव संसाधन का भी भारी नुकसान होता है। यदि यही ड्रॉपआउट बच्चे पढ़ाई जारी रखें तो वे अपने पैरों पर खड़े होकर देश के विकास में भागीदारी करेंगे और यदि हम उन्हें शिक्षा से जोड़ने में



विफल रहे, तो चुनौतियों से भरी हुई एक पीढ़ी को संभालना भी मुश्किल हो जाएगा।

आज के दौर में शिक्षा ही वह चाबी है जो बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त कर सकती है। सरकार ने अनेक योजनाओं के माध्यम से शिक्षा को सर्वसुलभ बनाया है, लेकिन इनकी जानकारी हर व्यक्ति तक पहुंचना भी जरूरी है। यदि 12वीं तक की शिक्षा सभी के लिए पूरी तरह मुफ्त और अनिवार्य कर दी जाए, तो आर्थिक कारणों से पढ़ाई छोड़ने की दर में भारी कमी आएगी। खासकर लड़कियों को स्कूल से जोड़ना, उन्हें बाल विवाह से बचाने का सबसे कारगर तरीका है। शिक्षा से बच्चों को न सिर्फ ज्ञान, बल्कि अपने अधिकारों के लिए खड़े होने की ताकत मिलती है। यदि जन-जागरुकता अभियानों के माध्यम से शिक्षा का महत्व समझाया जाए, तो सामाजिक सोच में बदलाव आएगा। असली बदलाव तब होगा जब समाज समझेगा कि हर लड़की को पढ़ने का अधिकार है। इसके अलावा समय-समय पर काउंसलिंग भी ड्रॉपआउट को खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। ऐसा नहीं है कि इतनी बड़ी संख्या में ड्रॉपआउट बच्चों को फिर से जोड़ने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों या शिक्षा बोर्डों की है। यह हम सबकी जिम्मेदारी है। इसमें गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शिक्षाविद मिलकर बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। ऐसे ही नागरिक समाज संगठनों में सबसे प्रमुख नाम हैं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) जो बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। जेआरसी नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है, जो अपने 250 से भी ज्यादा सहयोगी संगठनों के साथ देश के 418 जिलों में बाल श्रम, बाल विवाह, बाल दुर्व्यापार और बाल यौन शोषण के खिलाफ कार्यरत है।

जेआरसी ने देशभर में लाखों बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करा कर उन्हें शिक्षा से जोड़ा है। साथ ही, इन मुक्त कराए गए बच्चों का पुनर्वास भी कराया है। क्योंकि यदि इनकी शिक्षा व सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए तो ये बच्चे गंभीर समस्याओं के दुष्चक्र में फंस जाएंगे। यह समय है जब हमें परीक्षा में फेल हुए या पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को केवल आंकड़ों की तरह नहीं, बल्कि एक संभावनाशील मानव संसाधन के रूप में देखना चाहिए। शिक्षा केवल किताबें पढ़ना नहीं है, यह जीवन को दिशा देने वाला सबसे बड़ा अस्त्र है। यदि हम हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ पाएं, तो न केवल उसका जीवन सुधरेगा, बल्कि देश का भविष्य भी उज्ज्वल होगा। हर बच्चा पढ़ेगा, तभी भारत बढ़ेगा। यह केवल एक नारा नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय संकल्प होना चाहिए। अब समय है कि सरकार, समाज और हम सब मिलकर इस दिशा में ठोस कदम उठाएं, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। शिक्षा से वंचित ये बच्चे न केवल अपने भविष्य से बल्कि देश के विकास से भी कट जाते हैं। यह समय है जब सरकार, प्रशासन, समाज और प्रत्येक नागरिक को मिलकर एक समग्र रणनीति बनानी चाहिए। बच्चों को दोबारा शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए लचीली नीतियों, बेहतर काउंसलिंग और आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है। हमें यह समझना होगा कि शिक्षा सिर्फ स्कूल जाने तक सीमित नहीं है, यह बच्चों के जीवन को दिशा देने वाला सबसे बड़ा हथियार है।

हर बच्चा अगर पढ़ेगा, तभी देश आगे बढ़ेगा। इसलिए यह हमारा नैतिक, सामाजिक और संवैधानिक कर्तव्य है कि हम सभी मिलकर इन बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में वापस लाएं। इस समस्या से निपटने के लिए, सरकार और समाज को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। शिक्षा विभाग को सख्त निर्देश देने चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी बच्चा पढ़ाई छोड़कर घर न बैठे।

(लेखक बाल अधिकार कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ. मोनिका शर्मा



# प्लास्टिक बैग से मुक्ति आमजन का बने संकल्प

प्लास्टिक की थैलियों के इस्तेमाल की अति आज गंदगी से अटी गलियों से लेकर बरसात में जल जमाव होने तक, बहुत सी समस्याओं की वजह बन रही है। सहजता और सुविधा के लिए बिना सोचे-समझे प्लास्टिक बैग्स का उपयोग और सही ढंग से निस्तारना न करना जल, थल और वायु प्रदूषण प्रदूषण का अहम कारण है। इस मोर्चे पर लोगों को जागरूक करने ने लिए हर वर्ष 3 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस मनाया जाता है। प्लास्टिक प्रदूषण को लेकर सजगता लाने से जुड़ा यह दिन लोगों को प्लास्टिक बैग का उपयोग घटाने के लिए प्रोत्साहित करने का उद्देश्य लिए हैं। दरअसल, जल और जमीन को प्रदूषित करने वाली प्लास्टिक की थैलियां वन्यजीवों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। कभी खाने तो कभी उलझने के लिए प्लास्टिक बैग बहुत से समुद्री जीवों का दम घोंट देते हैं। यह वाकई पीड़ादायी है कि हर साल 100,000 से ज़्यादा समुद्री जीव प्लास्टिक की थैलियों के कारण मारे जाते हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि अब 100 प्रतिशत शिशु समुद्री कछुओं के पेट में प्लास्टिक होता है। यहां तक कि इन्सानों के उपभोग के लिए पकड़ी गई 3 में से 1 मछली में भी प्लास्टिक होता है। इसका अर्थ है कि यह स्थिति मानव जीवन के लिए भी बड़ा जोखिम बन रही है। चिंतनीय है कि सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियां जीवन से हर पहलू के मुसीबत साबित हो रही है। जल हो या भूमि, हर जगह प्रदूषण फैलाती हैं। बावजूद इसके इन्सानों की सुविधा के लिए इनकी खपत बढ़ती ही जा रही है। ध्यातव्य है कि हर मिनट 10 लाख से अधिक प्लास्टिक थैलियां कूड़े में फेंकी जाती हैं। कुछ समय केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा कहा गया था कि हमारे यहां हमारे प्लास्टिक का इस्तेमाल दोगुना हो गया। यही प्लास्टिक देश के गली-मुहल्लों से लेकर नदी तालाब और समुद्र तक जा पहुंचता है। एक अकेले अमेरिका में ही प्रतिवर्ष लगभग 327 बिलियन प्लास्टिक बैग समुद्र में पहुंचते हैं। धरती के हर कोने में ही पृथ्वी का जीवन आधार कहे जाने वाले महासागर प्लास्टिक से अट गए हैं। चेतावनी देती इन स्थितियों को लेकर गंभीरता से सोचना आवश्यक है। जिस दर से हर साल समुद्र को प्लास्टिक से प्रदूषित किया जा रहा है, उससे समुद्री जीवन और हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को होने वाले नुकसान की भरपाई लगभग नामुमकिन बात है। ऐसे में यह दिन लोगों को प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम करने और प्लास्टिक रिसाइकिलिंग को लेकर आमजन को जागरूक करता है। फिलहाल दुनिया भर में उपयोग किए जाने वाली प्लास्टिक थैलियों में से केवल 10 फीसदी का ही रिसाइकिलिंग किया जाता है। तकलीफदेह है कि परंपरागत जीवनशैली वाले हमारे देश में भी एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग एक आम घरेलू वस्तु बन गए हैं। उपभोक्ताओं को खरीदी गई हर वस्तु प्लास्टिक बैग्स में ही दी जाती है। ये थैलियां खरीदारी के समय सुविधाजनक तो लगती हैं पर बरसों तक नष्ट नहीं होने के चलते पर्यावरण के हर हिस्से के लिए बड़ी चिंता बनी हुई हैं। सिंगल यूज प्लास्टिक की थैलियों को तो विघटित होने में 700 साल और पूरी तरह से खराब होने में 1000 साल लगते हैं। यह कूड़ा धरती के किसी ना किसी हिस्से को प्रदूषित कर पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बनता है। प्लास्टिक की थैलियां लैंडफिल में लम्बे समय तक रह सकती हैं। ऐसे में समग्र परिवेश में कचरा जमा करने वाले प्लास्टिक बैग्स का सीमित और सूझबूझ एक साथ उपयोग करना आवश्यक है। विचारणीय है कि बार-बार उपयोग में आने वाला थैला इस मोर्चे पर मददगार बन सकता है। हमें सोचना होगा कि जमीनी जीवनशैली और जीवन से जोड़ता थैला आखिर क्यों गुम हो गया? डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग्स से मुक्ति पाने और ज्यादा से ज्यादा पर्यावरण के अनुकूल विकल्प के रूप में देखें तो बार-बार उपयोग किया जा सकने वाला थैला इंसानी जीवन और धरती दोनों को बचाने वाला साथी है। समझना मुश्किल नहीं कि मौजूदा जीवनशैली में यूज एंड थ्रो की संस्कृति की ओर झुकाव बढ़ा ही है। इस रुझान ने दुनिया के हर हिस्से में बसे लोगों में प्लास्टिक बैग्स का उपयोग बढ़ाया है। परंपरागत जीवनशैली और कम से कम चीजों को कचरा समझकर फेंकने वाले भारतीय समाज में भी यह आदत जड़ें जमा चुकी है, जबकि मूल रूप से हमारे परिवारों में पुरानी चीजों या सामानों का भी इस्तेमाल करने की रिवायत रही है। ऐसे में पृथ्वी को पॉलिथिन की गिरफ्त से मुक्त कराने में थैले के इस्तेमाल का सहज सा कदम बेहद प्रभावी साबित हो सकता है। सिंगल यूज प्लास्टिक बैग्स के इस्तेमाल में कमी लाने के लिए यह सबसे व्यावहारिक तरीका है। इसके लिए आमजन का सहयोग और सजगता सबसे जरूरी है।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# गावत संतत संभु भवानी



संकलित
**दर्शन**

शिव वो हैं, जो सब कुछ सहजता के साथ लेते हैं। शिव भक्ति का एक अर्थ यह भी है कि सब कुछ सहजता के साथ किया जाए और सब कुछ सहजता के साथ लिया जाए। व्यक्ति मुस्कुराए तो सहजता के साथ और रोये तो भी सहजता के साथ। भगवान शिव इतने सहज हैं कि देवों के देव होने के बावजूद वो नाचते भी हैं, गाते भी हैं, मुस्कुराते भी हैं। जैसे महाभारत में कृष्ण ने गीता गाई, तुलसीदास श्रीरामचरितमानस गाते हैं, वैसे ही भगवान शिव भी गाते हैं। भगवान शिव ने माथे पर वक्रचंद्र को धारण किया है। यह एक संकेत है कि तुम में चाहे कितनी ही वक्रता हो, मैं तुम्हें स्वीकार कर लूंगा। सब कुछ स्वीकार कर लेना बहुत बड़ी बात होती है। कोई कैसा भी हो, उसे स्वीकार कर लिया जाए। हम स्वीकार करने के बजाय दूसरों को सुधारने में लग जाते हैं और यह काम कभी हो नहीं पाता। इससे अकारण ही संघर्ष पैदा होता है। शिव सहज भी हैं और सबको स्वीकार भी करते हैं, साथ ही उनमें संतोष भी है। सावन के इन दिनों में शिव की भक्ति करते हुए हम उनकी तरह संतोषी बनना भी सीखें। मैं हमेशा कहता हूं कि व्यक्ति को कर्मशील होना चाहिए, प्रमादी नहीं। शास्त्रों में प्रमाद को मृत्यु बताया गया है। लेकिन शिवजी की तरह संतुलन रखना भी हमें आना चाहिए। शिव परिवार में वाहन के रूप में मोर भी है, चूहा भी है, बैल भी है और शेर भी है। सांप भी शिव के साथ रहते हैं। ये सब एक-दूसरे के शत्रु हैं, लेकिन परिवार में सब मिल-जुल कर रहते हैं। सबके बीच संतुलन बनाकर भगवान महादेव चलते हैं।

# जीवन का, जीवन बीमा



संकलित
**प्रेरणा**

दो मित्र थे, बड़े परिश्रमी और मेहनती। अपने परिश्रम से दोनों एक दिन बड़े सेठ बन गए। दोनों ने बड़ा व्यवसाय खड़ा कर लिया। पहले सेठ ने अपनी सारी संपत्ति का बीमा करवा लिया। उसने अपने मित्र को बार बार यही परामर्श दिया की वह भी अपनी संपत्ति का बीमा करवा ले। परन्तु दूसरे मित्र ने उसकी बात को अनसुना कर दिया। दुर्भाग्य से एक दिन शहर में आग लग गई। दोनों की सारी संपत्ति जल कर राख हो गई। पहले सेठ ने बीमा करवा रखा था इसलिए उसे सारी संपत्ति वापस मिल गई जबकि दूसरा मित्र निर्धन बन गया। मगर हाथ पछताने के अतिरिक्त उसके पास कोई चारा नहीं बचा था। मनुष्य का यह जन्म भी सेठ की संपत्ति के समान है। हम सभी को मालूम है की एक दिन इस शरीर को भस्म होना है मगर हम हैं की जीवन के इस अटल सत्य को जानकर भी अनसुना कर देते हैं। हम इसका कभी बीमा नहीं करवाते। न सत्कर्म करते है, न अभ्यास और वैराग्य द्वारा मोक्ष मार्ग को सिद्ध करते हैं, न योग मार्ग के पथिक बनते है, न ईश्वर का साक्षात्कार करते है। इसके विपरीत भोग, दुराचार, पाप, राग-द्वेष, ईर्ष्या, अभिमान, अहंकार, असत्य आदि के चक्कर में अपना बीमा ही करवाना भूल जाते हैं। वेद में अनेक मन्त्रों के माध्यम से जन्म-मरण और मुक्ति की पवित्र शिक्षा को कहा गया हैं- शरीररूप बंधन में आकर जीवात्मा जहां-तहां भटकता है- वेद शरीर नश्वर है इसके रहते हुए जो श्रेष्ठ कर्म किया जा सके करले अपने को संभाल के परमात्मा का स्मरण कर-वेद जीवात्मा वासनावश ऊंची-नीची योनियों में शरीर धारण करता है।

## सटाका




## आज की पाती

### वन महोत्सव, वन वीक

भारत में एक सप्ताह की वृक्षारोपण वन महोत्सव की शुरुआत 1950 में देश के तत्कालीन केंद्रीय कृषि मंत्री केएम मुंशी ने की थी। इसका एकमात्र लक्ष्य हमारे वनों को उगाने और बढ़ाने के महत्व को फैलाना और वनों की कटाई के प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करना है। इस बार 2025 के वन महोत्सव, जो कि एक जुलाई से सात जुलाई 2025 तक मनाया जा रहा है, में हमें 'एक पेड़ मां के नाम' थीम को अपनाना चाहिए और न केवल पेड़ लगाकर बल्कि उनका पालन पोषण करके धरती मां के प्रति अपना प्यार और आभार प्राप्त करें। सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है।

*– प्रतीक अग्रवाल, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# पाक में पोलियो का एक और मामला उजागर



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो वायरस का एक और मामला सामने आया है जिससे देशभर में इस साल अब तक संक्रमित मामलों की कुल संख्या बढ़कर 14 हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (एनआईएच), इस्लामाबाद की पोलियो उन्मूलन क्षेत्रीय संदर्भ प्रयोगशाला ने बताया कि नया मामला प्रांत के उत्तर वजीरिस्तान जिले से सामने आया है, जहां 19 महीने के एक बच्चे में पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। इस नए मामले के साथ ही खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो के मामलों की कुल संख्या अब आठ हो गई है। इससे पहले इस साल सिंध में चार और पंजाब तथा गिलगित-बाल्टिस्तान में एक-एक मामले की पुष्टि हुई थी। पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ दुनिया के उन दो देशों में शामिल है, जो अब भी पोलियो से मुक्त नहीं हुए हैं। वायरस को खत्म करने के वैश्विक प्रयासों के बावजूद, सुरक्षा के मुद्दों, टीके लगवाने में हिचकिचाहट और गलत सूचना जैसी चुनौतियों ने बीमारी से उबरने की प्रगति को धीमा कर दिया है। इस साल पाकिस्तान में अब तक फरवरी, अप्रैल और मई में तीन देशव्यापी पोलियो रोधी अभियान चलाए जा चुके हैं। पाकिस्तान में पोलियो उन्मूलन प्रयासों को अक्सर सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

## ऑफ बीट


# क्या बुरी खबरें परेशान करती हैं? समाचारों से कैसे जुड़ें



अगर आपको हाल के दिनों में लग रहा है कि समाचारों में नकारात्मकता कुछ ज्यादा ही बढ़ गई है, तो आप अकेले नहीं हैं। इसके बावजूद, अधिकतर लोग समाचारों से खुद को अलग नहीं कर पाते और न ही करना चाहते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि समाचारों से जुड़ाव जहां एक ओर दुनिया की घटनाओं को समझने में मदद करता है, वहीं दूसरी ओर इसका मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव भी पड़ सकता है। प्रश्न, समाचार क्यों कर रहे हैं मानसिक रूप से प्रभावित। हमारा मस्तिष्क सुरक्षा और अस्तित्व को प्राथमिकता देता है और खतरे की स्थिति में तुरंत प्रतिक्रिया करता है। बार-बार नकारात्मक समाचार देखने से यह तंत्र सक्रिय हो जाता है, जिसे 'डूम-स्क्रॉलिंग' कहा जाता है, और यह मानसिक रूप से थकान पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि असंपादित या असंवेदनशील दृश्य, विशेषकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही त्रासदी की ग्राफिक फुटेज, पारंपरिक मीडिया की तुलना में अधिक मानसिक प्रभाव डालती है। शोध बताते हैं कि नकारात्मक समाचारों की अधिकता चिंता, अनिश्चितता और असुरक्षा की भावना को बढ़ा सकती है। कुछ मामलों में, यह 'विकेरियस ट्रॉमा' का कारण भी बन सकती है, जिसमें व्यक्ति बिना प्रत्यक्ष अनुभव के ही तनाव, अरुचिकर यादों और नींद की समस्या महसूस करता है।

## ट्रेंड

### खेल नीति को मंजूरी



पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी है, जो देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देने और खेलों के माध्यम से नागरिकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक पहल है।

-जे.पी. नड्डा, प्रधानमंत्री

### आंदोलन, संघर्ष और सेवा



जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक की यात्रा में बीते पांच दशकों में जो आंदोलन, संघर्ष और सेवा का इतिहास रचा गया है, उसी की परिणति है कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बन चुकी है। इस गौरवशाली यात्रा का आधार हमारे करोड़ों कार्यकर्ता हैं।

-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### शिक्षा के प्रति अन्याय



बेसिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक विद्यालयों के एकीकरण की आड़ में स्कूलों को बंद करने वाला जो फैसला लिया गया है, वह ग़रीबों के करोड़ों बच्चों को दी जाने वाली सुगम व सस्ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था के प्रति अन्याय है।

-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### क्रिकेट का समर्थन



टेस्ट मैच के पहले दिन इंग्लैंड में होना हमेशा खुशी की बात होती है, मैदान के आस-पास की हलचल से बढ़कर कुछ नहीं होता। एक ऐसा देश जो हर मायने में टेस्ट क्रिकेट का समर्थन करता है।

-रवि शास्त्री, भारतीय क्रिकेट कमेंटेटर

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# बारिश ने बिगाड़ा किचन का बजट, सब्जियों के बढ़े तेवर

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

## टमाटर की कीमत ठेले वाले 'पाव' में बता रहे

राजधानी के हाट बाजारों और हाथ ठेलों में सब्जी 40 रुपए प्रति किलो से नीचे नहीं बिक रही है। टमाटर, करेला, फूल गोभी, बरबटी, प्याज, धनिया और अदरक के दामों में उछाल आने से रसोई का बजट गड़बड़ा गया है।

थोक सब्जी कारोबारियों के अनुसार बारिश की वजह से नदियों का जलस्तर काफी अधिक बढ़ गया है। नदियों के किनारे खेतों में लगी सब्जियां नष्ट हो गई हैं। जिस कारण सब्जियां पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रही हैं और सब्जियों के दाम रसोई का बजट बिगाड़ रहे हैं। करोंद स्थित थोक सब्जी मंडी के टमाटर विक्रेता राजेंद्र सैनी ने बताया कि टमाटर के भाव में कमी आई है,लेकिन सब्जियों के तेवर चढ़ गए है।

**मंडी में पर्याप्त मात्रा में नहीं आ रही**



### पूरी मंडी में करीब 40 पिकअप सब्जियों की आवक

*सब्जी विक्रेता मो.वसीम और मो. सलीम के अनुसार मंडी में सब्जियों की आवक घटकर आधी हो गई है। पूरी मंडी में करीब 40 पिकअप सब्जियों की आवक है। कम आवक के चलते सब्जियों के दाम में बढ़े हुए है। राजेंद्र सैनी के अनुसार में स्थानीय थोक सब्जी मंडी में भिंडी के थोक भाव 25 से 30 रुपए किलो है जबकि ककड़ी 20 रुपए, पत्ता गोभी 25 रुपए, करेला 30 रुपए, बरबटी 30 रुपए, मिर्ची 40 रुपए, लौकी 15 से 16 रुपए, फूलगोभी 40 रुपए, गिलकी 30 रुपए, बैगन 20 से 30 रुपए और कद्दू 12 से 15 रुपए किलो के भाव बिक रहा है, लेकिन हाट बाजारों के अलावा अन्य खुदरा सब्जी विक्रेता सब्जियों दोगुने दाम पर सब्जियों की बिक्री कर रहे हैं। कारोबारियों के अनुसार मंडी में गोभी का थोक रेट 40 रुपए प्रति किलो है। बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में सब्जियों के आवक कम रहेगी। अतः सब्जियों की कीमत बढ़ी रहेगी।*

सीआईआई का स्तर 363 था, जिसे अब बढ़ाकर 376 कर दिया गया

# अब संपत्ति बेचने पर होगा अधिक मुनाफा सरकार के फैसले के बाद देना होगा कम टैक्स

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने उन करदाताओं को बड़ी राहत दी है जो दीर्घकालिक निवेश जैसे जमीन, मकान या शेयर को बेचने की योजना बना रहे हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष बोर्ड (सीबीडीटी) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) को बढ़ाकर 376 कर दिया है। इससे लंबी अवधि की संपत्तियों की बिक्री पर करदाता अब पहले से अधिक टैक्स राहत का लाभ उठा सकेंगे। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई का स्तर 363 था, जिसे अब बढ़ाकर 376 कर दिया गया है।

यह पिछले साल के 363 से अधिक है। इसका मतलब है कि आपने कोई प्रॉपर्टी या दूसरे एसेट्स काफी पहले खरीदे हैं और आज उसे बेचते हैं, तो उसकी खरीद की कीमत पहले से ज्यादा मानी जाएगी। क्योंकि महंगाई के कारण उसकी कीमत अपने आप बढ़ जाती है। इस महंगाई का असर निकालने के लिए ही कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स लाया गया था।

## सेलर्स पर टैक्स का बोझ होगा कम

सीआईआई महंगाई को ध्यान में रखते हुए किसी एसेट के खरीद मूल्य को समायोजित करने में मदद करता है। यह समायोजन कर योग्य कैपिटल गेन को कम करता है। यह कर योग्य कैपिटल गेन सेल प्राइस और इनफ्लेशन एडजस्टेड परचेज प्राइस का अंतर होता है। सीआईआई के अधिक रहने से सेलर्स पर टैक्स का बोझ कम होता है। संशोधित कॉस्ट इन्फ्लेशन इंडेक्स वित्त वर्ष 2026 और असेसमेंट ईयर 2026-27 के लिए लागू होगा। जब टैक्सपेयर वित्त वर्ष 2026 में हुई कमाई के लिए टैक्स रिटर्न फाइल करेंगे, तब उनको इसका फायदा होगा। सरकार के टैक्स सरलीकरण प्रयासों के तहत, वित्त अधिनियम 2024 में कैपिटल गेन टैक्स के लिए नए नियम लाये गए थे। अपडेटेड नियमों के तहत, इंडेक्सेशन का फायदा मुख्य रूप से 23 जुलाई 2024 से पहले बेचे गए एसेट्स पर ही मिलेगा। इस तारीख के बाद की गई बिक्री के लिए भी निवासी व्यक्ति और एचयूएफ इंडेक्सेशन बेनिफिट्स का क्लेम कर सकते हैं- बशर्ते एसेट्स 23 जुलाई 2024 से पहले खरीदे गए हों।

## खबर संक्षेप

### करूर वैश्य बैंक और क्षेमा इंश्योरेंस में गठजोड़

**नई दिल्ली।** करूर वैश्य बैंक और क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने आज एक महत्वपूर्ण बैंकाश्योरेंस गठबंधन की घोषणा करते हुए भारत के ग्रामीण और कृषि-केंद्रित समुदायों के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए दोहरे लाभ वाले बीमा उत्पादक्षेमा किसान साथी की पेशकश की। यह गठबंधन ग्रामीण और अर्ध-शहरी बैंकिंग के क्षेत्र में केवीबी की मजबूत पकड़ और क्षेमा के उत्कृष्ट तकनिक से संचालित बीमा योजनाओ को जोड़ता है ।

### हैप्पी स्क्वेयर आउटसोर्सिंग का आईपीओ आज

**नई दिल्ली।** हैप्पी स्क्वेयर आउटसोर्सिंग सर्विसेज लिमिटेड जिसका मुख्यालय मध्य प्रदेश के जबलपुर में है ने 3 जुलाई 2025 को अपने आईपीओ की घोषणा की है। 24.24 करोड़ रुपए की राशि जुटाने के उद्देश्य से ये शेयर एनएसई एमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे।

### एसआरएम इंस्टीट्यूट और डसॉल्ट में समझौता

**नई दिल्ली।** अग्रणी इंजीनियरिंग संस्थानों में से एक एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, तिरुचिरापल्ली और डसॉल्ट सिस्टम्स ने एक सहयोगी पारिस्थिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह तंत्र इंजीनियरिंग नवप्रवर्तन को बढ़ावा देगा। कौशल विकास करेगा। स्टार्टअप इनक्यूबेशन करेगा और स्थानीय अनुसंधान को बढ़ावा देगा।

मप्र-छग में सबसे ज्यादा एफडब्ल्यूए ग्राहक रिलायंस जियो के पास

# जियो ने मई में सबसे ज्यादा 4.2 लाख मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहक जोड़ेः ट्राई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अमेरिका की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी टी-मोबाइल को पीछे छोड़ कर दुनिया की सबसे बड़ी फिक्सड वायरलेस एक्सेस सर्विस प्रोवाइडर कंपनी बनने की राह पर रिलायंस जियो ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ टेलीकॉम सर्किल में सबसे ज्यादा मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहक जोड़े है। टेलीकॉम रेगुलेट्री अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की मई 2025 की रिपोर्ट में एक बार फिर जियो ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों को जोड़ा है। मई 2025 में रिलायंस जियो से 4.2 लाख मोबाइल ग्राहक जुड़े है। वहीं, जियो फाइबर और एफडब्ल्यूए जियो एयर फाइबर ब्रॉडबैंड सर्विस को 54 हजार से ज्यादा ग्राहकों ने अपनाया है। जबकि समान अवधि में एयरटेल के 8 हजार मोबाइल ग्राहक बढ़े] लेकिन बीएसएनएल के 37 हजार और सबसे ज्यादा वाडाफोन-आईडिया के 56 हजार ज्यादा मोबाइल ग्राहक घटे है।




**जियो के मोबाइल ग्राहक 4.6 करोड़ और ब्रॉडबैंड ग्राहक 13.9 लाख से अधिक**

ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में सभी टेलीकॉम कंपनियों के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 8.1 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। वहीं फिक्सड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए ) और वायरलेस एक्सेस ब्राडबैंड उपभोक्ता 24.9 लाख से ज्यादा है। इसमें जियो की मोबाइल ग्राहक 4.6 करोड़ और ब्रॉडबैंड ग्राहक 13.9 लाख से कहीं अधिक है। साथ ही मार्केट शेयर पर गौर करें तो मोबाइल उपभोक्ता में बाजार हिस्सेदारी 56.7 फिसदी और ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदाता में मार्केट शेयर 56.1 प्रतिशत है।

### मप्र-छग के सभी 88 जिलों में उपलब्ध

*फिक्सड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) को सरल शब्दों में समझे तो घरों व दफ्तरों में उपलब्ध वाई-फाई सर्विस को एफडब्ल्यूए यानी फिक्सड वायरलेस एक्सेस सर्विस कहा जाता है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटिस की हालिया रिपोर्ट में बताया कि रिलायंस जियो के पास जून 2025 तक दुनिया के सबसे अधिक एफडब्ल्यूए ग्राहक होने की संभावना है। वर्तमान में मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल की सबसे बड़ी एफडब्ल्यूए यानी फिक्सड वायरलेस एक्सेस सर्विस प्रोवाइडर कंपनी रिलायंस जियो है। जियो के पास मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में मौजूद कुल 5जी क्षमता का 70 फीसदी से ज्यादा हिस्सा है। जो कि दोनों प्रदेश के सभी 88 जिलों में उपलब्ध है। रिलायंस जियो की उन्नत स्टैंडअलोन ट्रू5जी सेवा की पहुंच दोनों राज्यों के शहरी क्षेत्र के साथ गांव-गांव तक है। इसी वजह से उद्यमियों के साथ सुदूर इलाके में रहने वाले ग्रामीण उपभोक्ता की ब्रॉडबैंड सेवा के लिए पहली पसंद रिलायंस जियो की फाइबर और एयर फाइबर सर्विस है।*

साइबर धोखाधड़ी से ग्राहकों को बचाने वाले सम्मानित

# भारतीय स्टेट बैंक ने किया 219 वर्षों की अद्भुत यात्रा को रेखांकित : चंद्रशेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भारतीय स्टेट बैंक ने अपने 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर भोपाल स्थित प्रशासनिक अकादमी में एक भव्य और भावनात्मक सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि एवं वृत्त प्रमुख चंद्रशेखर शर्मा (उप प्रबंध निदेशक) के साथ-साथ महाप्रबंधक कुंदन ज्योति एवं महाप्रबंधक ओंकारनाथ चौधरी, वरिष्ठ अधिकारीगण, एवं सेवानिवृत्त अधिकारीगण भी सम्मिलित हुए। इसके पश्चात वृत्त प्रमुख द्वारा स्वागत भाषण दिया गया, जिसमें उन्होंने एसबीआई की 219 वर्षों की अद्भुत यात्रा को रेखांकित किया। तत्पश्चात बैंक की विरासत पर आधारित एक वीडियो प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को गर्व और गौरव से भर दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की एक पंक्तिबद्ध झलकः लेडीज़ क्लब द्वारा नृत्य, पल्लवी का एकल गायन, सचिन लुगुन की कविता, अंशुल माथुर का गीत एवं रेणुका एवं टीम का समूह नृत्य– सभी ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के विशेष अवसर पर डॉ. संजय कुमार शर्मा का सम्मान किया गया। साथ ही बैंक स्टाफ जिनिता साहू (सहायक) को साइबर धोखाधड़ी से ग्राहकों को बचाने के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी (डीजीएम एवं सीडीओ) मनीष मठपाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इसके पश्चात रात्रिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने आत्मीयता और उल्लासपूर्वक भाग लिया।

# वॉलमार्ट वृद्धि ने प्रदेश सरकार के साथ किया एमओयू साईन




**जबलपुर।** वॉलमार्ट वृद्धि ने अपने प्रोग्राम पार्टनर आइडियाज टु इम्पैक्ट फाउंडेशन के माध्यम से मध्य प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया है। गत दिवस रतलाम, मध्य प्रदेश में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड एम्प्लॉयमेंट (राइज) कॉन्क्लेव के दौरान एमओयू को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई। इस समझौते के तहत अगले तीन साल तक इच्छुक एवं चुनिंदा एमएसएमई को वॉलमार्ट वृद्धि के माध्यम से निशुल्क ट्रेनिंग सपोर्ट प्रदान करते हुए राज्य के एमएसएमई इकोसिस्टम को मजबूत किया जाएगा। इस मौके पर वॉलमार्ट इंटरनेशनल के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ऑफ सप्लायर डेवलपमेंट, सोर्सिंग जेसन फ्रेमस्टैड मौजूद रहे।

शहरी विकास के रोडमैप पर क्रेडाई ने कहा

# ऑनलाइन टैक्स जमा करने की व्यवस्था सुनिश्चित हो, भूखंड बंधक नियम हटाएं


वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



राजधानी शहर विकास के उद्देश्य से नगरीय प्रशासन विभाग कार्यालय में एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इसमें शहरी विकास के रोडमैप के अहम मुद्दों पर चर्चा की गई।

इस मौके पर भोपाल क्रेडाई के अध्यक्ष मनोज मीक ने 'कमाल का भोपाल' अभियान के क्रियान्वयन और रियल एस्टेट सेक्टर से जुड़े जमीनी मुद्दों पर नगरीय विकास के अतिरिक्त मुख्य सचिव से चर्चा की। इसमें एआई लाइटहाउस , लॉजिस्टिक्स और रियल एस्टेट ( सुधारों पर भी ठोस विचार-विमर्श किया गया। इस दरमियान क्रेडाई प्रतिनिधि मंडल ने अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय शुक्ला को प्रमुख सुझाव का ज्ञापन भी सौंपा।

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि

**मीन** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# स्कोडा ने दर्ज की अब तक की सबसे बड़ी छमाही बिक्री




**जबलपुर।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने भारत में अपने 25 साल के सफर में अब तक की सबसे ज्यादा छमाही बिक्री दर्ज की है। कंपनी ने 2025 की पहली छमाही में 36,194 से अधिक गाड़ियाँ बेचने का नया रिकॉर्ड बनाया है। स्कोडा इस साल भारत में अपनी 25वीं और दुनिया भर में 130वीं वर्षगाँठ मना रहा है और तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इस उपलब्धि के बारे में स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा, "हमारी ऐतिहासिक अर्धवार्षिक बिक्री दिखाती है कि भारत में ग्राहकों ने स्कोडा के प्रोडक्ट्स एवं सेवाओं को मजबूती से अपनाया है। हमारे ग्राहक हर दिन अपने आसपास की दुनिया को एक्स्प्लोर करना पसंद करते हैं।

# बीईएमएल ने किया एयरोस्पेस एसईजेड सुविधा का उद्घाटन

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरू


वैश्विक एयरोस्पेस हब के रूप में बेंगलुरू को स्थापित करने की दिशा में बीईएमएल लिमिटेड ने कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) एयरोस्पेस विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड), बेंगलुरू में 0.12 एकड़ में फैली अपनी नवनिर्मित अत्याधुनिक वेयरहाउसिंग सुविधा का उद्घाटन किया। इस सुविधा का उद्घाटन बीईएमएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शांतनु रॉय ने बीईएमएल के कार्यकारी निदेशकों, वरिष्ठ अधिकारियों और केआईएडीबी के गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया। बीईएमएल के सीएमडी शांतनु रॉय ने कहाकि इस वेयरहाउसिंग सुविधा का उद्घाटन भारत के एयरोस्पेस और रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में एक प्रमुख प्रवर्तक बनने की बीईएमएल की यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह केवल बुनियादी ढाँचा नहीं है - यह उन्नत विनिर्माण, एमआरओ सेवाओं और अंतर्राष्ट्रीय ओईएम मानकों के साथ संरेखित वैश्विक निर्यात में भविष्य की क्षमताओं के लिए एक रणनीतिक आधार है।

### क्रायोजेनिक ओजीएस का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** क्रायोजेनिक ओजीएस लिमिटेड एक व्यापक समाधान प्रदाता है, जो डिजाइन, प्रक्रिया इंजीनियरिंग, विनिर्माण और असेंबली में एंड-टू-एंड सेवाएं प्रदान करता है। कंपनी भारत भर में तेल और गैस टर्मिनल ऑटोमेशन परियोजनाओं के लिए बास्केट स्ट्रेनर, एयर एलिमिनेटर, ट्रक और वैगन लोडिंग स्किड जैसे महत्वपूर्ण उत्पादों की आपूर्ति करती है। कंपनी प्रमुख उद्योग खिलाड़ियों को सेवाएं देती है।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## शब्द पहेली - 5916



**बाएँ से दाए-**
1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

**ऊपर से नीचे**
1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -5915 का हल



## सूडोकू नवताल - 5926

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल - 5925 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |



वैसे तो शाई ब्लैडर सिंड्रोम शरीर से जुड़ी कोई गंभीर समस्या नहीं है। लेकिन इस मानसिक समस्या की वजह से व्यक्ति को कई तरह की व्यावहारिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे उसका सोशल बिहेवियर भी प्रभावित होता है। इसके कारण, लक्षण और उपचार के बारे में जानिए।

## शारीरिक नहीं मानसिक समस्या है
# शाई ब्लैडर सिंड्रोम



**हेल्थ सजेशन**
**शिखर चंद जैन**

समीर समझ नहीं पा रहा था कि आखिर मोना इतनी परेशान क्यों है? इतने अच्छे म्यूजिक कंसर्ट को बीच में ही छोड़कर घर क्यों जाना चाहती है, जबकि उन्होंने काफी महंगे टिकट खरीदे थे। प्रोग्राम को छोड़कर उसे मोना के साथ घर आना पड़ा। घर आने पर पता चला कि मोना को यूरीनेशन के लिए जाना था। समीर को यह बात बहुत अजीब लगी कि ऑडिटोरियम में साफ-सुथरे वाशरूम होने के बावजूद मोना को पेशाब करने के लिए घर क्यों आना पड़ा? दरअसल, मोना पब्लिक वाशरूम का इस्तेमाल कर ही नहीं सकती। इसकी वजह यह है कि वह शाई ब्लैडर सिंड्रोम से पीड़ित है।

### क्या है शाई ब्लैडर सिंड्रोम

शाई ब्लैडर सिंड्रोम को मेडिकल भाषा में पैरुरेसिस कहा जाता है। एक ऐसी स्थिति है, जिसमें व्यक्ति को सार्वजनिक स्थानों पर या दूसरों की उपस्थिति में यूरीन करने में कठिनाई होती है। यह एक प्रकार की सोशल एंग्जाइटी डिसऑर्डर है, जो यूरेथ्रा को नियंत्रित करने वाली मांसपेशियों को प्रभावित करता है। इस स्थिति में किसी व्यक्ति को यूरीन करते वक्त कोई सुन या देख रहा हो तो उसे डर या शर्मिंदगी महसूस होती है। इससे वह सार्वजनिक स्थानों पर यूरीन करने में असमर्थ हो जाता है। आम तौर पर पैरुरेसिस का अनुभव कुछ लोगों को पब्लिक प्लेस पर होता है। जैसे पब्लिक यूरिनल में एक आदमी अन्य पुरुषों के बगल में होने पर यूरीन करने में परेशानी महसूस करता है। गंभीर मामलों में, पैरुरेसिस से पीड़ित व्यक्ति केवल अपने घर पर अकेले होने पर ही यूरीन कर पाता है। इस स्थिति को 'एवॉइडेंट पैरुरेसिस', 'साइकोजेनिक यूरिनरी रिटेंशन' और 'यूरीनेशन-फोबिया' के रूप में जाना जाता है।

### मन से जुड़ी समस्या

पैरुरेसिस एक शारीरिक रोग नहीं है क्योंकि ऐसी समस्या से ग्रस्त व्यक्ति के मूत्रतंत्र में कोई भी गड़बड़ी नहीं होती है। पेशाब करने की चिंता



व्यक्ति के तंत्रिका तंत्र को अत्यधिक उत्तेजित करती है और स्फिंक्टर को बंद कर देती है, जिससे यूरीन सुगमता से नहीं हो पाता। पेशाब न करने से व्यक्ति की चिंता बढ़ जाती है, खासकर अगर यूरीन का प्रेशर अधिक हो।

### पैरुरेसिस के लक्षण

गंभीर पैरुरेसिस के संकेत और लक्षण निम्नलिखित हो सकते हैं:

**चिंता और तनाव:** पेशाब करने की कोशिश करते समय अत्यधिक घबराहट या तनाव महसूस करना।

**लंबा इंतजार:** पेशाब शुरू करने में देरी होना या बिल्कुल न हो पाना।

**निजी स्थान की जरूरत:** व्यक्ति केवल तभी पेशाब कर पाता है, जब उसे पूरी तरह से निजता मिले, जैसे कि घर पर।

**शारीरिक लक्षण:** पसीना आना, दिल की धड़कन तेज होना, या मांसपेशियों में तनाव महसूस करना।

**पूर्ण एकांत की आवश्यकता:** अन्य लोगों द्वारा मूत्र के शौचालय से पानी की आवाज सुनने का डर या अन्य लोगों द्वारा मूत्र की गंध सूंघने का भय। अन्य लोगों के घरों में पेशाब करने में असमर्थता। यदि कोई शौचालय के बाहर इंतजार कर रहा हो तो घर पर पेशाब करने में असमर्थता।

**अनावश्यक चिंता:** शौचालय जाने की आवश्यकता को लेकर चिंतित महसूस करना। पेशाब न जाना पड़े इसके लिए जरूरत के अनुसार पेय पदार्थ न पीना। यात्रा और सामाजिक आयोजनों से बचना।

### समस्या के कारण

इस सिंड्रोम के कई संभावित कारण हो सकते हैं। जैसे-सामाजिक परिस्थितियों में असहज महसूस करना, बचपन में शौचालय से संबंधित कोई शर्मनाक अनुभव, जैसे कि स्कूल में सहपाठियों द्वारा मजाक उड़ाना। आत्मविश्वास की कमी, शर्मिंदगी का डर या कुछ मामलों में मूत्राशय की मांसपेशियों का तनाव या तंत्रिका तंत्र की समस्या भी इसका कारण हो सकता है।

### समस्या के साइड इफेक्ट्स

यह स्थिति व्यक्ति के दैनिक जीवन पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। सामाजिक जीवन में बाधा आती है। व्यक्ति सार्वजनिक स्थानों, यात्रा या सामाजिक समारोहों से बचने लगता है। कार्यस्थल पर समस्याएं होती हैं। ऑफिस में लंबे समय तक शौचालय का उपयोग न कर पाने के कारण असहजता महसूस होती है। इससे सामाजिक जीवन के साथ-साथ पेशेवर जीवन भी बाधित होता है।

### निदान के तरीके

उपचार में निम्नलिखित तरीके शामिल हो सकते हैं-

**रिलैक्स टेकनीक:** चिंता को कम करने में मदद करने के लिए विभिन्न रणनीतियों को सीखना।

**मनोचिकित्सा:** गंभीर मामलों में, मनोवैज्ञानिक से मिलना मददगार हो सकता है। डॉक्टर ट्रैंक्विलाइजर या एंटीडिप्रेसेंट जैसी दवाओं के अल्पकालिक उपयोग का सुझाव दे सकते हैं।

**कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी:** आपके सोचने और व्यवहार करने के तरीके को थेरेपी से बदलने की कोशिश की जाती है।

**ग्रेजुएटेड एक्सपोजर थेरेपी:** एक योजनाबद्ध कार्यक्रम जिसमें जानबूझकर अधिक से अधिक कठिन स्थानों पर यूरीन करने की कोशिश करना शामिल है। इससे व्यक्ति पब्लिक प्लेस पर यूरीन करने में सामान्य महसूस करने लगता है। *

**(मनोचिकित्सक डॉ. संजय गर्ग और मनोविज्ञानी डॉ. रूपा तालुकदार से बातचीत पर आधारित)**

---

मेटाबॉलिक डिसऑर्डर वास्तव में कोई एक रोग नहीं है बल्कि कई रोगों की वजह हो सकता है। इसके लक्षणों को इग्नोर करना सीरियस कंडीशन को उत्पन्न कर सकता है। ऐसे में इसके कारण, लक्षण और बचाव के बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

## कई हेल्थ प्रॉब्लम्स की वजह
# मेटाबॉलिक डिसऑर्डर



**एडवाइस**
**डॉ. मोनिका शर्मा**

आज के दौर में जिस तरह की जीवनशैली हम लोग जी रहे हैं, उस वजह से हर आयुवर्ग के लोगों को स्वास्थ्य समस्याएं घेर रही हैं। मन-मस्तिष्क और शरीर को बीमार बनाने वाली बहुत सी व्याधियां इनमें शामिल हैं। ऐसे में कई बीमारियों की जड़ बन कर सेहत बिगाड़ने वाली समस्या मेटाबॉलिक डिसऑर्डर को लेकर सोचना आवश्यक है। मेटाबॉलिक डिसऑर्डर बहुत सी बीमारियों को पैदा करने वाला स्वास्थ्य विकार है। मेटाबॉलिक डिसऑर्डर से भोजन को ऊर्जा में बदलने वाली शरीर की सभी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं प्रभावित होती हैं। इसी प्रक्रिया से शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी चीजों का उत्पादन होता है। यही वजह है कि मेटाबॉलिक डिसऑर्डर की सेहत सुधारने या बिगाड़ने में बड़ी भूमिका होती है।

### क्या है मेटाबॉलिक डिसऑर्डर

मेटाबॉलिक डिसऑर्डर से जुड़ी समस्याएं बहुत सी वजहों से हो सकती हैं। आनुवंशिक,



अस्वास्थ्यकर आहार और असंतुलित जीवनशैली इसके अहम कारण हैं। इतना ही नहीं मेटाबॉलिक डिसऑर्डर, आमतौर पर शरीर के कई भागों पर दुष्प्रभाव डालते हैं। इसके लक्षण अलग-अलग हो सकते हैं। किसी मामले में स्थिति बेहद गंभीर भी हो सकती है।

### हो सकती हैं कई समस्याएं

समझना आवश्यक है कि ग्लूकोज मेटाबॉलिक डिसऑर्डर की समस्या, शरीर में ग्लूकोज के चयापचय को प्रभावित कर टाइप-2 मधुमेह के रिस्क को बढ़ाता है तो मेटाबॉलिक डिसऑर्डर का एक ग्रुप, हृदय रोग, स्ट्रोक के रिस्क को बढ़ाता है। इससे उच्च रक्तचाप, मोटापा विशेषकर कमर के आस-पास ओबेसिटी बढ़ना और उच्च कोलेस्ट्रॉल या ट्राइग्लिसराइड के स्तर से जुड़ी समस्याएं बढ़ती हैं। वहीं एसिड-बेस असंतुलन की स्थिति शरीर में एसिड और बेस के स्तर में असंतुलन पैदा करती है। मैलाब्जॉर्प्शन डिसऑर्डर की स्थिति (इस मेडिकल कंडीशन में डाइजेस्टिव सिस्टम के पार्ट इंटेस्टाइन में भोजन पचने के बाद उसमें मौजूद पोषक तत्वों का अवशोषण सही ढंग से नहीं हो पाता है) शरीर में पोषक तत्वों के अवशोषण में बाधा बनती है। आनुवंशिक विकार के रूप में इस व्याधि से शरीर के विशिष्ट मेटाबॉलिक पाथ वेज प्रभावित होते हैं।

### बढ़ रही है यह समस्या

हाल के वर्षों में भारत में मेटाबॉलिक डिसऑर्डर सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ी बड़ी चिंता बन गया है। वयस्क आबादी में लगभग 30 प्रतिशत लोग इसके शिकार हैं। पुरुषों से ज्यादा महिलाएं इस समस्या से जूझ रही हैं। वहीं अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन का अनुमान है कि यह विकार जल्द ही हृदय रोग के लिए जोखिम का अहम कारक बन जाएगा। 5 साल पहले के आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक स्तर पर 3 प्रतिशत बच्चे और 5 प्रतिशत किशोर इसका शिकार थे। समझना मुश्किल नहीं कि साल-दर-साल बिगड़ती जीवनशैली, खान-पान की अस्वस्थ आदतों और शारीरिक निष्क्रियता इस समस्या को और बढ़ा ही रही है।

### सजगता से करें बचाव

मेटाबॉलिक डिसऑर्डर संबंधी लक्षणों को समझ कर बचाव और इलाज की राह चुनना आवश्यक है। शरीर के कार्यों के अनगिनत पहलुओं पर प्रभावित करने वाली इस समस्या के सिमटंप्स अलग-अलग हो सकते हैं। लक्षण हल्के भी हो सकते हैं और सीरियस भी। कुछ सामान्य लक्षणों में थकान, मांसपेशियों में कमजोरी बहुत ज्यादा वजन बढ़ना या कम होना, पेट में दर्द, स्किन के रंग में बदलाव और भूख न लगना आदि शामिल हैं। ऐसे में अपनी जीवनशैली के साथ ही खान-पान के प्रति सजगता बरतना आवश्यक है। मेटाबॉलिक डिसऑर्डर से बचाव और ट्रीटमेंट के लिए डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। साथ ही ब्लड, यूरिन और दूसरी कई जांचें, खान-पान में बदलाव, संतुलित जीवनशैली और सही दवाओं के माध्यम से इस स्थिति के बाहर निकला जा सकता है। लेकिन देरी या अनदेखी करने पर



मेटाबॉलिक डिसऑर्डर के कारण स्वास्थ्य समस्याएं और बढ़ सकती हैं। इसलिए समझदारी इसी में है कि यहां बताए गए लक्षणों पर नजर रखें और डॉक्टर से सलाह लेने में देर न करें। *

---

**मेडिकल इश्यू**

हाल में ही यह खबर आई कि फिल्म एक्टर सलमान खान को ब्रेन संबंधी 3 गंभीर समस्याएं हैं। इन रोगों के बारे में विस्तार से बता रहे हैं श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में डायरेक्टर-न्यूरोलॉजी, डॉ. राजुल अग्रवाल।

# ब्रेन रिलेटेड प्रॉब्लम्स से ग्रसित हैं सलमान खान

हाल ही में अभिनेता सलमान खान ने एक शो के दौरान ब्रेन एन्यूरिज्म, आर्टेरियोवेनस मालफॉर्मेशन (एवीएम) और ट्राइजेमिनल न्यूरॉल्जिया, तीन गंभीर न्यूरोलॉजिकल बीमारियों का जिक्र किया। इनके बारे में आप सभी को भी जानना जरूरी है, ताकि शुरुआती लक्षण पहचानकर समय रहते इलाज लिया जा सके।

**ब्रेन एन्यूरिज्म:** इस रोग में दिमाग की रक्तनलिका की दीवार कमजोर होने से वहां उभार या बैलून-सा बन जाता है। अगर यह फट जाए तो दिमाग में खून बहने लगता है, जिससे स्ट्रोक या जान का खतरा होता है। कारणों में पारिवारिक इतिहास, बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर, धूम्रपान, बढ़ती उम्र, सिर पर चोट आदि हो सकते हैं। इसके लक्षण अकसर नहीं दिखते, लेकिन फटने पर अचानक तेज सिरदर्द, उल्टी, गर्दन में अकड़न, बेहोशी या देखने में परेशानी हो सकती है। इलाज के तौर पर जल्द निदान के लिए सीटी स्कैन या एमआरआई किया जाता है। पेशेंट की कंडीशन के अनुसार दवाएं या सर्जरी (क्लिपिंग/कोइलिंग) की जरूरत होती है।

**बचाव के लिए सावधानियां:** हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखें। एल्कोहल ड्रिंकिंग, स्मोकिंग और ड्रग्स से बचना चाहिए। सिर में लगी चोट को नजरअंदाज न करें। फैमिली हिस्ट्री है तो नियमित जांच करवाते रहें।

**आर्टेरियोवेनस मालफॉर्मेशन:** एवीएम दिमाग या रीढ़ की हड्डी में नसों से संबंधित जन्मजात गड़बड़ी है। इसमें नसें और शिराएं ठीक से न जुड़कर आपस में उलझ जाती हैं, जिससे खून का बहाव असामान्य हो जाता है। इसके परिणामस्वरूप ब्रेन डैमेज, स्ट्रोक, समझने-बोलने की समस्या या ब्रेन ब्लीडिंग हो सकती है। इसके लक्षणों में सिरदर्द, चक्कर, कमजोरी, फिट्स, भाषण या याददाश्त में बाधा, देखने में परेशानी आदि शामिल हैं। इलाज के लिए डॉक्टर एमआरआई, सीटी एंजियोग्राफी कर सकते हैं। सर्जरी, एंबोलाइजेशन या रेडियोसर्जरी उपचार का हिस्सा हो सकते हैं।



**बचाव के लिए सावधानियां:** सिरदर्द, दौरे या अचानक कमजोरी दिखे तो तुरंत मेडिकल सलाह लें। नियमित चेकअप और डॉक्टर की निगरानी में रहें। बच्चों में पैरालिसिस या दौरे आते दिखें तो एवीएम की जांच कराएं।

**ट्राइजेमिनल न्यूरॉल्जिया:** इस बीमारी में चेहरे की मुख्य नर्व दब जाती है या उसमें गड़बड़ी आ जाती है, जिससे तेज बिजली के झटके जैसा दर्द होता है। यह दर्द कभी भी बोलते समय, हंसते समय, ब्रश करते समय या चेहरा छूने पर अचानक उठ सकता है और बहुत असहनीय होता है। इस रोग का मुख्य कारण नर्व पर खून की नस का दबना, ट्यूमर, चोट या कुछ मामलों में मायलिन शीथ की कमजोरी हो सकती है। इसके लक्षणों में शामिल है अचानक शुरू होने वाला कुछ सेकेंड से कई मिनटों तक रहने वाला तेज दर्द, त्वचा छूने पर और दर्द बढ़ना, खाना खाते, दांत ब्रश करते या हवा लगने से दर्द बढ़ जाना शामिल हैं। इसके इलाज में दवाएं, कभी-कभी सर्जरी, लेजर या रेडियोफ्रीक्वेंसी ट्रीटमेंट शामिल हैं।

**बचाव के लिए सावधानियां:** चेहरे पर बना किसी चोट के दर्द बढ़े, लंबे समय तक बना रहे या दवा लेने से भी न रुके तो तुरंत न्यूरोलॉजिस्ट से मिलें। चेहरे पर सुन्नपन, कमजोरी या बार-बार दर्द उठे तो विशेषज्ञ के मार्गदर्शन पर ट्रीटमेंट करवाएं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**





---

# माई फिटनेस सीक्रेट रेग्युलर वर्कआउट

**फिटनेस फंडा/ निखिल आर्य**

सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'तेनाली रामा' में रहस्यमयी अतीत वाले शांत, सजग और समझदार कोतवाल के रोल में एक्टर निखिल आर्य दिख रहे हैं। अपना फिटनेस फंडा और डाइट प्लान के बारे में निखिल यहां बता रहे हैं अपनी जुबानी।



**डाइट प्लान:** हर इंसान का डाइट प्लान उसकी बॉडी टाइप, एक्टिविटी और दिनचर्या पर निर्भर करता है। मैं खुद किसी एक डाइट प्लान को फॉलो नहीं करता क्योंकि मेरी बॉडी कुछ समय बाद रिस्पॉन्ड करना बंद कर देती है और बदलाव की मांग करती है। लेकिन कुछ नियम हमेशा फॉलो करता हूं, जैसे हर 2 से ढाई घंटे में छोटे मील्स लेना, कभी भी 70% से ज़्यादा पेट नहीं भरना। अगर आपका जिम या वेट ट्रेनिंग रेगुलर है तो प्रोटीन लेवल को मेंटेन रखना जरूरी है। मैं अपने बॉडी वेट के अनुसार प्रोटीन कंज्यूम करता हूं। मैं वेजिटेरियन हूं और प्लांट बेस्ड प्रोटीन पर ज्यादा निर्भर करता हूं। इसके अलावा प्रोटीन के टाइप्स में भी बदलाव करता रहता हूं। डाइट से रिलेटेड एक और नियम फॉलो करता हूं कि जहां तक संभव हो, रात साढ़े आठ बजे के बाद कार्बोहाइड्रेट्स नहीं लेता हूं।

**वर्कआउट रूटीन:** आमतौर पर हफ्ते में 4 दिन वेट ट्रेनिंग करता हूं और 5 से 6 दिन बैडमिंटन खेलता हूं। फिजिकल और मेंटल हेल्थ के लिए रोज किसी न किसी रूप में योगा भी जरूर करता हूं।

**टाइम मैनेजमेंट:** वर्कआउट के लिए समय निकालना मेरे लिए कठिन नहीं होता है। सब कुछ मैनेज करने पर और आपकी प्रायोरिटी पर डिपेंड करता है। मेरा मानना है कि बॉडी आपका घर है और उसे हेल्दी-फिट रखने के लिए कुछ भी हो जाए, थोड़ा समय तो उसके लिए निकालना ही चाहिए। एक्सरसाइज बोझ समझकर नहीं करनी चाहिए, एंज्वॉयएबल होनी चाहिए ताकि समय अपने आप निकल जाए। एक्सरसाइज से ब्रेन में डोपामिन नामक 'हैप्पी हार्मोन' रिलीज होता है, जिससे काम करने की क्षमता भी बढ़ती है। मेरा फिटनेस फंडा है-हेल्दी डाइट और रेग्युलर वर्कआउट। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**



# जोकोविच की संघर्षपूर्ण जीत गॉफ और ज्वेरेव पहले दौर में बाहर

विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट

एजेंसी ▶▶| लंदन



नोवाक जोकोविच ने पेट की समस्या के बावजूद चार सेट तक चले मैच में जीत दर्ज करके विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन तीन बार ग्रैंड स्लैम फाइनलिस्ट और तीसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव और महिला वर्ग में दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ पहले दौर में बाहर हो गए।

जोकोविच को पहले दौर के मैच में पेट की समस्या के कारण दो बार डॉक्टर की मदद लेनी पड़ी लेकिन आखिर में वह एलेक्जेंडर मुलर को 6-1, 6-7 (7), 6-2, 6-2 से हराने में सफल रहे। रिकॉर्ड 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने बाद में कहा, 'मैं 45 मिनट तक पेट की समस्या से परेशान रहा लेकिन डॉक्टरों की चमत्कारिक गोलियों से मैं अपनी ऊर्जा वापस पाने में सफल रहा।' ज्वेरेव को पहले दौर में 72वीं रैंकिंग वाले आर्थर रिंडरक्नेच से पांच सेटों में चार घंटे 40 मिनट में 7-6 (3), 6-7 (8), 6-3, 6-7 (5), 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। रिंडरक्नेच का ऑल इंग्लैंड क्लब में 1-4 का करियर रिकॉर्ड था और वह ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में 18 बार तीसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए हैं। पिछले वर्ष विम्बलडन और इस साल फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनलिस्ट रहे सातवें नंबर के खिलाड़ी लोरेंजो मुसेट्टी भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। उन्हें निकोलोज बेसिलशविली ने बाहर का रास्ता दिखाया। दुनिया में 126वें नंबर के खिलाड़ी और यहां क्वालीफायर बेसिलशविली अपने पिछले 31 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंटों में केवल एक बार चौथे दौर तक पहुंच पाए हैं।

## गॉफ पहले दौर में बाहर

विंबलडन में मंगलवार को उलटफेर का दौर जारी रहा तथा महिला एकल में खिताब की प्रबल दावेदार गॉफ भी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई। उन्हें दयाना यास्त्रेम्स्का ने 7-6 (3), 6-1 से हराया। इस तरह से विंबलडन में पहले दो दिन में 23 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी (13 पुरुष और 10 महिला) दूसरे दौर में पहुंचने में असफल रहे। दूसरे दिन बाहर होने वाले वरीयता प्राप्त पुरुष खिलाड़ियों में 18वें नंबर के उगो हम्बर्ट, 27वें नंबर के डेनिस शापोवालोव, 28वें नंबर के अलेक्जेंडर बुब्लिक और 30वें नंबर के एलेक्स मिशेलसन शामिल थे।



## क्वितोवा ने विंबलडन को कहा अलविदा

लंदन। दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा ने अमेरिका की ऐमा नवारो के खिलाफ हार के साथ अपने पसंदीदा ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट विंबलडन को अलविदा कहा। चेक गणराज्य की 35 साल की क्वितोवा को 10वीं वरीय नवारो के खिलाफ सीधे सेट में 3-6, 1-6 से हार का सामना करना पड़ा। वर्ष 2011 और 2014 में यहां खिताब जीतने वाली क्वितोवा ने सितंबर में होने वाले अमेरिकी ओपन के बाद डब्ल्यूटीए टूर को अलविदा कहने की योजना बनाई है। भावुक क्वितोवा ने कहा, 'यह जगह मेरे लिए सबसे अच्छी यादें समेटे हुए है।' उन्होंने कहा, 'मैंने कभी विंबलडन जीतने का सपना नहीं देखा था और मैंने इसे दो बार जीता। यह बेहद खास बात है।' क्वितोवा ने कहा, 'मुझे विंबलडन की कमी खलेगी। मुझे टेनिस की कमी खलेगी, मुझे आप प्रशंसकों की कमी खलेगी लेकिन मैं जीवन के अगले अध्याय के लिए भी तैयार हूं।' वाइल्ड कार्ड आमंत्रण पर यहां खेलने वाली क्वितोवा मातृत्व अवकाश के कारण पिछले साल के टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाईं थी। क्वितोवा ने 2011 में यहां फाइनल में मारिया शारापोवा को 6-3, 6-4 जबकि 2014 में फाइनल में युगिनी बुचार्ड को 6-3, 6-0 से हराया था।




**कार्यालय- सिविल सर्जन सह - मुख्य अस्पातल अधीक्षक जिला चिकित्सालय डिण्डौरी ( म.प्र.)**

क./अर.प्र./2025/04 डिण्डौरी दिनॉक 30/06/2025

-: निविदा आमंत्रण सूचना:-

कार्यालय सिविल सर्जन सह - मुख्य अस्पातल अधीक्षक जिला चिकित्सालय डिण्डौरी मे ऑक्सीजन रिफिलिंग के लिए निविदा क्रमाक -04 दिनॉक - 30/06/2025 ऑनलाईन ई निविदा क्रमांक 2025 DHS 4334631 -आंमत्रित की जाती है। टेण्डर डॉक्यूमेट जिसमें शार्तो का उल्लेख है का अवलोकन वेबसाइट hhttps://www.mptender.gov.in मे किया जाकर निविदा दस्तावेज अपलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा दिनॉक 04/07/25 को प्रात 11 बजे से दिनॉक 24/07/25 शाम 5.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है। निविदा फार्म राशि रू 1000 /- एवं ईएमडी राशिरू 50000 / - ऑनलाईन जमा कर छायाप्रति तकनीकी प्रस्तुत मे संलग्न किया जाना आवश्यक होगा। निविदा दिनॉक 26/07/25 को जिला कय समिति द्वारा खोली जावेगी जिसमे निविदाकार स्वयं उपस्थित रह सकते है। निविदाओ को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार जिला क्रय समिति को होगा।
निविदा मे संशोधन की स्थिति मे बेवसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। जिसका पृथक से समाचार पत्रो मे प्रकाशन नही दिया जावेगा। विस्तृत आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाइट पर देखी जा सकती है।

सिविल सर्जन सह - मुख्य अस्पातल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय डिण्डौरी ( म.प्र.)
G-15065/25


टेस्ट सीरीज : इंग्लैंड ने टॉस जीतकर किया गेंदबाजी का फैसला

# सलामी बल्लेबाज यशस्वी का शानदार अर्धशतक, तोड़ा 51 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम




भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में बुधवार को जानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने बर्मिंघम में 107 गेंद पर 87 रन बनाए। उन्होंने 51 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। जायसवाल के नाम भारतीय ओपनर के तौर पर सर्वोच्च स्कोर हो गया। इससे पहले यह रिकॉर्ड सुधिर नायक के नाम था। उन्होंने 1974 में 77 रन बनाए थे। जायसवाल इस मैदान पर अर्धशतक लगाने वाले भारत के 5वें ओपनर बने। इसके साथ ही वह दिग्गज सुनील गावस्कर और चेतेश्वर पुजारा के क्लब में शामिल हुए।
भारतीय टीम ने तीन विकेट पर 183 रन बना लिए हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस

### शुभमन ने कहा- तीसरे टेस्ट में खेलेंगे

बर्मिंघम। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में टीम की अंतिम एकादश में वापसी करेंगे। बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के कारण बुधवार से यहां शुरू हुए दूसरे टेस्ट मैच में आराम दिया गया। वह लीड्स में पहले टेस्ट मैच में खेले थे, जिसमें भारत पांच विकेट से हार गया था। गिल ने यहां दूसरे टेस्ट के लिए टॉस के समय कहा, 'तीसरा टेस्ट लॉर्ड्स में है। हमें लगता है कि उस पिच पर वह अधिक उपयोगी होंगे इसलिए हम उन्हें वहां इस्तेमाल करेंगे। 'गिल ने कहा, 'हम कुलदीप यादव को खिलाना चाहते थे लेकिन हमने बल्लेबाजी में गहराई के कारण यह फैसला किया।' तीसरा टेस्ट मैच 10 जुलाई से शुरू होगा। भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रृंखला के शुरू में घोषणा की थी कि बुमराह पांच में से तीन टेस्ट में ही खेलेंगे।

# डोप टेस्ट से बचने के लिए चार एथलीटों पर लगा प्रतिबंध कम हुआ



नई दिल्ली। ट्रैक एवं फील्ड एथलीट पूजा रानी, किरण, पंकज और चेलिमी प्रत्यूषा पर डोप परीक्षण से बचने के लिए लगाया गया चार साल का प्रतिबंध एक साल के लिए कम कर दिया गया है, क्योंकि उन्होंने आरोप लगने के 20 दिन के भीतर अपना अपराध स्वीकार कर लिया था। यह चारों खिलाड़ी उन कई एथलीटों में शामिल हैं, जिन्हें इस वर्ष की शुरूआत में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने डोपिंग रोधी नियमों के अनुच्छेद 2.3 के तहत निलंबित कर दिया था। यह अनुच्छेद किसी खिलाड़ी के बिना किसी ठोस कारण के नमूना संग्रह के लिए पेश होने से बचने, मना करने या असफल होने से संबंधित है। पहली बार अपराध करने पर अधिकतम प्रतिबंध अवधि चार वर्ष है, लेकिन नाडा नियमों के अनुच्छेद 10.8.1 के तहत अगर खिलाड़ी अपना अपराध स्वीकार कर लेते हैं तो उनकी सजा कम की जा सकती है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला-रीवा (म.प्र.)**

क्रमांक-738/ई-टेडर/जोन-03/न.पा.नि. 2023 रीवा, दिनांक 02.07.2025

<< निविदा सूचना >>

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी /दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2025_UAD _4344557_1 07.03.2024 (FIRST CALL) 738/02.07.2025 | जोक क्रमांक 03 अंतर्गत वार्ड 16 क्रमांक में न्यू बस स्टेंड के पास 100 मीटर रैन बसेरा निर्माण का कार्य। | 18 माह 522.00 लाख | रू 20000.00 रू 261000.00 | 01/08/2025 18.00 बजे तक। |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री,जोन क्रमांक 03
नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)



**क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर**

**लोक सुनवाई के संबंध में आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना कमांक एस. ओ. 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स मॉ नित्या माईनिंग घाघरा बासाल्ट स्टोन क्वारी, खसरा नं. 140, 146, 147, 148, 149. ग्राम घाघरा, तहसील एवं जिला जबलपुर, लीज क्षेत्रफल 3.46 हेक्टेयर, स्टोन क्वारी, माईनिंग ऑफ मिनरल्स उत्खनन क्षमता 36,162 घन मीटर प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अंग्रेंजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर जबलपुर (2) कार्यालय जिला पंचायत, जबलपुर. (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उघोग केन्द्र जबलपुर, (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम ग्राम घाघरा तहसील एवं जिला जबलपुर, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड प्लाट नं 455/456 विजयनगर जबलपुर मे कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइट www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म. प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड विजय नगर जबलपुर (म.प्र. ) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 06.08.2025 दिन बुधवार को दोपहर 01.00 बजे मेसर्स मॉ नित्या माईनिंग घाघरा बासाल्ट स्टोन क्वारी, ग्राम घाघरा, तहसील एवं जिला जबलपुर के खदान परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/ टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी


# महिला टी20: अमनजोत और रोड्रिग्स ने लगाया अर्ध शतक, दिलाई भारत को शानदार जीत

एजेंसी ▶▶| ब्रिस्टल



भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमनजोत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतकों की मदद से यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हरा दिया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने इस तरह से मंगलवार की रात को मिली जीत से पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। उसने पिछले सप्ताह पहला मैच रिकॉर्ड 97 रन से जीता था।

अमनजोत (40 गेंदों पर नाबाद 63 रन) ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक लगाया जबकि रोड्रिग्स ने 41 गेंदों पर 63 रन का योगदान दिया, जिससे भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट पर 181 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

### भारत की पारी की शुरुआत खराब रही

स्पिनरों की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने टैमी ब्यूमोंट के 35 गेंदों पर 54 रन के बावजूद इंग्लैंड की टीम को 20 ओवरों में 7 विकेट पर 157 रन पर रोक दिया। यह पहला अवसर है जब कोई टीम ब्रिस्टल में महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इंग्लैंड को हराने में सफल रही। जेमिमा और अमनजोत ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे हमारे लिए जीत का मंच तैयार हुआ।' भारत की पारी की शुरुआत खराब रही और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (03), पिछले मैच की शतकवीर स्मृति मंधाना (13) और कप्तान हरमनप्रीत (01) सभी पावरप्ले के अंदर डगआउट में लौट गईं। इसके बाद अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाने वाली रोड्रिग्स और अमनजोत ने चौथे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी करके न केवल भारत को 31 रन पर तीन विकेट से उबारा, बल्कि बड़े स्कोर की नींव भी रखी।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**

लोककर्म विभाग // निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्यो के लिये ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_434606_1 Pro- 307 Date- 02/07/2025 | चन्द्रशेखर आजाद वार्ड के अन्तर्गत संजय नगर में पार्क के पास से टाल के पास तक दोनों और कच्चा स्थल पर पेवल ब्लॉक लगाने का कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 02 माह 4.32 लाख | 2000/- 4320/- | 16/07/2025 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा

कार्यपालन यंत्री
नगर निगम जबलपुर



**कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय जबलपुर (म.प्र.)**
JBPLP1802526581/ दिनांक 24/JUN/2025
क्र./1704 दिनांक 18/JUN/2025

म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 की धारा 29 (3) सहपठित म.प्र. भूमि विकास नियम, 2012 के नियम 14 (3) के अधीन दी गई अनुज्ञा में उपातंरण की दशा में आपत्तियाँ आमंत्रित करने हेतु

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता हैं कि श्री/श्रीमती/ मेसर्स (SANJAY KAKWANI)-1. Shri Rakesh Minocha, 2.Shri Rajesh Minocha, 3. Shri Ramesh Minocha Thro Developer Shri Sanjay Kakwani द्वारा नीचे दिये गये अभिन्यास में उपांतरण हेतु आवेदन किया है :-
(क) परियोजना का नाम : - Disha Parisar
(ख) अवस्थिति (अवस्थिति / ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक):- पूर्व स्वीकृत ग्राम Polipathar तहसील Gorakhpur व जिला Jabalpur की भूमि सर्वे क्रमांक / खसरा क्रमांक 2/1/2, 7/1/1/2 कुल रकबा 2.506 हेक्टेयर भूमि पर RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOTTED HOUSING विकास हेतु अनुमोदित अभिन्यास में संशोधित अभिन्यास का अनुमोदन चाहा गया है।
(ग) विकास का प्रयोजन : - RESIDENTIAL, RESIDENTIAL PLOTTED HOUSING
(घ) स्वीकृति क्रमांक JBLLP8061 दिनांक 2021-11-08
पूर्व स्वीकृत अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता हैं, तो उससे परियोजना से जुड़े व्यक्ति/संस्था के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति,उपांतरणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव, इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में अथवाhttps://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/Objection.aspx?RefApp=jXxD2RFf6t1704 पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अभिन्यास के ब्यौरे तथा प्रस्तावित उपांतरित अभिन्यास का निरीक्षण हितबतद्ध व्यक्ति द्वारा, उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश
जिला जबलपुर (म.प्र.)



**कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालाघाट (म.प्र.) फोन नं. 07632-241099**

क्रमांक /4948 निविदा सूचना / एनएचएम / बालाघाट दिनांक 30/06/2025

विज्ञप्ति

बालाघाट जिले के तहसील कटंगी अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी परिसर मे निम्न सूची अनुसार कंडम आवास का ध्वस्तीकरण सामग्री (दरवाजे खिड़की, लोहा, ईट इत्यादि) की खुली नीलामी निम्नानुसार स्थान एवं दिनांक को दोपहर 3.00 बजे से की जावेगी।

| क्रमांक | नीलामी स्थल | कंडम आवास गृहो का स्थान | ऑफसेट मूल्य | नीलामी दिनांक एवं समय | संपर्क दूरभाष कमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट रानी अवन्ती बाई चौक के पास, बस स्टैण्ड बालाघाट | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी | 139670.00 | 09.07.2025 सांय 03.00 बजे | 9131225404 |

कंडम आवासगृहों का निरीक्षण निविदाकार द्वारा नीलामी की तिथि के पूर्व स्वयं कर आवश्यक होने पर संबंधित अस्पताल के प्रभारी के प्रभारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक से संपर्क किया जा सकता है।
नीलामी मे भाग लेने हेतु इस कार्यालय से आवेदन फार्म रूप्ये 500 / - पाँच सौ रुपए मात्र नगद शुल्क जमा कर नीलामी सूचना जारी होने की तिथि से दिनांक 07.07.2025 के दोपहर 3.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है। एवं आवेदन फार्म पूर्ण भरकर दिनांक 08.07.2025 के सायं 5.30 बजे तक जमा कर पावती प्राप्त करना आवश्यक होगा। आवेदन शुल्क भुगतान की रसीद अनिवार्यत: प्राप्त करे।
निविदा की विस्तृत शर्तें आवेदन फार्म के साथ देखी जा सकती है। अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस एवं समय मे कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला बालाघाट
G-15074/25


# हेडिंग्ली में दो शतक लगाकर छठे नंबर पर पहुंचे ऋषभ पंत

एजेंसी ▶▶| दुबई

हेडिंग्ली टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले ऋषभ पंत टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। पंत ने इस टेस्ट में 134 और 118 रनों की पारियां खेली थीं, जिससे रैंकिंग में उन्हें एक स्थान का फ़ायदा हुआ। हालांकि यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग नहीं है। उन्होंने 2022 में टेस्ट रैंकिंग में पांचवां स्थान हासिल किया था। पंत के अब कुल 801 रेटिंग अंक हो गए हैं, जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग अंक है। हालांकि वह अब भी नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज जो रूट से 88 अंक पीछे हैं। रूट ने हेडिंग्ली में पहली पारी में 28 और दूसरी पारी में नाबाद 53 रन बनाए थे। पिछले मैच में शतक लगाने वाले इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज़ बेन डकेट करियर की सर्वश्रेष्ठ 787 रेटिंग अंक के साथ आठवें स्थान पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड ने वेस्टइंडीज के ख़िलाफ़ बारबाडोस टेस्ट में दोनों पारियों में अर्धशतक लगाकर तीन स्थान की छलांग लगाई और वह अब शीर्ष-10 में हैं। हेड ने पहली पारी में 59 और दूसरी पारी में 61 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई थी। हेडिंग्ली में पांच विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में नंबर-1 पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के जॉश हेज़लवुड ने बारबेडोस टेस्ट की दूसरी पारी में 43 रन देकर 5 विकेट झटके थे। वह एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए।


**पश्चिम मध्य रेल**
इंजीनियरिंग निर्माणशाखा शुद्धिपत्र
ई. निविदा क्रमांक DYCEHQWCR-03
दिनांक : 23.06.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा जारी ई-निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी DYCEHQWCR-03 Dated: 23.06.2025 जिसके बन्द होने की तारीख: 15/07/2025 एवं समय 15:00 बजे निर्धारित की गई थी। उक्त निविदा की बन्द होने की तारीख अब दिनांक 22.07.2025 समय 15:00 बजे तक बढ़ाई जाती है, कार्य का नाम : निर्माण विभाग पश्चिम मध्य रेलवे के लिए क्लाउड कांफ्रिग्शन के साथ परियोजना प्रबंधक और सूचना प्रणाली (P.M.I.S) सेवाए प्रदान करना एवं जी.आई. एस मॉड्यूल के साथ समय/दूरी पर आधारित योजना और शेड्यूलिंग कार्यक्रम तक मासिक समर्थन ओर सदस्यता सेवाए सोफ्टवेयर लाइसेंस शुल्क सहित। निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

(हस्ता)
उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) मुख्यालय
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**पश्चिम मध्य रेल**
विद्युत (परियोजना) शाखा - खुली निविदा
एनआईटी नं. ईएल-जेबीपी-प्रोजेक्ट -25-पीएसएसए-1

उप मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कायो के लिए ऑन-लाइन के माध्यम से प्रतिष्ठित और अनुभवी ठेकेदारों से ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार नही किया जाएगा। **निविदा क्रमांक : ईएल-जेबीपी-प्रोजेक्ट-25-पीएसएसए-1 दिनांक** 28.06.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** पश्चिम मध्य रेलवे के उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/परियोजना,जबलपुर एवं भोपाल मंडल परिक्षेत्र में 2x25 के.वी. अपग्रेडेशन परियोजनाओं के विभिन्न खंडों/स्थलों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी), **निविदा की अनुमानित लागत मूल्य (रु में) : रुपए** 21,01,52,483.40/-. **निविदा फार्म की कीमत** : निल, **कार्यलय का पता :** उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (परियोजना) पश्चिम मध्य रेलवे,जबलपुर ग्राउंड फ्लोर,मुख्य परियोजना प्रबंधक (परियोजना), कार्यालय, रेलवे स्टेडियम के बाजु में जबलपुर 482001, **बिड सिक्यूरिटी (रुपए में) :**रुपए12,00,800.00/- **समापन अवधि :** 21 माह, **निविदा जमा करने की तिथि :** दिनांक 05,08,2025 (15:00 बजे तक), **निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 06.08.2025 को (11:00 बजे तक), निविदा सूचना की पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (परियोजना), जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता)
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (परियोजना)
पश्चिम मध्य रेलवे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**बैंक ऑफ महाराष्ट्र**
जबलपुर अंचल कार्यालय: राईट टाउन, जबलपुर- 482001, फोन: 0761- 2480065 ई-मेल: dzmjabalpur@mahabank.co.in
प्रधान कार्यालय - लोकमंगल 1501, शिवाजीनगर, पुणे - 5

**आधिपत्य नोटिस (स्थावर सम्पत्ति) नियम 8 (1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता बैंक ऑफ महाराष्ट्र का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सपठित नियम 8 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारियों एवं जमानतदारों को बकाया देय राशि सहित 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था।
ऋणग्रहिता राशि का भुगतान करने में असफल रहा, ऋण ग्रहिताओं और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ उपरोक्त वर्णित संपत्तियों को अधिग्रहण कर लिया गया है। बैंक को बंधक की गई संपत्ति का विवरण, आधिपत्य आदि की जानकारी इस प्रकार है :-

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शाखा - जी. एस. कॉलेज उधारकर्ता - 1. श्री प्रकाश श्रीवास्तव पुत्र श्री मनमोहन लाल श्रीवास्तव 2. श्रीमती गरिमा खरे पत्नी श्री प्रकाश श्रीवास्तव | Rs.2775650/- (Rupees Twenty Seven Lakh Seventy Five Thousand Six Hundred Fifty only) (Ledger balance Rs.2685616/- plus unapplied interest Rs.89829/-@ 08.15% p.a at monthly rest and penal interest + Others Charge w.e.f. 23.04.2025 | अचल संपत्ति का समस्त भू-भाग व अंश एवं उस पर निर्माण जो - फ्लैट एन-6, 06वीं मंजिल, "ट्यूलिप्स लाइफस्केप्स अपना घर" अपार्टमेंट, 586 वर्ग फीट, धन्वंतरि नगर, खसरा नंबर 26/1 (पुराना), 26/5 (नया), कुल भूमि क्षेत्र 0.402 हेक्टेयर, मौजा पूर्वा, एनबी 162, पीएच नंबर 28/33, आरएनएम जबलपुर 1, तहसील गोरखपुर, जिला जबलपुर सीमाएँ - उत्तर:- बिल्डिंग ट्यूलिप लाइफ स्केप्स, दक्षिण:- सीढ़ियाँ और उसके बाद फ्लैट नंबर एम-6, पूर्व:- ओटीएस, पश्चिम:- कॉरिडोर संपत्ति के मालिक: श्री प्रकाश श्रीवास्तव और श्रीमती गरिमा खरे CERSAI एसेट आईडी: 200092053623 | 23.04.2025 / 01/07/2025 |

ऋणग्रहिताओं/बंधककर्ताओं को विशिष्टत: और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा उपरोक्त संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्तियों के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त खातों की वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज के लिये बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रभार के अनुसार होगा। ऋण ग्रहिताओं का ध्यान सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 8(13) की ओर बंधक सम्पत्ति को वापस लेने हेतु आकर्षित किया जाता है।
स्थान - जबलपुर, दिनांक: 03/07/2025
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ महाराष्ट्र



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**नागपुर मंडल में विभिन्न अभियांत्रिकी व सिविल जोनल कार्यों के लिए ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:
**1. निविदा क्र.:** सी/14/एनजीपी/2025-26 **कार्य का नाम: (1)** ADEN/ट्रैक/नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत KAV-KP सेक्शन के बीच कि.मी. 1121/13-15 पर छोटे पुल नंबर 16 UP व DN का पुनर्निर्माण। **(2)** ADEN / ट्रैक / नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत केएवी-कोराडी सेक्शन के बीच कि.मी. 1 कोराडी/1-2 पर छोटे पुल नंबर 02 UP व DN का पुनर्निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 4,62,92,656/- **बयाना राशि:** ₹ 3,81,500/-
**2. निविदा क्र.:** सी/15/एनजीपी/2025-26 **कार्य का नाम: (1)** ADEN / ट्रैक / नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत KNHN - SAL सेक्शन के बीच कि.मी. 1110/15-17 पर छोटे पुल नं. 37 UP व DN का पुनर्निर्माण। **(2)** ADEN / ट्रैक / नागपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत RRL-KHAT सेक्शन के बीच कि.मी. 1087/11-14 पर छोटे पुल नंबर 71 UP व DN का पुनर्निर्माण। **(3)** ADEN / ट्रैक / नागपुर के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत SAL - CHCR सेक्शन के बीच कि.मी. 1103/29-32 पर छोटे पुल नंबर 46 UP व DN का पुनर्निर्माण।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 5,73,54,301/- **बयाना राशि:** ₹ 4,36,800/-
**3. निविदा क्र.:** सी/16/एनजीपी/2025-26 **कार्य का नाम:** वरिष्ठ DEN / मध्य / नागपुर के सेक्शन में CMS क्रॉसिंग की मरम्मत।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 55,75,000/- **बयाना राशि:** ₹ 1,11,500/-
**4. निविदा क्र.:** सी/17/एनजीपी/2025-26 **कार्य का नाम:** SSE (वर्क्स) इतवारी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कन्हान-रामटेक ब्रांच लाइन सहित नागपुर (Ex) से खात (Ex) सेक्शन में **30.06.2026** तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए सिविल जोनल कार्य (सफेद रंगाई/रंगरोगन/पेंटिंग और सड़क कार्य के मरम्मत सहित, आदि) का निष्पादन।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,40,00,000/- **बयाना राशि:** ₹ 2,20,000/-
**5. निविदा क्र.:** ई/13/एनजीपी/2025-26 **कार्य का नाम:** ADEN/डोंगरगढ़ (DGG) के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत सेक्शन में **30.06.2026** तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए सिविल जोनल कार्य (सफेद रंगाई/रंगरोगन/पेंटिंग और सड़क कार्य के मरम्मत सहित निष्पादन।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,75,00,000/- **बयाना राशि:** ₹ 2,37,500/-
**6. निविदा क्र.:** ई/14/एनजीपी/2025-26 **कार्य का नाम:** ADEN/गोंदिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत काचेवानी (In) से बोरतलाव (Ex) सेक्शन में **30.06.2026** तक समाप्त होने वाली अवधि के लिए सिविल जोनल कार्य (सफेद रंगाई/रंगरोगन/पेंटिंग और सड़क कार्य के मरम्मत सहित, आदि) जिसमें बिरसोला में जल आपूर्ति से संबंधित कार्य शामिल हैं का निष्पादन।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 1,75,00,000/- **बयाना राशि:** ₹ 2,37,500/-
**7. निविदा क्र.:** ई/15/एनजीपी/2025-26 **कार्य का नाम:** वरिष्ठ DEN/पूर्व/नागपुर के सेक्शन में CMS क्रॉसिंग की मरम्मत।
**अनुमानित निविदा मूल्य:** ₹ 83,62,500/- **बयाना राशि:** ₹ 1,67,300/-
बोलीदाता अपनी मूल / संशोधित बोलियां दिनांक **18.07.2025** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे।
इन निविदाओं के अंतर्गत मैनुअल ऑफर्स की अनुमति नहीं है और ऐसे किसी भी मैनुअल ऑफर को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
उपरोक्त निविदाएं सम्बंधित अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य),
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर
FL/12-58


स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

## हाईकोर्ट ने एक्सीडेंट केस में लापरवाही पर बरती सख्ती

# जबलपुर पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर डीजीपी को जांच के निर्देश

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर पुलिस महानिदेशक को जांच के निर्देश दिए हैं। मामला एक्सीडेंट केस में लापरवाही से संबंधित है। दरअसल, मार्च, 2017 में हुए एक्सीडेंट की एफआइआर तीन माह विलंब से दर्ज की गई थी। लिहाजा, एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खण्डपीठ ने प्रकरण में पुलिस की भूमिका संदेह से परे न पाते हुए जांच के दिशा-निर्देश दे दिए हैं।



मामले की सुनवाई के दौरान दलील दी गई कि 2017 में जबलपुर निवासी ऋषभ जैन का एक्सीडेंट हुआ था। वह डुमना एयरपोर्ट से अपने दोस्त आनंद पाठक के साथ लौट रहा था। इसी दौरान एक्सीडेंट हो गया था। इस वजह से ऋषभ को चोटें आई थीं। वाहन को भी नुकसान हुआ था। लेकिन जब पुलिस में शिकायत करने गया तो उसे डुमना चौकी, रांझी और सिविल लाइन थाने के बीच चक्कर लगाने विवश कर दिया गया। एक्सीडेंट वाली जगह के थाना क्षेत्र का विवाद खड़ा कर दिया गया था। लिहाजा, ऋषभ ने एसपी को शिकायत सौंप दी। जिसके बाद मामला गोहलपुर थाने भेज दिया गया, जिसका एक्सीडेंट के क्षेत्र से कोई सरोकार ही नहीं था। मामले की सुनवाई के दौरान क्लेम केस गिरोह को फायदा पहुंचाने की प्रक्रिया में पुलिस द्वारा सहयोग पहुंचाए जाने के आरोप का बिंदु भी रेखांकित हुआ। हाई कोर्ट ने इसे बेहद गंभीरता से लेकर जांच के निर्देश दे दिए।

### हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

## स्कूल परिसर पर खेल मैदान में अतिक्रमण क्यों

*जबलपुर। हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा व न्यायमूर्ति विनय सराफ की युगलपीठ ने स्कूल परिसर व खेल मैदान में अतिक्रमण को चुनौती संबंधी जनहित याचिका पर जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में राज्य शासन, कलेक्टर सीधी, एसडीओ व तहसीलदार के अलावा अतिक्रमणकारी छब्बीलाल साहू, बालमुकुन्द साहू, भरत साहू, राजकुमार नामदेव व प्रेमलाल साहू को नोटिस जारी किए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई चार अगस्त को नियत की गई है। जनहित याचिकाकर्ता सीधी जिले के मझगवां ग्राम पंचायत के सरपंच सुजय सिंह की ओर से अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि ग्राम में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला की बाउंड्रीबाल व खेल मैदान पर अनावेदकों ने निर्माण कार्य कर अतिक्रमण कर रखा है। जिससे स्कूल के बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मामले की शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से की गई, लेकिन नतीजा सिफर रहा। लिहाजा, व्यापक जनहित में हाई कोर्ट की शरण ली गई है।*

### बदमाश ने बिना वजह गालीगलौज कर युवक को नाले में गिराया

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अतंर्गत बधैया मोहल्ला में नाले के पास फ्लाईओवर का काम देख रहे एक युवक के साथ एक बदमाश ने बिना कारण गालीगलौज कर उसे नाला में धक्का देकर गिरा दिया, जिससे उसके सिर में चोटें आ गई। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बधैया मोहल्ला निवासी 34 वर्षीय सब्जी व्यापारी कृष्णकांत कोष्टा गत रात लगभग 11.10 बजे घर से खाना खाकर घर के सामने नाले के पास खड़े होकर फ्लाई ओवर का काम देख रहा था उसी समय मोहल्ले का रवि बर्मन बिना कारण उसके साथ गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर उसे धक्का देकर नाले में गिरा दिया जिससे उसके सिर में चोटें आ गयी। साथी मयंक कोरी एवं सुमित कोरी ने उसे नाला से बाहर निकाला तो रवि बर्मन ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### करंट लगने से युवक की मौत

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत बजरंग कालोनी बिलहरी गोराबाजार में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। बताया गया है कि युवक छत से लोहे का पाईप उठाकर नीचे रख रहा था तभी बिजली के तार से लोहे का पाईप छू जाने पर उस पर करंट फैल गया और उसकी मौत हो गई। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार लखराम मोहल्ला खितौला निवासी 40 वर्षीय सुभाष सोनी अपने साथी गोविंद कोल के साथ मजदूरी करने बजरंग कालोनी बिलहरी गोराबाजार निन्दर कौर के यहां गया था। दोनों घर के ऊपर सीट पर त्रिरपाल बिछा रहे थे। तभी छत से लोहे का पाईप उठाकर नीचे रखते समय बिजली के तार से छू गया, जिससे सुभाष को करंट लग गया, जिसे के लिए विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने चैक सुभाष सोनी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।



### महिला की समझदारी से बड़ी घटना टली

## ओएफके क्वार्टर में घुसा चार फीट लंबा मगरमच्छ

हरिभूमि जबलपुर।

बरसात के मौसम में परियट नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही मगरमच्छों का रिहायशी इलाकों में आना कोई नई बात नहीं रह गई है। ताजा मामला आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) के इस्टेट एरिया वेस्ट लैंड का है, जहां बुधवार सुबह एक चार फीट लंबा मगरमच्छ एक सरकारी क्वार्टर में घुस गया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, लेकिन गनीमत रही कि समय रहते सतर्कता बरती गई और कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार, यह घटना ओएफके क्षेत्र स्थित मिलन मंदिर के पास रहने वाली प्रीति धनधारिया के क्वार्टर की है. उस समय प्रीति घर में अकेली थीं; उनके पति फैक्ट्री में ड्यूटी पर थे और बच्चे स्कूल जा चुके थे। अचानक उन्होंने घर के भीतर मगरमच्छ को देखा तो घबराईं नहीं, बल्कि सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत घर के मुख्य दरवाजे को बाहर से बंद किया और सुरक्षित स्थान पर भागकर वन विभाग और रेस्क्यू टीम को सूचना दी।

मौके पर पहुंचे वन्य प्राणी प्रेमी शंकरेंदु नाथ ने बताया कि मगरमच्छ लगभग चार फीट लंबा था और घर के भीतर आकर एक कोने में छिपा हुआ था। सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम भी मौके पर पहुंची और मगरमच्छ को सुरक्षित तरीके से पकड़कर वापस नदी क्षेत्र में छोड़ा गया। गौरतलब है कि परियट नदी मगरमच्छों का प्राकृतिक आवास है, और बरसात के दौरान जब जलस्तर बढ़ता है, तो ये जीव बहते हुए रिहायशी इलाकों तक पहुंच जाते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ओएफके जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई जाए और मगरमच्छों की आवाजाही रोकने के लिए प्रभावी उपाय किए जाएं।

### ऐसा करने वाला बना देश का पहला राज्य

## मप्र में अब कोर्ट की पूरी कार्यवाही होगी

**जबलपुर।** मप्र देश का पहला ऐसा राज्य बन गया है, जहां कोर्ट की पूरी कार्यवाही ऑनलाइन होगी। इसका नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। हाई कोर्ट की ओर से तैयार मसौदे को राज्य सरकार ने मंजूरी देते हुए इसे लागू कर दिया है। खास बात यह है कि गवाही, ट्रायल, बहस और जांच संबंधी सभी न्यायिक कार्यवाहियां वीसी से की जा सकेंगी। हाई कोर्ट ने पहली बार वीसी के लिए अधिकृत सॉफ्टवेयर तय किए हैं। डेटा सुरक्षा, रिकार्डिंग प्रक्रिया भी स्पष्ट की गई है। अनधिकृत व्यक्ति न तो सुनवाई में शामिल हो सकेगा और न रिकॉर्डिंग कर सकेगा। बता दें कि हाईकोर्ट ने 'इलेक्ट्रॉनिक संचार और ऑडियो-वीडियो इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों के उपयोग नियम-2025' का ड्राफ्ट तैयार कर शासन को भेजा था। अब शासन ने इसे राजपत्र में प्रकाशित कर लागू कर दिया है। इस नई व्यवस्था से लंबित मामलों की सुनवाई तेज होगी और गवाहों या जांच अधिकारियों की अनुपस्थिति से फैसलों में होने वाली देरी रुकेगी।

### बाईक से गिरी वृद्ध महिला की मौत

**जबलपुर,।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत देवी सुरैया में बाईक से गिरकर एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार देवी सुरैया निवासी 63 वर्षीय शांति बाई रैकवार गत दोपहर लगभग 3 बजे छेड़ी बरोदा से घर देवी सुरैया आते समय बाईक से गिर गई थी जिन्हें उपचार के लिए मेडीकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उपचार दौरान मां शांति बाई रैकवार की मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मामला जांच में लिया है।

### पहले सरकारी कार्यालयों में लागू करने की कवायद, 25 पैसे प्रति यूनिट की मिलेगी

## प्रीपेड बिजली...मोबाइल रिचार्ज की तर्ज पर पहले पैसा जमा करो फिर मिलेगी बिजली

हरिभमू जबलपुर।

बिजली व्यवस्था में लगातार नवाचार जारी है। प्रदेश में स्मार्ट मीटर के बाद अब प्रीपेड बिजली व्यवस्था की शुरुआत होने जा रही है। सबसे पहले सरकारी कार्यालय, स्कूल, अस्पताल आदि को इस व्यवस्था में शामिल किया जाएगा। ऊर्जा विभाग और बिजली कंपनियों के अधिकारियों की इस बारे में बैठकें जारी हैं, यानी मध्यप्रदेश में अब मोबाइल रिचार्ज की तर्ज पर पहले पैसा जमा करने के बाद बिजली मिलेगी।

स्मार्ट मीटरीकरण के बाद अब प्रदेश की तीनों ही बिजली कंपनियां प्रीपेड बिजली प्रणाली पर भी कार्य कर रही हैं। शासन ने सबसे पहले शासकीय कार्यालयों में प्रीपेड बिजली व्यवस्था पर सहमति दी हैं, इसके बाद जबलपुर, भोपाल, इंदौर कंपनियों ने बड़े शहरों में शासकीय उपभोक्ताओं की सूची बनाना प्रारंभ कर दी हैं ,ताकि जल्दी से इनकी बिजली वितरण व्यवस्था प्रीपेड मोड पर लागू की जा सके। शुरुआत में प्रदेश के करीब पचास हजार शासकीय कार्यालयों में बिजली वितरण व्यवस्था प्रीपेड करने की तैयारी हो रही है। इसके लिए इन शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर होना जरूरी हैं, सबसे ज्यादा स्मार्ट मीटर इंदौर कंपनी क्षेत्र में लगे हैं, लिहाजा सबसे ज्यादा शासकीय कार्यालय भी प्रीपेड मोड पर इंदौर क्षेत्र में ही होंगे। प्रारंभिक सूचना के आधार पर अभी पचास हजार के करीब शासकीय कार्यालय प्रीपेड होने की तैयारी हैं, जिसमें से इंदौर कंपनी क्षेत्र के पच्चीस हजार एवं भोपाल, जबलपुर दोनों कंपनियों से संबंधित कुल 25 हजार शासकीय कार्यालय प्रीपेड किए जाएंगे। शासकीय कार्यालयों में प्रीपेड करने की तैयारी के लिए इन कार्यालयों की मौजूदा मासिक खपत के साथ ही पिछले दो वर्ष की कुल खपत के खाते खंगाले गए हैं। इस आधार पर इनकी मासिक ताजा खपत फिक्स की जाएगी। इसी के आधार पर दो माह की राशि अग्रिम ली जाएगी। यानि पहले चरण में 50 हजार शासकीय बिजली उपभोक्ताओं से दो माह की राशि अग्रिम ली जाएगी। उन्हें प्रीपेड मोड पर ऑपरेशनल घोषित कर दिया जाएगा। राशि पहले जमा करने का लाभ इन शासकीय कार्यालय वाले उपभोक्ताओं को मिलेगा। इन्हें प्रति यूनिट 25 पैसे की छूट प्रीपेड रूप में मिलेगी। यह छूट अन्य छूट के अतिरिक्त देय होगी। प्रदेश के 52 से ज्यादा विभागों के शासकीय कार्यालय स्थित हैं। इनमे प्रमुख कार्यालय स्कूल शिक्षा, पुलिस, राजस्व, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य, पंचायत ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, जनजातीय कल्याण, नर्मदा घाटी प्राधिकरण इत्यादि विभाग हैं।



### 8 माह में नशा के सौदागरों पर कसा शिकंजा

**जबलपुर।** जिला पुलिस ने नशा के सौदागरों के खिलाफ कराए गए विशेष अभियान के दौरान विगत 8 माह में अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं स्मैक की तस्करी में लिप्त 153 आरोपी तथा प्रतिबंधित दवाई एवं नशीले इंजेक्शन के कारोबार मे लिप्त 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इस दौरान 644 किलो 302 ग्राम गांजा कीमती लगभग 1 करोड़ 28 लाख 86 हजार रूपये का एवं 70 ग्राम 25 मिली ग्राम स्मैक कीमती 7 लाख 2 हजार 500 रूपये की तथा 7 लाख 50 हजार रूपये कीमती प्रतिबंधित दवाईयॉ एवं 22 हजार 109 नशीले इंजेक्शन जप्त किए हैं। हाल ही में हुई अपराध समीक्षा बैठक में एसपी संपत उपाध्याय ने पुलिस अधीक्षक ने राजपत्रित अधिकारियों एवं समस्त थाना, चौकी प्रभारियों से कहा है की मादक पदार्थ के कारोबार में लिप्त आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई को जारी रखे।

सवा करोड़ का गांजा, 7 लाख की स्मैक जब्त

### शहर के 3 थाना क्षेत्रों में सूने मकानों के ताले टूटे

## 3 लाख नगदी, जेवर और गृहस्थी का सामान चोरी

हरिभूमि जबलपुर।

संजीवनी नगर, गोहलपुर और गोराबाजार थाना क्षेत्र में चोरी की तीन वारदातें सामने आई हैं। तीनों जगह सूने घरों का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने, चांदी के जेवर, 3 लाख नगदी सहित गृहस्थी का सामान चोरी कर ले गए।

संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाही तालाब संजीवनीनगर निवासी 50 वर्षीय श्रीमति मनीषा तिवारी अपने घर पर अकेली रहती है। उसका पति और बच्चें बाहर जॉब करते है। गत रात वह खाना खाकर अपने कमरे में सो गई थी। दूसरे दिन शाम लगभग 4 बजे देखा कि बच्चों के सोने वाला कमरा नहीं खुल रहा है जो अंदर से बंद था। दूसरे दरवाजे से अंदर जाकर देखा तो कमरे की खिड़की का ग्रिल टूटा था और अलमारी में रखे नगदी 40 हजार रुपए गायब थे। पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इसी प्रकार गोहलपुर में मिलौनीगंज धोबी चौराहा निवासी 53 वर्षीय ड्रायक्लीन दुकान संचालक गोपाल रजक गत 25 जून की शाम लगभग 6 बजे अपने घर पर ताला लगाकर परिवार सहित अपनी बहन दुर्गेश रजक के साथ गौरीघाट नर्मदा नगर गया था जहां से दूसरे दिन सुबह लगभग 9 बजे परिवार सहित घर वापस आया मेन गेट का ताला खोलकर अंदर गया तो अंदर के कमरों का ताला टूटा था। घर मे रखा फ्रिज, गैस चूल्हा एवं गैस सिलेण्डर, मिक्सी, रेडियो मशीन, बर्तन एवं कपड़े अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331, 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वहीं गोराबाजार में टाउनशिप तिलहरी निवासी 30 वर्षीय सुहंस कुमार देव बैंगलोर में प्राईवेट कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर का काम करता है। गत दोपहर लगभग 3 बजे उसके पिता राजेन्द्र प्रसाद एवं मां श्रीमती बबीता प्रसाद तथा बहन सुसुमना कुमारी चग्गर फार्म तिलहरी घर में ताला लगाकर दिल्ली गये थे और अभी भी दिल्ली में हैं। गत दोपहर लगभग 3 बजे सुहंस बैंगलोर से अपने जबलपुर वालें घर आया और घर के बाहर का गेट खोलकर अंदर जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। घर के मेन गेट का ताला टूटा था। अंदर रखी तीन अलमारी के लाकर टूटे हुये थे जिनमें रखे सोने चांदी के जेवर तथा नगदी लगभग 2 लाख 50 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




### अगले 24 घंटों में भारी वर्षा के आसार

## जिले में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी

**जबलपुर।** मानसून सक्रिय है। बुधवार को दिनभर बादल छाए रहे, सुबह हल्की बारिश होती रही। बीच बीच में पानी की फुहारे चली। मौसम विज्ञान ने चेतावनी दी है कि अगले 24 घंटे के दौरान जिलों के कुछ स्थानों पर तडित झंझावात के साथ भारी वर्षा की संभावना है। मानसून पूरे संभाग में सक्रिय है कई स्थानों पर तेज बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले 24 घंटों में 3 से 4 इंच बारिश हो सकती है। बुधवार की सुबह रिमझिम बारिश होती रही, दिन में मौसम खुल गया था लेकिन बादल छाए रहे। फिर रुक रुककर वर्षा हो रही थी। इस दौरान 16.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक मानसून का सिस्टम सक्रिय है। जबलपुर सहित मध्यप्रदेश में अच्छी बारिश हो रही है। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई है और लोगों को गर्मी से राहत मिली। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 29.05 डिग्री सामान्य से 4 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 23.00 डिग्री सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 92 प्रतिशत और सायंकाल 84 प्रतिशत आंकी गई। पिछले 24 घंटों में कुल वर्षा 16.0 मिली मीटर दर्ज की गई। 1 जून से अब तक कुल वर्षा 232.06 (9 इंच) मिमी दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष आज के दिन वर्षा 1.04 मिमी दर्ज की गई थी। जबकि कुल वर्षा 202.06 मिमी हो चुकी थी। सूर्योदय सुबह 5.29 पर और सूर्यास्त शाम 7.00 पर हुआ। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा के आसार हैं। दक्षिणी पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलो मीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

## अगली सुनवाई तक राज्य शासन को जवाब पेश करने के निर्देश

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, नरई नाला की शिक्षक नेहा जैन के स्थानांतरण पर रोक

जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, नरई नाला, जबलपुर में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक नेहा जैन के स्थानांतरण पर रोक लगा दी। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने अगली सुनवाई तक राज्य शासन को जवाब पेश करने के निर्देश दिए।जबलपुर निवासी नेहा जैन की ओर से अधिवक्ता वंदना त्रिपाठी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता का चयन विशेष रूप से एकलव्य विद्यालय में पदस्थापना के लिए हुआ था। शासन द्वारा उन्हें एक गैर-एकलव्य संस्था, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंडला में स्थानांतरित कर दिया गया है, जो नीति के विरुद्ध है। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी 2025 के विभागीय परिपत्र के तहत याचिकाकर्ता से स्थान चयन हेतु पांच विकल्प लिए गए थे, जिनमें मंडला के दो विद्यालय भी शामिल थे, परंतु उन्हें किसी भी विकल्प वाले विद्यालय में स्थानांतरित नहीं किया गया।



## प्राणघातक हमले पर 10 वर्ष का कारावास

अपर सत्र न्यायाधीश अजय रामावत की अदालत ने युवक पर प्राणघातक हमला करने के आरोपित जानसन टावर अपार्टमेंट, गोरखपुर निवासी राजेंद्र विश्वकर्मा का दोष सिद्ध पाया। कोर्ट ने उसे 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया।अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक कुक्कू दत्त ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपित ने 27 जून, 2023 को प्रातः सवा नौ बजे फरियादी विनीत विश्वकर्मा के साथ गाली-गलौच की। साथ ही गर्दन के पीछे चाकू से हमला कर दिया। यही नहीं जान से मारने की धमकी भी दी। बुरी तरह लहुलुहान विनीत को अस्पताल ले जाया गया। साथ ही घमापुर थाने में अपराध पंजीबद्ध कराया गया। अदालत ने दोष साबित पाकर सजा सुना दी।

## हत्याकांड में तीन को आजीवन कारावास

अपर सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार सहलाम की अदालत ने हत्या के आरोपित खमरिया निवासी विपिन बेन, तपन बेन व प्रताप वाल्मीक का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आजीवन कारावास की सजा सुना दी। साथ ही 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक सुशील कुमार सोनी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपितों ने 19 मई, 2023 को एकराय होकर गोपाल की हत्या कर दी थी। कैलाशधाम के समीप लाश फेंककर भाग गए थे। हत्या सिर पर पत्थर पटक कर की गई थी। हत्या की वजह पुरानी रंजिश थी। आरोपित मौके की फिराक में थे। मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दे दिया। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी।



# मोहर्रम को लेकर पुलिस सतर्क

## शांति, सौहार्द्र और सुरक्षा के लिए पुलिस ने निकाला हनुमानताल क्षेत्र में फ्लैग मार्च

हरिभूमि, जबलपुर।

मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जबलपुर पुलिस द्वारा मंगलवार को थाना हनुमानताल क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। यह फ्लैग मार्च पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में एवं एएसपी सिटी आनंद कलादगी के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

### अफसरों की अगुवाई में निकला फ्लैग मार्च

फ्लैग मार्च में सीएसपी गोहलपुर सुनील नेमा, टीआई गोहलपुर रीतेश पाण्डे, टीआई हनुमानताल धीरज राज और टीआई घमापुर प्रतीक्षा मार्को अपनी टीम और क्यूआरएफ बल के साथ शामिल रहे। मार्च की शुरुआत हनुमानताल थाने से हुई और यह घोड़ानक्कास, मिलौनीगंज, मछली मार्केट, नालबंद मोहल्ला, चारखम्बा, बहोराबाग, कसाई मंडी और भानतलैया होते हुए पुनः हनुमानताल थाने पर संपन्न हुआ।

### जनता में सुरक्षा का उद्देश्य-

कप्तान उपाध्याय ने कहा कि फ्लैग मार्च का मकसद आम नागरिकों को यह विश्वास दिलाना है कि पुलिस उनके साथ है और मोहर्रम जैसे संवेदनशील पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह तैयार है। जबलपुर पुलिस हर स्थिति के लिए सतर्क और सजग है। उन्होंने दो टूक कहा कि यदि कोई असामाजिक तत्व माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।




# ठोस अपशिष्ट प्रहार प्रबंधन नियम 2016 का पालन हो

**स्वच्छ वायु गुणवत्ता के लिए महत्वपूर्ण बैठक**

**जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की अध्यक्षता में बुधवार को मानस भवन के बोर्ड रूम में जिलास्तरीय निगरानी समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई और आगामी कार्य योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए निर्देश दिए गए। बैठक में मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल के प्रो। ए।के। शर्मा ने जबलपुर शहर के लिए वायु प्रदूषण के आकलन की स्थिति, स्रोत विभाजन, उत्सर्जन सूची और वहन क्षमता अध्ययन पर विस्तृत प्रस्तुति दी। प्रस्तुति में अध्ययन की रूपरेखा, स्रोत की पहचान, उत्सर्जन प्रमाणीकरण, फैलाव मॉडलिंग और वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने की कार्य योजना के बारे में बताया गया। कलेक्टर श्री सक्सेना ने वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रहार प्रबंधन नियम 2016 के अनुसार ओपन बॉयोमास, कचरा और अलाव जलाने पर लगाए गए प्रतिबंध का कड़ाई से पालन करवाया जाए। इसके अलावा, शहर के प्रमुख भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में होर्डिंग लगाकर और शहर में संचालित डिस्प्ले बोर्ड पर जागरूकता के संदेश प्रदर्शित किए जाएं। बैठक में आगामी 100 दिनों में किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत कार्य योजना पर चर्चा की गई। इसमें शहर के प्रमुख सड़कों की जेटिंग मशीन, वाटर स्प्रिकलर, रोड स्वीपिंग मशीन और डी-फोगर के द्वारा सफाई और धुलाई करने, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को शहर की औद्योगिक इकाइयों में क्लीन फ्यूल का अधिक से अधिक उपयोग के लिए प्रोत्साहित करने और जिला परिवहन विभाग को शहर में अधिक से अधिक वेब बेस्ड पी।यू।सी। सेन्टर्स स्थापित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि प्रदूषण जांच केन्द्रों की संख्या बढ़ायें। पेट्रोल पम्प संचालकों से समन्वय कर प्रत्येक पेट्रोल पम्प पर प्रदूषण केन्द्र बनायें जायें। इसके साथ ही कहा गया कि स्वच्छ वायु को दृष्टिगत रखते हुए ऑक्सीजन पार्क बनाने की दिशा में ठोस कार्ययोजना बनायें। वायु की गुणवत्ता सुधार के लिए सीएनजी वाहनों से कचरा कलेक्शन करने की दिशा में काम किया जाये। इतना ही नहीं कुछ एक होटलों से निकलने वाले राख का उचित निष्पादन कराया जाये। होटल संचालक यदि इस दिशा में सहयोग नहीं करते हैं तो आवश्यक कार्यवाही भी करें। कभी-कभी अनावश्यक रूप से अग्नि दुर्घटना जैसी दुर्घटनाएं घटित हो जाती है जिससे वायु प्रदूषित होती है, अतः ऐसी घटनाएं न हों इसके लिए भी संबंधित अधिकारी आवश्यक तैयारियां करें। कलेक्टर श्री सक्सेना ने कहा कि लाडली बहनों और उज्जवला के हितग्राहियों को 450 रूपये में मिलने वाली गैस सिलेंडर का डाटा बेस दी जाये।

# ज्ञापन न लेने से बिफरे कांग्रेसी, एसपी का पुतला जलाया

## जीतू पटवारी पर एफआईआर के विरोध में प्रदर्शन, गिरफ्तारियां

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर का विरोध में जबलपुर कांग्रेस ने एसपी आफिस का घेराव एवं प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बिगड़ते हालात को कंट्रोल करने के लिये पुलिस ने हलका बल प्रयोग किया, वहीं जानकारी के अनुसार कई कांग्रेसी हिरासत में भी लिये गये, जिन्हें बाद में छोड़ दिया गया।गौरतलब है की बुधवार को जबलपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने की कोशिश की।कांग्रेस का आरोप है की कार्यालय में मौजूद होने के बाद भी पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का ज्ञापन लेने से साफ इनकार कर दिया। इस रवैये से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा।उन्होंने वहीं पर नारेबाजी शुरू कर दी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। कुछ समय के लिए तनावपूर्ण हो गई।



मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात कर दिया गया। लगातार बढ़ रहे विरोध और प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

सभी को सिविल लाइन थाना ले जाया गया। गिरफ्तारी के दौरान भी कांग्रेसजन सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन थाने के सामने एसपी का पुतला जलाया। वही वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा एवं पूर्व कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष अभिषेक चिंटू चौकसे , सौरव नाटी शर्मा के नेतृत्व में आईजी ऑफिस में ज्ञापन दिया गया।

कांग्रेस शहर अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि यह सरकार विपक्ष की आवाज दबाने का काम कर रही है। जीतू पटवारी पर जो फर्जी एफआईआर की गई है, वह लोकतंत्र का गला घोंटने वाली है। हम इस लड़ाई को सड़क से सदन तक लड़ेंगे। चाहे जितनी भी गिरफ्तारियां कर ले, कांग्रेस पीछे हटने वाली नहीं है। इस दौरान पूर्व विधायक विनय सक्सेना, नेता प्रतिपक्ष अमरीष मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक मिश्रा, अभिषेक चौकसे चिंटू, महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति कमलेश यादव, एड भावना निगम, प्रवेन्द्र सिंह चौहान, रज्जू सराफ, बलविंदर मान, इंदिरा पाठक, आयोध्या तिवारी, सुरेन्द्र तिवारी, गुड्डू नबी उस्मानी आदि उपस्थित थे।

# ट्रक की टक्कर से गिरा घड़ी चौक का स्तंभ हुआ धराशायी

**जबलपुर।** विजय नगर का प्रसिध्द चौराहे पर लगा घंड़ी स्तंभ गत रात धराशई हो गया। बताया जा रहा है स्ट्रीट लाईट बंद रहने से उपजे अंधेरे के कारण एक ट्रक उससे टकरा गया जिससे स्तंभ धराशायी हो गया। राहत की बात यह रही को जनहानी नहीं हुई, दुखद यह रहा की एक प्रसिध्द लैंडमार्क विभागीय लापरवाही में धराशाई हो गया।

जानकानी के मुताबिक बरसात के चलते विजय नगर में कई जगह स्ट्रीट लाइटें बंद हो गई हैं। अंधेरे के कारण एक ट्रक चौक में लगी घड़ी वाले स्तंभ से जा टकराया।टक्कर लगते ही घड़ियों वाला स्तंभ जमीन पर आ गिरा। इस दुर्घटना के बाद वहां राहगीरों की भीड़ लग गई। किसी ने नगर निगम में फोन लगाया तो कोई पुलिस को सूचना देने लगा। ताकि सड़क पर गिरे स्तंभ से टकराकर कोई और न दुर्घटना का शिकार हो जाए। वहीं क्षेत्रीय नागरिकों का कहना था कि समय रहते स्ट्रीट लाइटें सुधार दी जाती तो यह दुर्घटना नहीं होती। समय के साथ अब विजय नगर क्षेत्र में भी यातायात बढ़ गया है।



# 6 बटनदार चाकू और मोपेड के साथ दो गिरफ्तार

**क्राइम ब्रांच और बेलबाग पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**

हरिभूमि, जबलपुर। शहर में अवैध हथियारों के कारोबार को लेकर पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के तहत दो युवकों को छह खतरनाक बटनदार चाकुओं के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई मंगलवार रात्रि को क्राइम ब्रांच और थाना बेलबाग की संयुक्त टीम ने की। टीआई बेलबाग राजकुमार खटीक ने बताया कि देर रात क्राइम ब्रांच को विश्वसनीय सूचना मिली कि भानतलैया संजीवनी प्राथमिक शाला के सामने दो युवक 19 वर्षीय आकाश डुमार, 18 वर्षीय सौरभ गौर दोनों निवासी ग्राम पड़रिया, थाना पाटन सफेद मोपेड के साथ संदिग्ध अवस्था में खड़े हैं और उनके पास अवैध चाकू हैं। सूचना पर तुरंत थाना बेलबाग और क्राइम ब्रांच की टीम ने दबिश दी और दोनों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आकाश के पास से चार बटनदार चाकू और सौरभ के पास से दो चाकू बरामद हुए। इनके पास से एक सफेद रंग की मोपेड क्रमांक एमपी-20-जेडजे-8675 भी जब्त की गई। आरोपियों पर धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है

### कार्रवाई में इनकी रही सराहनीय भूमिका-

कार्रवाई में क्राइम ब्रांच के संतोष पांडे, अरविंद श्रीवास्तव, मनीष सिंह, आनंद तिवारी, सुतेन्द्र यादव, प्रीतम उपाध्याय और बेलबाग पुलिस के अतुल राजवैद्य, सुरेश मिश्रा, घनश्याम चौधरी, मोहित, सैनिक सत्यम बिलौहा की भूमिका सराहनीय रही।


**-नशे के खिलाफ पुलिस का बड़ा अभियान, बेहतर कानून व्यवस्था की दिशा में सराहनीय प्रयास**

# तस्करों की कमर तोड़ीः 8 माह में 161 गिरफ्तारी, 1.43 करोड़ का नशा जब्त

हरिभूमि, जबलपुर।

**जबलपुर पुलिस ने नशे के खिलाफ जंग छेड़ते हुए बीते आठ महीनों में मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त 161 आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में नशीला सामान जब्त किया है। पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान ने नशा माफिया की कमर तोड़ दी है। यह कार्रवाई शहर की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है।**

### पुलिस का ठोस एक्शन प्लान



पुलिस कप्तान उपाध्याय ने 25 अक्टूबर 2024 को पदभार ग्रहण करने के दूसरे ही दिन 26 अक्टूबर को कंट्रोल रूम में बैठक लेकर सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इसके बाद एएसपी आनंद कलादगी, एएसपी समर वर्मा और एएसपी (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा के निर्देशन में कार्रवाई शुरू की गई।

### कार्रवाई के प्रमुख आंकड़े

- 133 आरोपी गांजा तस्करी में गिरफ्तार
- 6 आरोपी स्मैक तस्करी में गिरफ्तार
- 644.302 किलो गांजा (कीमत 1.28 करोड़) जब्त
- 70.25 ग्राम स्मैक (कीमत 7.02 लाख) जब्त
- 20 आरोपी नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़े गए
- 22,109 नशीले इंजेक्शन और 7.50 लाख की प्रतिबंधित दवाएं जब्त
- 2 आरोपी दवा तस्करी में गिरफ्तार

### अभियान रहेगा जारी



शहर में अवैध गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है, लगातार हो रही कार्रवाई से असामाजिक तत्वों में डर का माहौल है। मादक पदार्थों के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई और तेज होगी, शहर को नशा मुक्त बनाना प्राथमिकता है।

-संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान

## बारिश में नर्क जैसे हालात, निकलना होता है दूभर

# पक्की सड़क के लिये तरस रहे ग्रामवासी

तहसील मुख्यालय से महज, पांच किलोमीटर दूर बसे वियोसा गांव के ग्रामीणों को बारिश के मौसम में बस एक ही डर सताता रहता है गांव में कोई बीमार ना हो, बच्चों को यही चिंता सताती रहती है कि तेज बारिश ना हो नहीं तो फिर वह स्कूल कैसे जाएंगे। गर्भवती महिलाओं को भी चिंता सताती है कि यदि इमरजेंसी आ गई तो फिर उनके गांव तक जननी एक्सप्रेस कैसे पहुंचेगी। उनकी चिंता का निदान प्रशासन के पास है कि गांव में पक्की सड़क बनाई जाए जिससे उनकी चिंता दूर हो।

हरिभूमि पाटन।

लंबा समय बीत गया यहां पर आज तक पक्की सड़क नहीं बनी है जिसके चलते बारिश के चार माह इस गांव के लोगों को नर्क जैसी जिंदगी जीनी पड़ती है। गांव वालों की माने तो बीमारी के चलते कई लोग अस्पताल नहीं जा पाए और उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी है। ऐसा नहीं है कि इसकी शिकायत गांव वालों ने किसी से की ना हो। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की समस्या को लेकर वह कई बार जिला कलेक्टर तक से गुहार लगा चुके हैं सीएम हेल्पलाइन में शिकायत भी कर चुके हैं लेकिन नतीजा कोई नहीं निकला। यदि प्रशासन चाहे तो कटंगी रोड से महगवां के पास से सीधी सीधी रोड बनाई जा सकती है, वहीं जुगिया रोड पर भी लोगों का कब्जा है, जिसके चलते यहां पर पक्की रोड नहीं बन पा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि यहां पर जल्द से जल्द एक पक्की सड़क बना दी जाए जिससे कि वियोसा गांव के लोगों को आवागमन में होने वाली परेशानी से निजात मिले।





### कार्यकर्ता आधारित दल में कार्यकर्ता को मिला सम्मान : सोनकर

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश भाजपा के संगठन पर्व की पूर्णता पर सम्पन्न हुए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के द्वारा बैतूल से विधायक हेमंत खंडेलवाल निर्विरोध अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए। इस अवसर पर भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा उनके कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं दी गई, साथ ही मप्र से राष्ट्रीय परिषद के लिए निर्वाचित सदस्यो को भी शुभकामनाएं दी है। नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर ने कहा कि कार्यकर्ता आधारित राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी ने एक कार्यकर्ता को सम्मान देकर प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु चुना है श्री खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने से संगठन को एक नई ऊर्जा मिलेगी एवं उनके नेतृत्व में भाजपा मध्यप्रदेश में नए आयाम स्थापित करेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि श्री हेमंत खंडेलवाल को राजनीति एवं संगठन का दीर्घकालिक अनुभव है उन्हें जो जिम्मेदारी प्राप्त हुई उसे उन्होंने बखूबी निभाया है। यह आशा ही नहीं अपितु विश्वास है कि उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश में संगठन को अधिक मजबूती मिलेगी। श्री सोनकर ने संगठन पर्व के अवसर पर राष्ट्रीय परिषद के लिए निर्वाचित सदस्यो को भी शुभकामनाये प्रेषित की है। हेमंत खंडेलवाल के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज बिज के साथ समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



# सड़कों से गायब है नगर परिषद की हाका गैंग

**बरेला।** नगर में वर्तमान में आवारा पशुओं की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है यह आवारा जानवर बस्ती के अंदर गली कूचे से लेकर मुख्य मार्ग में भी धमा चौकड़ी मचाए रहते हैं। यह आवारा जानवर मुख्य सड़क में जहां-तहां बैठकर सड़क में यातायात को बाधित कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर डिवाइडरों में लगे हुए हरे-भरे पेड़ों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बताया जाता है कि यह आवारा जानवर नगर के मुख्य मार्ग में जहां-तहां कब्जा करके बैठ जाते हैं इसके कारण रास्ते से निकलने वाले दो पहिया वाहन चालकों और का,बस चालकों के सामने भी डट कर बैठे रहते हैं हॉर्न बजाने पर भी नहीं उठते हैं तथा बड़े मुश्किल से हटाए हटते हैं। नगर परिषद द्वारा लंबे समय से इन आवारा जानवरों को पकड़ कर गौशाला भेजने की कार्यवाही नहीं की गई है इसके कारण नगर में आवारा जानवरों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है ।इन आवारा जानवरों की वजह से दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं किंतु नगर परिषद के जवाबदेहअधिकारियों द्वारा इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है इसके कारण लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यह आवारा जानवर राह चलते लोगों को टक्कर भी मार देते हैं जिससे लोगों को प्रभाव दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका भी बनी रहती है तथा लोगों के खाद्य पदार्थों पर ।भी झपट्टा मार देते हैं।नगर परिषद द्वारा इन आवारा जानवरों को पकड़ने के लिए भी वाहन भी खरीदा गया है यह वहां फिल्टर प्लांट के पास शोपीस बनकर खड़ा हुआ है तथा उसमें भी उपयोग न होने के कारण जंग लग रहा है। नगर परिषद के जवाब देह अधिकारियों से नगर वासियों की गुजारिश है कि नगर को इन आवारा जानवरों की समस्यासे निजात दिलाई जाए तथा इन जानवरों कोसही जगह गौशाला पहुंचावे ताकि उनकी सही देखभाल हो सके।

## समाजसेवी सतीश नामदेव को प्रथम पुण्यतिथि पर किया याद



**जबलपुर।** कलेक्ट्रेट बार एसोसियेशन के संस्थापक एवं वरिष्ठ समाजसेवी सतीश नामदेव एडवोकेट/ नोटरी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा जिला कलेक्टर कार्यालय अधिवक्ता परिसर में आयोजित की गई। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एड. मनीष मिश्रा ने स्व. सतीश नामदेव को श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्ट्रेट बार के अध्यक्ष विवेक नायक ने श्रद्धांजलि सभा में कहा कि स्व. सतीश नामदेव के आदर्शों, संघर्षों को अधिवक्तागण हमेशा याद रखेंगे। वे एक ईमानदार, मिलनसार व्यक्ति थे, उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के अधिवक्ताओं को संगठन कर जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसियेशन की स्थापना कराई और संस्थापक के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे। श्रद्धांजलि सभा में एड. राधेश्याम तिवारी, एड. संतोष अय्यर, एड. राजू बर्मन, एड. उमा यादव, तुषार मोहन यादव, शरद पटारिया, काली यादव, नामदेव परिवार से उनके पुत्र शैलेष सतीश नामदेव, योगेश नामदेव, समाजसेवी मनोज नामदेव सहित अन्य उपस्थित रहे। श्रद्धांजलि सभा का समापन दो मिनट मौन रखकर किया गया।

# हनुमान मंदिर में रामचरित मानस ग्रंथ भेंट किया



**पाटन।** ग्राम बढैयाखेड़ा के श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में कटरा बेलखैडा के छोटे राजा साहब राजेश सिंह ठाकुर द्वारा हनुमान मंदिर में रामचरितमानस ग्रंथ भेंट किया गया, उनके साथ उनके पुत्र संस्कार सिंह ठाकुर भी उपस्थित रहे। छोटे राजा साहब द्वारा हनुमान मंदिर का अवलोकन किया गया। हनुमान मंदिर में बिगत अनेक बर्षों से प्रति मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ किया जा रहा है। रामायण मंडल समिति के मुन्नालाल तिवारी, अनुराग अवस्थी, ओम तिवारी, अनुज तिवारी, दिनेश दुबे, उदय तिवारी, प्रमोद पांडे , धर्मेंद्र तिवारी, नितिन तिवारी ने राजा साहब की इस पहल पर आभार प्रेषित किया है।

## मां नर्मदा महाआरती की दान पेटी खुली

**भेड़ाघाट।** मां नर्मदा महा आरती पंचवटी घाट भेड़ाघाट की दान पेटी आज खोली गई दान की गिनती कर पैसा बैंक में जमा किए गए। जिसमें राशि 14110 रुपये निकली जिसमें अध्यक्ष नगर परिषद भेड़ाघाट चतुर सिंह लोधी, उपाध्यक्ष जगदीश दहिया, पार्षद संध्या सिंह, महेश तिवारी, सजल तिवारी, लक्ष्मण यादव, आशीष जैन एवं नगर परिषद भेड़ाघाट के सीएमओ विक्रम झरिया लक्ष्मीनारायण दुबे आदि मौजूदगी उल्लेखनी रही।



## कोमल शुक्ला का सेवानिवृत्ति समारोह

**सिहोरा।** शासकीय माध्यमिक शाला रिठौरी मे पदस्थ शिक्षक कोमल शुक्ला को सेवानिवृत्ति पर विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अरविंद सिंह धुर्वे विकासखंड शिक्षा अधिकारी,अशोक उपाध्याय सीएम राइज प्राचार्य,डी पी सी कटनी प्रेमनारायण तिवारी,बृजेश श्रीवास्तव बीआरसीसी,अश्विनी उपाध्याय बीएसी, रमाकांत पांडे विधायक प्रतिनिधि बी.एस. परस्ते संकुल प्राचार्य,संजीव गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्ति जीवन का अहम पड़ावः मिश्रा

सेवानिवृत्ति' जीवन का एक खास पड़ाव है, जहाँ पुरानी यादें और नई उम्मीदें एक साथ चलती हैं उक्त आशय के उद्गार एस डी ओ पीडब्ल्यूडी राजेश मिश्रा ने सेवा निवृत हो रहे उपयन्त्री पी के नायक के सम्मान में आयोजित बिदाई समारोह में व्यक्त किये। मिश्रा ने आगे कहा की सेवानिवृत्ति शासकीय सेवा का अन्तिम पड़ाव अवश्य है लेकिन कर्मचारी की कार्यशैली कर्त्तव्यपरायणता कार्यालय में सदेव उसकी याद दिलाते हैं। साथ ही सिहोरा कार्यालय के दो अन्य कर्मचारी इन्द्रभान सिंह एंव मुन्ना लाल का भी सेवा निवृत्ती के अवसर पर पुष्पमाला शाल श्रीफल से सम्मान करते हुए सहकर्मियों ने उनके स्वस्थ स्वास्थ्य एवं लम्वी आयु की कामना की।इस अवसर पर एस के दुबे,राकेश वर्मा,ओम प्रकाश ठाकुर,कान्टेक्टर अतुल जैन सहित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वूमेन फॉर ट्री थीम पर किया गया वृहद वृक्षारोपण




**भेड़ाघाट।** नगर परिषद भेड़ाघाट द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में वूमेन फॉर ट्री एवं अमृत हरित महाअभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया जिसमें लगभग 251 पौधों का पौधारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम नगर परिषद भेड़ाघाट के अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी एवं उपाध्यक्ष जगदीश दहिया की अध्यक्षता में नगर परिषद भेड़ाघाट के स्वसहायता समूह एवं निकाय के अधिकारी कर्मचारीयों द्वारा किया गया। जिसमें विधायक प्रतिनिधि ओम नारायण दुबे, पार्षद संध्या सिंह, सजल तिवारी, पूर्व उपाध्यक्ष किशोर दुबे, नगर परिषद भेड़ाघाट के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रम सिंह झरिया, नोडल अधिकारी निधि परोहा, उद्यान प्रभारी लक्ष्मी नारायण दुबे, सुनील बैरागी, प्रिंसी नामदेव, विजय कोरी, डालचंद सेन एवं निकाय के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### समाज सेविका, लेखिका डॉ. मोना को मिला 'राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार'

*15 अगस्त को दिल्ली में होंगी सम्मानित*

**जबलपुर।** समाज सेवा, साहित्य एवं प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए वायएसएस फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा लेखिका एवं समाजसेविका डॉ. मोना का चयन प्रतिष्ठित 'राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार' 2025 के लिए किया गया है। यह पुरस्कार एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा। लेखिका, गीतकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में डॉ. मोना को पूर्व में भी कई पुरस्कार मिल चुके हैं, उनके द्वारा लिखे गए कई लेख, रचनाएं एवं शोध पत्र प्रसिद्ध पत्रिकाओं व जनरल्स में प्रकाशित हुए हैं तथा प्रबंधन व हिन्दी साहित्य पर उनकी तीन पुस्तकें प्रकाशनाधीन हैं।



# आदिवासियों पर अत्याचार के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**बरेला।** आल इंडिया कांग्रेस अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष रामू टेकाम के निर्देश पर मप्र खातेगांव खिवनी में वनविभाग द्वारा आदिवासीयों पर हुए अत्याचार के विरोध में एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज फर्जी प्रकरण को निरस्त करने आदिवासी कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम जिला मुख्यालय में ज्ञापन सौंपा है। आदिवासी जिला अध्यक्ष नीलेश बरकड़े, नगर अध्यक्ष धीरेंद्र ठाकुर, दीपक मोहन जित्तु अनुज विष्णु सचिन व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जबलपुर के वकीलों ने पीएम व महाराष्ट्र के सीएम को भेजा पत्र

## हिंदी भाषी प्रांतों के निवासियों को परेशान न करने का आग्रह

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट एसोसिएशन व जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र भेजा है। इसके जरिए हिंदी भाषी प्रांतों के निवासियों से मारपीट रोकने व हिंदी भाषा का प्रयोग बाधित न करने की मांग की गई है। हाई कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पत्र कलेक्टर के माध्यम से भेजा गयाा है। जिसमें साफ किया गया है कि हिंदी भाषा भारत का गौरव है। इसलिए हिंदी बोलने वालों के साथ किसी भी राज्य में अत्याचार अनुचित है। यह एक तरह से देश का अपमान है। इससे देश की एकता व अखंडता को खतरा पैदा हो सकता है। लिहाजा, समय रहते इस तरह की हरकतों पर ठोस अंकुश सुनिश्चित किया जाए। ऐसा न होने पर अधिवक्ता समुदाय अपने स्तर पर प्रतिकार करेगा। दक्षिण भारत के राज्यों में उत्तर भारतीयों के साथ भेदभाव भी अनुचित है। इस पर भी विराम लगाया जाना चाहिए। इस तरह भारतवासियों के बीच फैलता वैमनस्य खतरनाक है। लिहाजा, केंद्र व राज्य सरकारें अपनी जिम्मेदारी समझें। हाई कोर्ट व जिला बार की संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पत्र तैयार किया गया है।

## ब्राह्मण समाज की वार्षिक आम बैठक आयोजित

**सिहोरा।** सर्वोदय ब्राह्मण समाज की वार्षिक आम बैठक सुबोध पांडे एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। बैठक में पिछले वर्ष की आय-व्यय का अनुमोदन किया गया और आगामी वर्ष के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा हुई । इस अवसर पर



राजेश कुररिया अध्यक्ष, जयप्रकाश तिवारी महामंत्री, रामदत्त मिश्रा, विष्णुदत्त गौतम, मिथिलेश शुक्ला, सुरेंद्र मिश्रा, के.के. कुररिया, जगदीश प्यासी,रामप्रताप उपाध्याय, बालमुकुंद चौबे, सुरेन्द्र शुक्ला, रवि मिश्रा, अर्जुन गर्ग, योगेन्द्र मिश्रा, अभिषेक परौहा, डब्बू पाठक आदि उपस्थित थे।

**श्री संतोष रजक-** ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री संतोष रजक (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कृष्णा रत्नानी-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री लक्ष्मण दास रत्नानी की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा रत्नानी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**डॉ. गोपाल पोल-** सुधा विहार रामपुर निवासी डॉ. गोपाल पोल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेंद्र सोनकर-** गोराबाजार केंट निवासी श्री महेंद्र सोनकर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जुगल राव-** गढ़ा रानी दुर्गावती वार्ड निवासी श्री जुगल राव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन सिंह राजपूत-** नारायण चौक निवासी श्री मोहन सिंह राजपूत (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री टेकचंद केवट-** बादशाह




हलवाई मंदिर के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री टेकचंद केवट का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अक्षय पटेल-** दक्षिण मिलौनीगंज बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री मनोहर पटेल के पुत्र श्री अक्षय पटेल (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नीरज गणेश-** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर निवासी श्री नीरज गणेश (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्नालाल कुचबंधिया-** शीतलामाई कुचबंधिया मोहल्ला निवासी श्री मुन्नालाल कुचबंधिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बेनी प्रसाद चौधरी-** सुशीला परिसर अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री बेनी प्रसाद चौधरी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरीनाथ प्रजापति-** शीतलामाई ताड़ीखाना के पीछे निवासी श्री हरीनाथ प्रजापति (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
ब्लैक&व्हाईट 300/-
रंगीन 400/-
रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100





## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए खंडेलवाल और राष्ट्रीय परिषद के 44 सदस्यों के लिए नामांकन पत्र जमा

भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संगठन पर्व की प्रक्रिया एक जुलाई मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रारंभ हुई। केंद्रीय मंत्री व मध्यप्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र प्रधान, पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक सरोज पाण्डेय और राज्य निर्वाचन अधिकारी विवेक नारायण शेजवलकर के समक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पार्टी के वरिष्ठ नेता व विधायक हेमंत खंडेलवाल का प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन-पत्र जमा कराया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीरेन्द्र कुमार, सावित्री ठाकुर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेन्द्र शुक्ल, प्रदेश शासन के मंत्री राकेश सिंह, प्रहलाद सिंह पटेल एवं कैलाश विजयवर्गीय की ओर से पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, विधायक हेमंत खंडेलवाल के प्रस्तावक बने।

### सबसे ज्यादा 8 बार मालवा-निमाड़ अंचल को मिला मौका, दूसरे नंबर पर ग्वालियर अंचल, जहां से 4 बार प्रदेश में भाजपा का मुखिया रहा

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने वाले मध्य क्षेत्र से शिवराज के बाद हेमंत दूसरे नेता

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बाद हेमंत खंडेलवाल दूसरे ऐसे नेता हैं जो मध्य क्षेत्र से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने से पहले शिवराज मई 2005 से फरवरी 2006 तक प्रदेश अध्यक्ष रहे थे।

पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके शिवराज सिंह चौहान पिछड़ा वर्ग से हैं, जबकि हेमंत खंडेलवाल सामान्य वर्ग से आते हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्षों के कार्यकाल पर नजर डालें तो इस पद पर मालवा-निमाड़ अंचल के नेताओं को सबसे ज्यादा 8 को प्रदेश अध्यक्ष बनने का मौका मिला है। दूसरे नंबर पर ग्वालियर अंचल रहा, जहां से 4 बार प्रदेश में भाजपा का मुखिया रहा।

## मालवा-निमाड़ से पटवा दो बार रहे अध्यक्ष



### महाकौशल क्षेत्र से दो बार मिल चुका संगठन को नेतृत्व

महाकौशल क्षेत्र से भाजपा को दो बार प्रदेशाध्यक्ष मिला। पहली बार सामान्य वर्ग के शिवप्रसाद चनपुरिया 1985 से 1986 से तक अध्यक्ष रहे। दूसरी बार इसी वर्ग के राकेश सिंह को मौका मिला। वे 2018 से 2020 तक संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रहे। वर्तमान में राकेश सिंह पीडब्ल्यूडी मंत्री हैं। अविभाजित मध्य प्रदेश के समय छत्तीसगढ़ के दो नेता भी मप्र भाजपा अध्यक्ष रहे हैं। रायगढ़ से सामान्य वर्ग के लखीराम अग्रवाल ने 1990 से 1994 तक और आदिवासी वर्ग से नंदकुमार साय ने 1997 से 2000 तक प्रदेश संगठन की कमान संभाली थी।

### इन्होंने भी संभाली थी कमान

*मालवा-निमाड़ क्षेत्र से भाजपा ने सबसे ज्यादा 8 बार संगठन को नेतृत्व दिया। भाजपा के पहले प्रदेशाध्यक्ष रहे सामान्य वर्ग के सुंदरलाल पटवा मंदसौर से थे। इस पद पर वे दो बार रहे। पहली बार 1980 से 1983 तक और दूसरी बार 1986 से 1990 तक। इसके बाद सामान्य वर्ग से ही रतलाम के लक्ष्मीनारायण पाण्डे 1994 से 1997 तके प्रदेशाध्यक्ष रहे। धार के पिछड़ा वर्ग के विक्रम वर्मा 2000 से 2002 तक प्रदेशाध्यक्ष रहे। इसी तरह देवास से इसी वर्ग के कैलाश जोशी ने 2002 से 2005 तक संगठन का नेतृत्व किया। उज्जैन के अजा वर्ग के सत्यनारायण जटिया फरवरी 2006 से नवंबर 2006 तक प्रदेशाध्यक्ष रहे। खंडवा सांसद रहे सामान्य वर्ग के नंदकुमार सिंह चौहान इस पद पर 2016 से 2018 तक रहे।*

### नरेंद्र तोमर को भी मिला दो बार मौका

ग्वालियर-चंबल से संगठन को 4 बार नेतृत्व करने का मौका मिला। सामान्य वर्ग के नरेंद्र सिंह तोमर को दो बार कमान सौंपी गई। पहली बार वे 2006 से 2010 तक और दूसरी बार 2012 से 2014 तक प्रदेशाध्यक्ष रहे। 2014 में वो मोदी कैबिनेट में शामिल हुए। इसके बाद कमान सामान्य वर्ग के प्रभात झा को मिली। वे 2010 से 2013 तक प्रदेशाध्यक्ष रहे। मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष सामान्य वर्ग के वीडी शर्मा भी चंबल से हैं। उन्हें 2020 में संगठन की कमान सौंपी गई थी।

## कार्यकर्ताओं में उत्साह, नेता बोले: पार्टी का निर्णय ही सर्वोपरि

### बैतूल में जिला भाजपा कार्यालय में हुई आतिशबाजी, कार्यकर्ताओ ने एक-दूसरे को खिलाई मिठाई

भारतीय जनता पार्टी द्वारा बैतूल विधायक हेमंत विजय खंडेलवाल को मध्यप्रदेश भाजपा का अध्यक्ष चुना गया है। हालांकि औपचारिक घोषणा बुधवार को की जाएगी। इधर खंडेलवाल के नाम चुने जाने के बाद बैतूल सहित प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं के बीच खुशी का माहौल है। बैतूल में जिला भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी के साथ ही कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। वहीं भाजपा नेताओं ने निर्वाचन की प्रक्रिया को पर्व बताते हुए पार्टी का निर्णय ही सर्वोपरि निर्णय कहा है।

#### सभी कार्यकर्ताओं को बधाई



मप्र वह स्थान है, जहां आजादी के बाद जनसंघ में सबसे पहले हमारी नगरपालिकाएं जीती, नगर निगम जीती, विधानसभा-लोकसभा सीट जीतने का रिकार्ड है। हमारा संगठन पर्व बाकी पार्टियों के लिए भी मिसाल है। संगठन की परंपरा के अनुसार, नामांकन पत्र जमा हुए हैं। बुधवार को परिणाम घोषित होंगे। मेरी ओर से सभी कार्यकर्ताओं को बधाई।

डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मप्र

#### कार्यकर्ताओं में उत्साह है



हमारे चुनाव की प्रक्रिया चुनाव अधिकारी धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में प्रारंभ हुई है। बुधवार को इसकी प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ घोषणा होगी। भाजपा का संगठन का पर्व, बूथ से लेकर मंडल, मंडल से लेकर जिला, मप्र की परिपूर्णता आज प्रदेश के निर्वाचन के साथ पूरी हो रही है। कार्यकर्ताओ में बहुत उत्साह है। मैं सभी कार्यकर्ताओ और पूरे नेतृत्व को इस बात के लिए बहुत बधाई देता हूं।

विष्णुदत्त शर्मा
प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद

#### कुशल संगठक को कमान मिली



एक कुशल संगठक को प्रदेश अध्यक्ष की कमान मिली है। हम लोगों ने उनकी संगठन क्षमता को करीब से देखा है। जिले का एक-एक कार्यकर्ता उत्साहित है।

कमलेश सिंह
जिला महामंत्री बैतूल भाजपा

#### भाजपा में निर्वाचन प्रक्रिया पर्व के समान



भाजपा में गौरवशाली परंपरा है। हम संगठन में होने वाली निर्वाचन की प्रक्रिया को भी पर्व के रूप में मनाते हैं। हम कह सकते हैं कि पर्व मना रहे हैं। जिसका अंतिम चरण संपन्न हुआ है। पार्टी अपने स्तर पर योग्य और बेहतर कार्यकर्ता को प्रदेशाध्यक्ष के रूप में निर्वाचित करेगी।

राकेश सिंह
मंत्री, मप्र

#### एक नाम पर सहमत



भाजपा में लोकतांत्रिक पद्धति से सभी निर्वाचन संपन्न होते हैं। इसके तहत प्रदेशाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया भी हुई। बुधवार को घोषणा की जाएगी। लोकतंत्र का मतलब यह भी होता है कि पार्टी में सभी लोग किसी एक नाम पर सहमत होते हैं, वह भी लोकतंत्रा का हिस्सा है।

भूपेंद्र सिंह,
पूर्व मंत्री

#### यह गौरव का क्षण है



बैतूल जिले के लिए यह गौरव का क्षण है, जिले का एक-एक कार्यकर्ता उत्साहित है, हर्षित है। बैतूल भाजपा कार्यालय विजय भवन में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी भी की।

सुधाकर पवार
जिला अध्यक्ष, भाजपा बैतूल

#### पार्टी का निर्णय ही सर्वोपरि



सबकी सहमति से एक नाम आया है। बुधवार को उसकी औपचारिक घोषणा होगी। पार्टी का निर्णय ही सर्वोपरि निर्णय होता है। सब निर्णय से सहमत हैं।

फग्गन सिंह कुलस्ते,
सांसद

---

### छत्तीसगढ़ में शुरू हुई दुधारू पशु प्रदाय योजना

## 325 आदिवासी परिवारों को मिलेंगी 650 स्पेशल गाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के छह जिलों जशपुर, बलरामपुर, कांकेर, कोंडागांव, महासमुंद और सारंगढ़-बिलाईगढ़ में गाय बांटने की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। 325 अनुसूचित जनजातीय परिवार की महिलाओं को साहीवाल नस्ल की 650 गाय दी जाएंगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस साल जून के पहले सप्ताह में कोंडागांव जिले के भोंगापाल गांव में दुधारू पशु प्रदाय योजना का शुभारंभ किया था।

#### 50% अनुदान

*राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अधिकारियों का कहना है कि एक गाय की मूल कीमत 75 हजार रुपए है। इसमें 50 प्रतिशत राशि अनुदान में मिलेगी। 40 प्रतिशत लोन और दस प्रतिशत हितग्राही को जमा करना होगा। महिलाओं को गाय पालने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एक परिवार को दो गाय दी जाएगी।*

#### छह जिलों में शुरू हुआ पायलट प्रोजेक्ट

राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित के माध्यम से यह पायलट प्रोजेक्ट छह जिलों में शुरू किया गया है, जिसके सफल क्रियान्वयन के बाद इसे पूरे प्रदेश में विस्तारित किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित क्षेत्रों में डेयरी उद्यमिता को बढ़ावा और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उनके आर्थिक और सामाजिक स्तर में सुधार लाना है। इससे राज्य में दुग्ध उत्पादन भी बढ़ेगा। वर्तमान में प्रदेश में प्रतिदिन 58 लाख किलोग्राम दूध का उत्पादन किया जा रहा है।

## बी फार्मा की छात्रा से ठगे 58500 रुपए

भिलाई। डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी में बी फार्मा की पढ़ाई कर रही छात्रा से 58500 रुपए धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। छात्रा की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। सुपेला पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक उतई थाना अंतर्गत आमालोरी निवासी प्रार्थिया गुंजन चंद्राकर (22) गर्ल्स हॉस्टल भिलाई में रहकर शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी में बी फार्मा की पढाई कर रही है। प्रार्थिया के मुताबिक 28 जून को उसके मोबाइल पर एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह भोपाल साइबर सेल से बोल रहा है। उसने प्रार्थिया से कहा कि उसके नाम पर किसी व्यक्ति ने सायबर थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। फोन करने वाले ने प्रार्थिया से यह भी कहा कि उसका एडिट पर्सनल वीडियो और फोटो उसके पास है।

### हाई स्कूल के 14 और हायर सेकंडरी के 15 प्रिंसिपल पर कार्रवाई

## खराब नतीजे देने वाले स्कूलों के प्रिंसिपल की अब खैर नहीं

प्रिंसिपलों से खराब रिल्ट आने का कारण पूछा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कक्षा 10वीं व 12वीं में खराब रिजल्ट देने वाले स्कूलों के प्रिंसिपल की कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बैठक लेकर खिंचाई की। इन प्रिंसिपल से रिजल्ट खराब आने का कारण पूछा गया। खराब रिजल्ट देने वाले हाई स्कूल के 14 और हायर सेकंडरी स्कूल के 15 प्रिंसिपल के खिलाफ वेतन वृद्धि रोकने और 30 प्रतिशत से कम रिजल्ट देने वाले प्रिंसिपल को निलंबित करने के लिए प्रस्ताव बनाकर संचालक स्कूल शिक्षा को भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

#### रिजल्ट सुधारने की दी हिदायत

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने चालू शिक्षण सत्र में होने वाली तिमाही और छमाही परीक्षाओं में स्कूलों का रिजल्ट सुधारने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने यह भी चेताया कि तिमाही और छमाही परीक्षा में भी रिजल्ट खराब आने पर प्रिंसिपल के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने बच्चों की नियमित उपस्थिति के लिए पालकों के साथ बैठक करने और शाला प्रबंधन समिति की नियमित बैठक करने को भी कहा है। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जगदल्ले और डीएमसी उपस्थित रहे।

#### प्राचार्यों में हड़कंप मच गया

*कलेक्टर मिश्रा ने निर्देशित किया है कि मिशन उत्कर्ष में दिए गए कैलेंडर, पाठ्यक्रम, समयसारिणी अनुसार बच्चों की मासिक तैयारी कराएं। जब स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा, तब स्कूल में मासिक परीक्षा, पढ़ाए गए पाठ्यक्रम बच्चों द्वारा दी गई परीक्षा और रिजल्ट की जांच की जाएगी। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित संस्था के प्राचार्य पर कार्रवाई करने की बात कही है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के इस कड़े रुख से खराब रिजल्ट आने वाले स्कूलों के प्राचार्यों समेत अन्य स्कूलों के प्राचार्यों में हड़कंप मच गया है।*

#### जिले के कई स्कूलों में आया खराब रिजल्ट

उल्लेखनीय है कि इस साल जिले के कई स्कूलों में कक्षा 10वीं व 12वीं के खराब रिजल्ट आए हैं। लोहरसी समेत कुछ गांवों के पालकों ने तो खराब रिजल्ट को देखकर सीधे स्कूल से ही शिक्षकों को हटाने की मांग की थी। खराब रिजल्ट को लेकर जिले की जमकर बदनामी हुई थी, ऐसे में नाराज कलेक्टर ने भविष्य में बोर्ड कक्षा 10वीं व 12वीं का रिजल्ट खराब न आए, इसे ध्यान में रखते हुए कमजोर परफॉर्मेंस वाले स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक लेकर क्लास ली है।

## जनसंपर्क आयुक्त डॉ. खाड़े ने संचालनालय में रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनसम्पर्क आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने मंगलवार को जनसम्पर्क संचालनालय परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने अशोक और गुलमोहर का पौधा लगाया। इस अवसर पर जनसम्पर्क के स्टाफ ने आयुक्त जनसम्पर्क को उनके जन्मदिवस के अवसर पर बधाई दी। इस दौरान अपर संचालक जीएस वाधवा, अपर संचालक संजय जैन एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

---

### क्षतिग्रस्त पुलों के पुनर्निर्माण योजना के क्रियान्वयन के लिए 4 हजार 572 करोड़ रुपए की मंजूरी

# ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अब मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना लांच करने जा रही है। इस योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा के एक ऐसे ग्राम का चयन किया जाएगा, जिसकी वर्तमान जनसंख्या न्यूनतम 2000 हो एवं गो-वंश की न्यूनतम संख्या 500 हो। ऐसे ग्रामों को मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम के रूप में विकसित कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

ये ग्राम आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के अन्य ग्रामों के समक्ष विकास का आदर्श प्रस्तुत करेंगे। कैबिनेट की बैठक में आज इस मसौदे का अनुमोदन कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। इसमें प्रदेश के ग्रामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना का अनुमोदन किया गया। इस योजना के तहत गो-पालन एवं डेयरी विकास, पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, चारागाह विकास, अधोसंरचना विकास, स्वरोजगार सहित ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किए जाने का निर्णय लिया गया है।

### राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय भोपाल में स्थापित किए जाने पर सैद्धांतिक स्वीकृति

- प्रत्येक विधानसभा में एक गांव का होगा चयन
- कैबिनेट की बैठक में हुआ निर्णय



#### कुछ ग्राम इस प्रकार विकसित किए जाएं, ताकि वे उदाहरण बनें

राज्य शासन का मानना है कि प्रदेश में कुछ ग्राम इस प्रकार विकसित किए जाएं, ताकि वे आत्मनिर्भर होकर प्रदेश के समस्त ग्रामों के लिए उदाहरण बनें तथा अन्य ग्राम इन चयनित ग्रामों से प्रेरित होकर स्वयं भी आत्मनिर्भरता और चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर हों। इन चयनित ग्रामों में विभिन्न विभागों के अन्य विकास कार्यों के साथ मुख्य रूप से गोवंशीय एवं अन्य दुधारू पशुओं के पालन, दुग्ध-उत्पादन एवं डेयरी विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। जहां स्वच्छता एवं हरियाली के साथ-साथ गोसेवा और आध्यात्मिकता से समन्वित आर्थिक आत्मनिर्भरता प्रत्यक्षतः दृष्टिगोचर हो।

#### वृंदावन ग्राम में मिलेंगी सुविधाएं

*वृन्दावन ग्राम में विभिन्न विभागों के माध्यम से जो सुविधाएं उपलब्ध कराई जाना है, वे 6 श्रेणियों में होगी। चयनित वृन्दावन ग्राम में अधोसंरचना के लिए गोशाला, ग्राम पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी भवन, स्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल भवन, यात्री प्रतीक्षालय, सोलर स्ट्रीट लाइट, पुस्तकालय, सर्वसुविधायुक्त आजिविका भवन-ग्रामीण आजीविका के लिए वर्कशेड, पशु चिकित्सालय आदि की सुविधाएं मिलेगी।*

#### कुल 1266 नवीन पदों की स्वीकृति

*कैबिनेट ने नवीन कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मप्र न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशालाओं में 202 वैज्ञानिक अधिकारी को सम्मिलित कर कुल 1266 पदों की स्वीकृति दी गई। स्वीकृति अनुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 176(3) के क्रियान्वयन के लिए 7 वर्ष या उससे अधिक सजा वाले समस्त अपराधों में फॉरेंसिक विशेषज्ञ के अनिवार्य तथा आवश्यक भ्रमण के लिए 1266 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई। नए कानून को लागू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है।*

#### राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की स्थापना भोपाल में किए जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति

कैबिनेट ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर के परिसर की स्थापना भोपाल में किए जाने के लिए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (आरआरयू) की स्थापना के लिए तीन वर्षों के लिए प्रति वर्ष एक करोड़ 5 लाख रुपए की राशि प्रदान की जाएगी।

#### गोपालन एवं डेयरी विकास को बढ़ावा

मुख्यमंत्री वृन्दावन ग्राम योजना के उद्देश्यों में गोपालन एवं डेयरी विकास को बढ़ावा देना। ग्राम को दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के साथ सहकारिता के माध्यम से दुग्ध व्यवसाय का प्रसार करना, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके। पर्यावरण संरक्षण, जैविक कृषि, जल संरक्षण तथा सौर ऊर्जा संबंधी गतिविधियों को जनभागीदारी से क्रियान्वित करना, चारागाह विकास, ग्राम में अधोसंरचना विकास, ग्रामीण परिवारों का रोजगार/स्वरोजगार आधारित आर्थिक सुदृढ़ीकरण और ग्रामीण विकास के विषयगत दृष्टिकोणों को अपनाते हुए सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करना है।

# पीएनबी ने दी राहत, अब खाते में न्यूनतम राशि न रखने पर नहीं लगेगी पेनाल्टी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने अपने अकाउंट होल्डर्स को बड़ी राहत दी है। बैंक ने ऐलान किया है कि अब सेविंग्स अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस न मेंटेन करने पर कोई जुर्माना नहीं वसूला जाएगा। बैंक के इस फैसले से अकाउंट में मिनिमम बैलेंस रखने की चिंता से लोगों को राहत मिलेगी।

बैंक का कहना है कि इस कदम का मकसद वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और सभी के लिए बैंकिंग को अधिक सुलभ बनाना है। बैंक का यह नया नियम 1 जुलाई, 2025 से लागू हो गया है। इससे खासतौर पर महिलाओं, किसानों और निम्न आय वाले परिवारों को मदद मिलेगी। पिछले महीने केनरा बैंक ने भी जून के महीने से अपने सभी अकाउंट्स पर एवरेज मंथली बैलेंस (एएमबी) मेंटेन करने की जरूरत को हटा दिया। वहीं, मिनिमम बैलेंस मेंटेन न करने पर बैंक अपने ग्राहकों से जुर्माना वसूलती है। कई बार तो लंबे समय तक अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस मेंटेन न करने पर बैंक अकाउंट तक बंद करा देते हैं। मोटे तौर पर समझे तो बैंक एक बिजनेस है, जो अपने खर्चों को पूरा करने के लिए डिपॉजिट और पेनाल्टी पर ही निर्भर रहते हैं। मिनिमम बैलेंस को लेकर आरबीआई के नियम के मुताबिक, बैंक हमेशा इस बात का ध्यान रखें कि खाते में मिनिमम बैलेंस मेंटेन न होने पर पेनाल्टी लगने से खाते का बैलेंस कहीं नेगेटिव में न चला जाए।

## पंजाब नेशनल बैंक का नया नियम एक जुलाई से लागू हो गया

### बैंक क्यों थोपते हैं मिनिमम बैलेंस का रूल?

बैंक इसलिए अपने अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस मेंटेन करने के लिए कहती है ताकि अपने ऑपरेश्नल खर्चों को पूरा किया जा सके और ग्राहकों को तरह-तरह की सर्विस जैसे कि ऑनलाइन बैंकिंग, एटीएम, ब्रांच वगैरह का खर्च उठा सके। कई बार बैंक मिनिमम बैलेंस मेंटेन करने पर ग्राहकों को अधिक इंटरेस्ट रेट, फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन जैसी सुविधाएं भी देती है।




### इन चीजों से भी बैंकों की होती है कमाई

हालांकि, कई बार बैंक इसलिए इस नियम को हटा देते हैं ताकि दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों और कम आय वाले व्यक्तियों को बिना किसी जुर्माने के बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने में आसानी हो। इससे बैंक के ऑपरेश्नल कॉस्ट का खर्चा कई दूसरी चीजों से निकल आता है जैसे कि एसएमएस अलर्ट फीस, सर्विस फीस, ट्रांजैक्शन फीस, इंटरेस्ट वगैरह।

## खबर संक्षेप



### ईसीओआर की माल ढुलाई जून तिमाही में 9.69% बढ़ी

**भुवनेश्वर।** पूर्व तटीय रेलवे (ईसीओआर) ने अप्रैल से जून 2025 तक कुल 6.82 करोड़ टन माल ढुलाई की, जो 9.69 प्रतिशत की वृद्धि है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ईसीओआर ने पिछले साल इसी अवधि में 6.22 करोड़ टन माल ढुलाई की थी। इस साल जून में माल ढुलाई 2.31 करोड़ टन तक पहुंच गई, जो पिछले साल इसी माह में 2.15 करोड़ टन की माल ढुलाई से 7.72 प्रतिशत की वृद्धि है।

### रुपया नौ पैसे टूटकर 85.68 प्रति अमेरिकी डॉलर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे टूटकर 85.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में मामूली सुधार से भी रुपये पर दबाव पड़ा क्योंकि बाजार निवेशक भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का इंतजार कर रहे हैं, जिसके लिए बातचीत जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.59 पर खुला। इसने कारोबार के दौरान 85.57 के उच्चस्तर तथा 85.75 के निचले स्तर को छुआ।

### हीरो मोटर्स ने आईपीओ लाने दाखिल किए दस्तावेज


**नई दिल्ली।** वाहन कलपुर्जा विनिर्माता कंपनी हीरो मोटर्स ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 1,200 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं।




भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष सोमवार को दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ 800 करोड़ रुपये के नए शेयर और 400 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। नए निर्गम से हासिल 285 करोड़ रुपये का उपयोग ऋण के भुगतान के लिए और 237 करोड़ रुपये का उपयोग उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में कंपनी की सुविधा में क्षमता विस्तार के लिए उपकरणों की खरीद के लिए किया जाएगा।

### किआ इंडिया की बिक्री पहली छमाही में 12.7 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता किआ इंडिया की बिक्री चालू कैलेंडर वर्ष की पहली छमाही में 12.7 प्रतिशत बढ़कर 1,42,139 इकाई रही है।



बीते वर्ष इसी अवधि में कंपनी ने 1,26,137 वाहन बेचे थे। बयान के अनुसार, वैश्विक बाजारों में भी भारत में बने किआ के वाहनों का आकर्षण बना हुआ है। कंपनी ने इस साल की पहली छमाही में 11,813 वाहनों का निर्यात किया। किआ इंडिया के मुख्य बिक्री अधिकारी जूनसू चो ने कहा, '2025 की पहली छमाही किआ इंडिया के लिए उत्साहजनक रहा।

### कदम ने सेबी के कार्यकारी निदेशक का पद संभाला

**नई दिल्ली।** सुनील जयवंत कदम ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यभार संभाल लिया है।



कदम सूचना प्रौद्योगिकी, निवेशक सहायता और शिक्षा तथा राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) से संबंधित मामलों सहित कई विभागों को संभालेंगे। वह अपनी नई भूमिका में आर्थिक और नीति विश्लेषण, सामान्य सेवाएं, बोर्ड प्रकोष्ठ, आरटीआई और पीक्यू प्रकोष्ठ की भी देखरेख करेंगे। कदम 1996 से सेबी से जुड़े हैं और इस पदोन्नति से पहले मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे।

## आरकॉम के ऋण खाते को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करेगा बैंक

# अनिल अंबानी को बड़ा झटका, आरकॉम के लोन अकाउंट पर भारतीय स्टेट बैंक लेगा कड़ा एक्शन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने संकटग्रस्त दूरसंचार कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत करने और इसके पूर्व निदेशक अनिल अंबानी का नाम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को रिपोर्ट करने का फैसला किया है। संभावना है कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) को ऋण देने वाले अन्य ऋणदाताओं द्वारा भी यही कदम उठाया जाएगा।

रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से इस संबंध में 23 जून, 2025 का एक पत्र मिला है। बैंक की 'धोखाधड़ी पहचान समिति' को कर्ज के निर्धारित से अलग इस्तेमाल का पता चला है। एसबीआई ने कंपनी के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में दर्ज करने और आरबीआई के मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार अनिल अंबानी का नाम केंद्रीय बैंक को रिपोर्ट करने का फैसला किया है।

## बैंक ने अनिल अंबानी का नाम आरबीआई को रिपोर्ट करने का लिया फैसला

### 21 दिन के भीतर सूचना देनी चाहिए

आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, जब कोई बैंक किसी खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत करता है, तो ऋणदाता को धोखाधड़ी का पता चलने के 21 दिन के भीतर आरबीआई को इसकी सूचना देनी चाहिए और मामले की सूचना सीबीआई/ पुलिस को भी देनी चाहिए। सूचना के अनुसार, रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी अनुषंगी कंपनियों को बैंकों से कुल 31,580 करोड़ रुपये का कर्ज मिला।




### पत्र में यह कहा गया

पत्र में कहा गया है कि तदनुसार, बैंक की धोखाधड़ी पहचान समिति ने आरसीएल के ऋण खाते को 'धोखाधड़ी' के रूप में वर्गीकृत करने का निर्णय लिया है। आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, दंडात्मक प्रावधान, कंपनी के प्रवर्तक निदेशक और अन्य पूर्णकालिक निदेशकों सहित धोखाधड़ी करने वाले उधारकर्ता पर लागू होते हैं।

### कर्ज निर्धारित जगह के बजाय अन्यत्र किया गया

एसबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशन को भेजे पत्र में कहा कि इसमें पाया गया है कि कर्ज के निर्धारित के बजाय अन्यत्र इस्तेमाल के कारण समूह की कई इकाइयों में कोष की आवाजाही का जटिल जाल फैला हुआ है। उसने कहा, "हमने अपने 'कारण बताओ नोटिस' के जवाबों का संज्ञान लिया है और उनकी उचित जांच के बाद यह निष्कर्ष निकाला है कि प्रतिवादी द्वारा ऋण दस्तावेजों की सहमत शर्तों और नियमों का पालन नहीं किया।"

### 44 प्रतिशत का उपयोग कर्ज पटाने में

इस अवधि के बाद, यह निर्णय अलग-अलग संस्थाओं को लेना होगा कि ऐसे उधारकर्ता को ऋण दिया जाए या नहीं तथा धोखाधड़ी वाले खातों के मामले में कोई पुनर्गठन या अतिरिक्त सुविधाएं प्रदान नहीं की जा सकती हैं। धोखाधड़ी पहचान समिति की रिपोर्ट के अनुसार, कुल ऋण में से 13,667.73 करोड़ रुपये यानी करीब 44 प्रतिशत का उपयोग कर्ज और अन्य दायित्वों के पुनर्भुगतान में किया गया।

### 6265 करोड़ का उपयोग अन्य बैंक का कर्ज चुनाने में

शेयर बाजार को दी गई सूचना में बताया गया कि 6,265.85 करोड़ रुपये का उपयोग अन्य बैंक कर्ज को चुकाने के लिए किया गया और 5,501.56 करोड़ रुपये का भुगतान संबंधित या जुड़े पक्षों को किया गया, जो स्वीकृत उद्देश्यों से संरेखित नहीं थे। इसके अलावा, देना बैंक से 250 करोड़ रुपये के ऋण (जो वैधानिक बकाया के लिए था) का इस्तेमाल स्वीकृत उपयोग के अनुरूप नहीं किया गया।

## दूसरी श्रेणी के शहरों का बड़ा योगदान : रिपोर्ट

# जून में भर्तियां 20 प्रतिशत बढ़ीं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

व्हाइट कॉलर (कार्यालय में बैठकर काम करने वाले) नौकरियों के लिए कुल भर्तियां जून में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़ी है। इसमें मुख्य रूप से दूसरी श्रेणी के शहरों का योगदान रहा है। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। नौकरी मंच फाउंडइट.इन पर आधारित ऑनलाइन नौकरी संबंधी गतिविधियां पोस्ट करने वाले फाउंडइट इनसाइट्स ट्रैकर के अनुसार, भारत में दूसरी श्रेणी के शहर देश की रोजगार वृद्धि को गति देने वाले प्रमुख इंजन के रूप में उभर रहे हैं।



इसमें कहा गया है कि 26 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कोयंबटूर में अवसरों में वृद्धि देखी गई, इसके बाद नागपुर और नासिक में 24 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इसमें मुख्य योगदान सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा), विनिर्माण और एफएमसीजी (रोजमर्रा के घरेलू उत्पाद) जैसे क्षेत्रों का योगदान है।फाउंडइंट के मुख्य राजस्व एवं वृद्धि अधिकारी (सीआरजीओ) प्रणय काले ने कहा, "दूसरी श्रेणी के शहरों की ओर भर्ती की गति में बदलाव, खास तौर पर आईटी और प्रवेश स्तर की भूमिकाओं में उल्लेखनीय है।

### हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि

काले ने कहा, "नियोक्ताओं के लिए ये शहर बेहतर बुनियादी ढांचे, लक्षित निवेश और भौगोलिक रूप से विविधता के रणनीतिक इरादे से प्रेरित पर्यावरण अनुकूल वृद्धि के लिए रणनीतिक अवसर प्रदान करते हैं।" काले ने कहा कि यह हाल के वर्षों में सबसे मजबूत वृद्धि है, जो भारत के रोजगार परिदृश्य में दूसरी श्रेणी के शहरों के बढ़ते महत्व को रेखांकित करती है।

## एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी व रिलायंस में रही बिकवाली


# विदेशी कोषों की बिकवाली से सेंसेक्स 288 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में बिकवाली दबाव और अमेरिकी शुल्क टाले जाने की समयसीमा समाप्ति की तारीख करीब आने के साथ सतर्क रुख के बीच बीएसई सेंसेक्स 288 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 88 अंक के नुकसान में रहा।

- टैरिफ शुल्क टाले जाने की समय सीमा करीब आने से निवेशक सतर्क

कारोबारियों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और वैश्विक बाजारों के मिले-जुले रुख ने भी धारणा को प्रभावित किया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 287.60 अंक की गिरावट के साथ 83,409.69 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 88.40 अंक की गिरावट के साथ 25,453.40 अंक पर बंद हुआ।



सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और कोटक महिंद्रा बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट और ट्रेंट शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''मिले-जुले वैश्विक संकेतों, खासतौर पर शुल्क छूट की समयसीमा की समाप्ति से पहले निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं।

### एशियाई बाजार रहे नुकसान में

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहे, जबकि हांगकांग का हैंगसेंग सूचकांक लाभ में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।


# विदेशों में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों का अधिग्रहण चाहती है एनएमडीसी

## कंपनी के चेयरमैन ने कहा, वैश्विक मूल्य श्रृंखला में कंपनी की उपस्थिति होगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों के अपतटीय अधिग्रहण का सक्रिय रूप से मूल्यांकन कर रही है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अमिताव मुखर्जी ने कहा कि इससे वैश्विक मूल्य श्रृंखला में कंपनी की उपस्थिति मजबूत होगी।

एंटीमनी, लिथियम, कोबाल्ट, तांबा जैसे महत्वपूर्ण खनिज सौर पैनल, पवन चक्की, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और ऊर्जा भंडारण प्रणालियों जैसी स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए जरूरी हैं।



भारत ने उनकी दीर्घकालिक उपलब्धता और प्रसंस्करण सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन (एनसीएमएम) शुरू किया है।

मुखर्जी ने कहा, "अपनी वैश्विक खनिज विविधीकरण रणनीति के तहत, एनएमडीसी वैश्विक स्तर पर 10 रणनीतिक खनिज परिसंपत्तियों में अधिग्रहण के अवसरों का सक्रिय रूप से मूल्यांकन कर रही है। एनएमडीसी वैश्विक महत्वपूर्ण खनिज मूल्य श्रृंखला में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अमेरिका में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक अधिग्रहण की संभावनाएं तलाश रही है।"

दुबई में एनएमडीसी कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर उन्होंने कहा कि यह शहर वैश्विक अवसरों का प्रवेश द्वार है और नया कार्यालय, कंपनी के खनन परिदृश्य को दोबारा परिभाषित करने के लिए तैयार है। मुखर्जी ने कहा, "अपने विस्तार के साथ हम खनिज विकास के प्रति अपने दृष्टिकोण में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं।

### देश के कुल लौह अयस्क उत्पादन में 17-20 फीसदी योगदान

केंद्रीय मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने इस सप्ताह दुबई में एनएमडीसी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस्पात मंत्रालय के अधीन हैदराबाद स्थित एनएमडीसी भारत के कुल लौह अयस्क उत्पादन में लगभग 17-20 प्रतिशत का योगदान देता है। सरकार ने जुलाई, 2023 में भारत के लिए 30 महत्वपूर्ण खनिजों की सूची जारी की थी। इनमें एंटीमनी, बेरिलियम, बिस्मथ, कोबाल्ट, तांबा, गैलियम, लिथियम, मोलिब्डेनम, नियोबियम, निकल आदि शामिल हैं।

# ट्रैवल फूड सर्विसेज का निर्गम सात जुलाई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** भारत और मलेशिया के हवाई अड्डों पर त्वरित सेवा रेस्तरां और लाउंज कारोबार संचालित करने वाली ट्रैवल फूड सर्विसेज ने बुधवार को अपने 2,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 1,045 रुपये से 1,100 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया। आरंभिक शेयर-बिक्री सात जुलाई को खुलेगी और नौ जुलाई को समाप्त होगी। कंपनी ने बताया कि एंकर (बड़े) निवेशकों को आवंटन चार जुलाई को होगा। प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से प्रवर्तक कपूर फैमिली ट्रस्ट द्वारा 2,000 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) है। इस आईपीओ में पात्र कर्मचारियों द्वारा सदस्यता के लिए आरक्षण शामिल है।

## सरकार के एक अध्ययन में सामने आई यह बात

# भोजन में अनाज, दाल का अनुपात घटा, दूध उत्पादों की खपत बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में खाने में अनाज और दाल का अनुपात कम हुआ है जबकि दूध और उसके उत्पादों की खपत बढ़ी है। सरकार के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है।

- ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में दालों का सेवन हुआ कम

अध्ययन के मुताबिक, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में 2023-24 में अनाज और दालों का सेवन कम हुआ है, जबकि दूध और उसके उत्पादों की खपत में वृद्धि हुई है। घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अंडे, मछली और मांस की खपत में वृद्धि हुई है। हालांकि, शहरी क्षेत्रों में इनका अनुपात स्थिर रहा है। यह व्यय सर्वेक्षण अगस्त, 2022 से जुलाई, 2023 और अगस्त, 2023 से जुलाई, 2024 के दौरान किए गए हैं। अध्ययन के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में खपत में अनाज का अनुपात 2022-23 में 38.8 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 38.7 प्रतिशत रह गया।



### शहरों में कैलोरी सेवन ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक

ग्रामीण क्षेत्रों में 'अन्य खाद्य' वस्तुओं का अनुपात 21.4 प्रतिशत से बढ़कर 22 प्रतिशत और शहरों में 24.8 प्रतिशत से बढ़कर 25.3 प्रतिशत हो गया। अध्ययन से पता चलता है कि गांवों में प्रति व्यक्ति प्रति दिन औसत कैलोरी सेवन 2022-23 और 2023-24 में क्रमशः 2,233 किलो कैलोरी और 2,212 किलो कैलोरी था, जबकि शहरी क्षेत्र में दो वर्षों के लिए यह क्रमशः 2,250 किलो कैलोरी और 2,240 किलो कैलोरी था।

### प्रतिदिन प्रति व्यक्ति कैलोरी सेवन में अंतर

सर्वेक्षण के अनुसार, 2022-23 के साथ-साथ 2023-24 में प्रमुख राज्यों में औसत प्रति व्यक्ति प्रति दिन कैलोरी सेवन और औसत प्रति उपभोक्ता इकाई प्रति दिन कैलोरी सेवन दोनों में व्यापक तौर पर अंतर पाया गया है। मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय (एमपीसीई) में वृद्धि के साथ ग्रामीण और शहरी भारत में औसत कैलोरी सेवन भी बढ़ता है।

## जीएसटी काउंसिल 12 फीसदी का टैक्स स्लैब खत्म करने जा रही


# दूध, दही से लेकर कपड़े, जूते और बर्तन हो सकते हैं सस्ते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जल्द ही जीएसटी काउंसिल बड़े ऐलान कर सकती है। खबर है कि जीएसटी काउंसिल की मीटिंग में जीएसटी का 12 फीसदी टैक्स स्लैब खत्म हो सकता है। अगर ऐसा होता है तो दूध, दही, पनीर से लेकर 1000 रुपए से ऊपर के कपड़े, 1000 रुपए तक के जूते, प्रिजर्व्ड फिश, ईंट, क्लीन एनर्जी डिवाइसेज, कंडेंश्ड मिल्क आदि कई सामान सस्ते हो सकते हैं।

- 12 फीसदी के टैक्स स्लैब को कम कर 5 फीसदी पर लाने की चल रही कवायद

वैसे 12 फीसदी के टैक्स स्लैब में आने वाले कुछ सामानों को 18 फीसदी स्लैब में भी डाला जा सकता है। वैसे सरकार चाहती है कि रोजमर्रा के सामान को 5 फीसदी के टैक्स स्लैब में डाला जाए। अगर 12 फीसदी के टैक्स स्लैब को खत्म कर दिया जाता है तो कई एफएमसीजी सामान सस्ते हो सकते हैं।



### 12 फीसदी जीएसटी स्लैब में आने वाली सेवाएं

होटल आवास (प्रति रात्रि किराया 7,500 रुपए तक ), नॉन-इकोनॉमी क्लास में हवाई मार्ग से यात्रा परिवहन, कुछ निर्माण कार्य, कुछ मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज और कुछ व्यावसायिक कार्य शामिल हैं।

### मौजूदा समय में कितने है टैक्स स्लैब

*मौजूदा समय में जीएसटी के तहत 4 टैक्स स्लैब रखे गए हैं। जिसमें 5 फीसदी का टैक्स स्लैब सबसे कम है। उसके बाद 12 फीसदी का टैक्स स्लैब है, जिसे खत्म करने की बात सामने आ रही है। उसके बाद 18 फीसदी का टैक्स स्लैब रखा गया है। अंत में 24 फीसदी का टैक्स स्लैब है। जिसमें प्रीमियम प्रोडक्ट्स को रखा गया है। जानकारों की मानें तो 12 फीसदी का टैक्स स्लैब खत्म करने का उद्देश्य महंगाई को कम करना और रोजमर्रा के सामान को सस्ता करना है, ताकि आम लोगों की तकलीफों को कम किया जा सके।*

### इन सामानों पर लगता है 12 फीसदी जीएसटी

12 फीसदी के टैक्स स्लैब में मक्खन, घी, प्रोसेस्ड फूड, बादाम, मोबाइल, फलों का रस, सब्जियों, फलों, मेवों या पौधों के अन्य भागों से बनी वस्तुएं जिनमें अचार, मुरब्बा, चटनी, जैम, जेली, पैक्ड नारियल पानी, छाता, 1000 रुपए से ज्यादा के कपड़े, 1000 रुपए तक के जूते शामिल हैं।

### क्या सस्ते होंगे सामान और सर्विसेज?

सबसे बड़ा सवाल ये है कि क्या 12 फीसदी के तहत आने वाले सामान और सर्विस सस्ती होंगी या नहीं। सूत्रों के हवाले से खबर ये है कि 12 फीसदी का टैक्स स्लैब खत्म कर उसमें डेली यूज के सामान को 5 फीसदी के टैक्स स्लैब में डाला जा सकता है। बाकी प्रोडक्ट्स को 18 फीसदी के टैक्स स्लैब में डालने का विचार है। हालांकि, अभी यह पता नहीं है कि कौन सी वस्तु या सेवा किस स्लैब में रखी जाएगी। यह तभी पता चलेगा जब जीएसटी परिषद इस मामले पर अंतिम निर्णय लेगी।

**खबर संक्षेप**

## पेरेंट्स एसोसिएशन ने बरसते पानी में सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने ज्ञापन सौंपकर बताया कि कलेक्टर द्वारा जारी आदेशों का पालन आज तक नहीं हुआ है। न्यायालय में विचाराधीन मामलों में भी शासकीय अधिवक्ता द्वारा वर्षों से कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया, जिससे न्याय प्रक्रिया बाधित हो रही है, कि लगभग चार लाख विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। फीस वृद्धि, मनमानी नियम, मानसिक प्रताड़ना और टीसी ज़बरन काटकर छात्रों को अन्य स्कूलों में भेजने की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं, जो सीधे-सीधे संविधान प्रदत्त शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन है, संघ की मुख्य माँग है कि शिक्षा माफ़ियाओं और नियम तोड़ने वाले विद्यालयों पर तत्काल कार्यवाही, फीस वृद्धि की सभी शिकायतों पर त्वरित समाधान, हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों में सरकारी पक्ष की सक्रियता, एक स्थायी शिकायत तंत्र, जिससे अभिभावक सीधे प्रशासन से संवाद कर सकें, यदि प्रशासन शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं करता, तो अभिभावकों को साथ लेकर शहर भर में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूर्ण ज़िम्मेदारी प्रशासन की होगी, इस अवसर पर प्रेमांश जैन, विकास पाल, अमित पलिया, अभिनेश अवस्थी, अंकित पासी, वीनिता पटेल, नीलम पैष्पा केवट, गौरीश ठाकुर, अमित परोहा, अभिषेक साहू, प्रमोद मिश्रा, अरविन्द जैन, आशीष साहू, कामया तोलानी, मुस्कान तोलानी, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## सिंधी समाज के संत दिलीपानंद ने की देह दान की घोषणा



**जबलपुर।** सिंधी समाज के तरुण संत दिलीप कुमार खत्री उर्फ दिलीपानंद महाराज ने स्वेच्छा व परिवारजनों की सहमति से 57 वर्ष की आयु में अपने देह दान की घोषणा की है। तरुण संत दिलीपानंद महाराज ने कलेक्टर, सुभाषचंद्र बोस मेडीकल कॉलेज के डीन, थाना प्रभारी रांझी तथा सिंधी धर्म के प्रमुख धर्म गुरु अशोकानंद महाराज को स्वयं व परिवारजनों की सहमति का हस्ताक्षरित देह दान का घोषणा पत्र दिया है। घोषणा पत्र में उन्होंने मांग रखी है कि उनकी मृत्यु उपरांत उनके शरीर को मेडीकल में अध्ययन कर रहे प्रशिक्षु चिकित्सकों के उपयोग के लिए सौंपा जाए, तत्पश्चात उनका शरीर जलाया नहीं जाए, बल्कि मांसाहारी पशु, पक्षियों के भोजन हेतु उनके समक्ष रखा जाए। उल्लेखनीय है कि दिलीपानंद महाराज एक समाज सेवक हैं और दीन दुखियों की सहायता हेतु सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने जबलपुर के नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी स्वच्छा से नेत्र दान करने का संकल्प लें, आपका यह कार्य अन्य किसी व्यक्ति को नई जिंदगी देगा।

### विकसित होगा सफारी, जू कम रेस्क्यू सेंटर और ठाकुरताल पर्यटन हब

# जबलपुर बनेगा अंतरराष्ट्रीय पर्यटन का नया केंद्र : मंत्री सिंह



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक शहर जबलपुर अब पर्यटन के क्षेत्र में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान की ओर अग्रसर है। पर्यटन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के उद्देश्य से मदन महल की पहाड़ियों पर स्थित ठाकुरताल क्षेत्र को एक एमिनेंट पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना में 'फॉरेस्ट सफारी - जू कम रेस्क्यू सेंटर' और संग्रामसागर तालाब के समग्र विकास को भी सम्मिलित किया गया है। इस परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने वन मंडल अधिकारी श्री ऋषि मिश्रा एवं कंसलटेंट श्री दुबे के साथ भोपाल में विस्तृत चर्चा कर योजना की रूपरेखा तैयार की। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि परियोजना को और अधिक गरिमा प्रदान करते हुए प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव ने इसे वीरांगना रानी दुर्गावती जी के नाम पर विकसित करने की घोषणा की है। यह निर्णय जबलपुर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक जुड़ाव को और भी सशक्त करेगा। मंत्री श्री सिंह ने बताया यह परियोजना लगभग 85 से 100 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित की जाएगी, जिसमें पर्यटकों को प्राकृतिक वन्य जीवन और आधुनिक तकनीकों का समन्वित अनुभव मिलेगा। इस केंद्र में रोबोटिक इंटरप्रिटेशन सेंटर, बटरफ्लाई पार्क, तथा लॉन्ग कार्निवल जैसी आधुनिक सुविधाएँ शामिल होंगी, जिसमें येलो टाइगर, व्हाइट टाइगर, पैंथर, लायन और भालू जैसे आकर्षक वन्यजीव रहेंगे। इसके अतिरिक्त रेप्टाइल हाउस में मगरमच्छ और सांप, जबकि एग्जॉटिक और नेटिव बर्ड्स के लिए विशेष क्षेत्र बनाए जाएंगे। जेब्रा और जिराफ के लिए एक अलग एग्जॉटिक पार्क, वाटर इंटरप्रिटेशन सेंटर, और स्पीशीज वाइज इंटरप्रिटेशन सेंटर जैसे अनेक नवाचार इस परियोजना की विशेषता होंगे। मंत्री श्री सिंह ने बताया पर्यटकों को रोमांच का अनुभव देने के लिए इस पूरे क्षेत्र को संग्रामसागर तालाब से ठाकुरताल तक ट्रैकिंग, जिपलाइन और बोटिंग के माध्यम से जोड़ा जाएगा, जिससे यह एक सम्पूर्ण एडवेंचर और इको-टूरिज्म डेस्टिनेशन बन सके। वहीं, ठाकुरताल क्षेत्र में फॉरेस्ट बाथिंग और व्यू प्वाइंट्स जैसे प्राकृतिक आनंद देने वाले स्थल भी विकसित किए जाएंगे।

### ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद होंगे कथा व्यास

## बगलामुखी मठ में 3 से 10 जुलाई तक आयोजित होगी श्रीमद्भागवत कथा

**जबलपुर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सिद्ध बगलामुखी मठ सिविक सेंटर जबलपुर में सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है जिसमें कथा व्यास ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद महाराज के श्री मुख से श्रद्धालुजन कथा श्रवण करेंगे। कथा की तैयारी को लेकर बगलामुखी मठ में एक बैठक भी आयोजित हुई, जिसमें समिति के लोगों ने अपने विचार रखे, इस अवसर पर ब्रह्मचारी चैतन्यानंद ने कहा कि विगत कई वर्षों से गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हो रहा है और इस वर्ष भी भव्यता के साथ श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है जिसमें अनेक साधु, संतों की उपस्थिति होगी। समिति के सदस्यों ने समस्त संस्कारधानीवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कथा में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करने के अपील की है। बैठक में अधिवक्ता बृजेश दुबे, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, संजय गुरु, भावना निगम, सतानंद मिश्रा, मनीष पांडे, मनोज सेन सहित अन्य उपस्थित रहे।





## किन्नर संतोषी माता द्वारा अषाढ़ी पूजा 4 को

**जबलपुर।** गुप्त नवरात्रि अषाढ़ी पूजा की दंड शोभा यात्रा 4 जुलाई को निकाली जाएगी, किन्नर गुरु संतोषी माता, राष्ट्रीय बजरंग दल, हिंदू किन्नर नेता के नेतृत्व में दिनांक 4 जुलाई दिन शुक्रवार दोपहर 2:00 से गुप्त नवरात्र, अषाढ़ी पूजा की दंड परिक्रमा शोभायात्रा, बड़ी खेरमाई माता मंदिर भानतलैया से प्रारंभ होते हुए, घमापुर चौक से बेलबाग रोड शंकर होटल से बड़ी ओमती, श्री सिद्धेश्वरी माता श्री छोटी खेरमाई शक्तिपीठ दरबार में शोभायात्रा का समापन होगा, पूजा में माँ भगवती से भक्तों के लिए आशीर्वाद की प्रार्थना करके सभी सुहागानों को सोलह सिंगार देकर उन्हें आशीर्वाद दिया जाएगा। शोभा यात्रा में श्री श्याम महिला मंडल समिति एवं हजारों की संख्या में माताएं, बहनें, भाई, बुजुर्ग उपस्थित होंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय बंजरंग दल अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ठाकुर, पार्षद सत्यवीर जाट, किन्नर संतोषी माता, किरण सिंह तोमर, ज्योति गोरिया, मयूर मेमोरियल ट्रस्ट अध्यक्ष, भूमिक दुबे भूमिक फांउडेशन अध्यक्ष इत्यादि मौजूद रहेंगे।

# 200 बच्चों को वितरित किए पौधे

**जबलपुर।**

डॉक्टर डे पर रायन स्कूल शांतिनगर में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 200 बच्चों को पौधे दिये गए और उनको शपथ दिलाई कि पौधे को पेड़ बनाना है, साथ ही स्कूल द्वारा डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन जबलपुर) का सम्मान किया गया और डॉक्टर्स द्वारा बच्चों को डॉक्टर कैसे बनें, क्या पढ़ें, किस विषय पर ज़्यादा ध्यान दें और पढ़ाई के साथ शरीर का भी ध्यान बहुत ज़रूरी है, टीचर्स और माता पिता का सम्मान करें और बच्चों को बताया गया। डॉक्टर्स डे डॉ. बिधान चंद्र राय जो एक प्रतिष्ठित चिकित्सक थे उनके सम्मान में 1991 से मनाया जाता है, इसका उद्देश्य समस्त उन डॉक्टरों का सम्मान है जो हमें सभी बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं और जीवन की आयु लंबी करते हैं और हर चिकित्सक का कर्तव्य है बिना भेदभाव, बिना फ़ीस की चिंता के प्रत्येक मरीज़ को स्वस्थ करना उनका प्रथम कर्तव्य है। इसमें रेणुका खरे (प्रिंसिपल) 1000 से अधिक बच्चे और अन्य स्टाफ़ शामिल हुआ।



## जैनुल आबदीन कमेटी का लंगरे आम आज

**जबलपुर।** जैनुल आबदीन लंगर कमेटी बहोराबाग, पसियाना रोड, ठक्करग्राम जबलपुर की जानिब से हर साल की तरह इस साल भी 03 जुलाई मुताबिक 7 मुहर्रमुल हराम 1447 हिजरी, बरोज जुमेरात शाम 07 बजे कुरआन ख्वानी के बाद लंगरे आम का एहतेमाम किया गया है, जिसमें लगभग 10 हजार लोगों के खाने का एहतेमाम किया गया है। कामरेड मुस्तुफा अंसारी, लाला ड्राइवर, एम इकबाल, रियाजुद्दीन उर्फ राजू दानिश, मो. इब्राहिम, अनवार कपड़ा, गुल्ली मास्टर, निजाम मिस्त्री, सादिक मिस्त्री, नौशाद भाई, पप्पू बम्बईया सहित अन्य ने शिरकत की गुजारिश की है।

# पासी समाज ने वीरांगना ऊदादेवी पासी की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए

**जबलपुर।** पासी महासंघ जबलपुर द्वारा प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी 01 जुलाई को पासी चौक स्थित वीरांगना ऊदादेवी पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। शाम 06 बजे पासी मंगल भवन सदर में वीरांगना के सम्मान में 200 महिलाओं एवं वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। साथ ही पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. ईश्वरदास रोहाणी की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंट विधायक अशोक रोहाणी ने आने वाली पीढ़ी को वीरांगना ऊदादेवी के शौर्य, पराक्रम, वीरता के बारे में बताया। पासी समाज के नगर अध्यक्ष डॉ. ऋषि बावरिया ने बताया कि ऊदादेवी ने 1857 की क्रांति में लखनऊ के सिकंदराबाद में 36 अंग्रेजों को मारकर देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति दी। इस अवसर पर सुंदर अग्रवाल, आशीष राव, सौरभ गोयल, संजय जैन, संजय वर्मा, श्यामसुंदर बावरिया, जगमोहन बावरिया, वेद महावर, ललित कैथवास, विश्वनाथ पासी, सुरेश पासी, एड. गोविंद बावरिया, एड. विजय पासी, संजय बावरिया, धर्मेन्द्र बावरिया, रोहित गूजर, ओमप्रकाश गूजर, आशु बावरिया, आकाश मलिक, मोहित बावरिया, रामकुमार पासी, भागचंद पटेल, पवन रजक, राजेश पिल्ले सहित अन्य उपस्थित रहे।





## महाकौशल क्रीड़ा परिषद ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** महाकौशल क्रीड़ा परिषद ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को जबलपुर के खेलधानी के स्वरूप पुनर्स्थापित करने हेतु ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में महापौर से मांग की गई कि विगत 15 वर्ष पूर्व जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं को आयोजित करने हेतु एक लाख रुपये की सहायता राशि की व्यवस्था की गई थी उसे बढ़ाकर 5 लाख रुपए की जाना उचित होगा।जेईए खेल प्रतियोगिताओं के बंद कर दिए जाने से शहर के स्कूलों से खेलों की नर्सरी समाप्त हो गई, इसकी पुनर्स्थापना हेतु महापौर कप के नाम से अंतरशालेय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना समुचित होगा। शहर के प्रमुख चौराहों एवं सड़कों का नाम स्व. शिव प्रसाद निगम, स्व. राजा राम नायडू, स्व. विपत लाल यादव, स्व. आरसी रजक, स्व. बाबूलाल पाराशर, स्व. हन्नु पहलवान, स्व. मैथ्यू जोसेफ, स्व. संधू मैडम, स्व. कानन साहब, स्व. बाबा जाफरी, स्व. सैमसंग बाबा जैसे नामी खिलाड़ियों के नाम पर किया जाना चाहिए। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन में खिलाड़ियों को ठहरने के लिए निःशुल्क आवासीय व्यवस्था की जाना चाहिए। इस तरह की अन्य मांगों का भी ज्ञापन में समावेश किया गया। इस अवसर पर महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ. प्रशांत मिश्रा, मध्य प्रदेश बॉक्सिंग संघ के टेक्निकल डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह ठाकुर, मध्य प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स के महासचिव दिनेश सिंह ठाकुर, कबड्डी संघ के जिला संरक्षक अमित साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष सानू यादव, जिला वालीबाल संघ के उपाध्यक्ष राजेशकांत सोनकर, राइट टाउन स्टेडियम खेल रखरखाव समिति के अध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव, मार्शल आर्ट के राजकुमार यादव, हजारी जी एवं टिन्नी भाई सहित शहर अनेक खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# 'सवारी' के 163 वर्ष पूर्ण होने पर जलसा आयोजित किया

**जबलपुर।**

गत राति गढ़ा मुजावर मोहल्ला कादरी नगर में जलसे का आयोजन किया गया। यह जलसा इमामबाड़े में रखी जाने वाली 'सवारी' के 163 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में था। डॉ. सैय्यद मकबूल अली कादरी और अरशद अली कादरी के संयोजन में आयोजित इस जलसे में हाजी मकबूल अहमद रजवी ने अपने संबोधन में इमाम हुसैन की शहादत पर रोशनी डाली। उन्होंने इमाम हुसैन द्वारा दिखाए गए रास्तों पर अमल करने का आह्वान किया, जो त्याग, न्याय और सच्चाई के प्रतीक हैं। जिसके बाद शहर के वरिष्ठ शायरों ने अपनी मनकबत और कलाम पेश किये। इनमें शेख निजामी, मुख्तार नादिर, इजहार आलम, शकिल दिलकश, सलीम वारसी, वासित कादरी, रिज़वान अहमद, असद कर्बलाई शामिल थे। जलसे में खादिम-ए-आला चंगेज खान अशरफी, पप्पू वसीम खान, अशरफ मंसूरी, ताहिर खान, मशहुद अहमद, आशीष उसरेठे, इम्तियाज पटेल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। जलसे के अंत में, सलातो सलाम पेश किया गया और देश की तरक्की और खुशहाली के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी और मुबारक कादरी, इनायत कादरी, जवाहर कादरी ने उपस्थित सभी मेहमानों का इस्तकबाल कर शुक्रिया अदा किया।



**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **RACHANA THACKER** AFTER MARRIAGE I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH 1, SHALL BE KNOWN AS **RACHNA RAWANI** W/O NIMEESH KUMAR RAWANI RESIDENT OF - FLAT NO. A-302, 3RD FLOOR, SHIVARTH ELANZA APPT., TILHARI, JABALPUR (M. P.) 482020.

**Change of Name**

**I, Purvi Sahu w/o Vidit Sahu R/o 63 Jain Residency Samdaria Green City Jabalpur (M.P.) 482002.** I have Changed the name of my minor Daughter namely Nivita Sahu aged about 8 years and she Shall here after be Known as **AARYA SAHU** Affidavit No. **CN411429**

# नगर निगम अधिकारी, कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान करने अजाक्स ने सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।**

अजाक्स संघ द्वारा 02 जुलाई को निगमायुक्त प्रीति यादव को निगम में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची जारी कर पदोन्नति प्रदान करने की मांग की गई। जिस पर श्रीमति यादव ने संघ को आश्वासन दिया कि संघ द्वारा की जा रही मांग पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए निगम में कार्यरत समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया जाएगा। ज्ञापन देते समय अजाक्स के अध्यक्ष अमित मेहरा, मन्नूलाल पटेल, जगदीश नन्हेट, संतोष गौतम, अचैया कोरी, गुलशन जबलपुरी, नरसिंहमलू, मोहम्मद समीम, रामाराव मगरदे, दयाराम धुर्वे, श्रीनिवासलू, कोयरी नायडू, नरसिंह मूर्ति, रामू, जे. प्रवीण, महेन्द्र मलिक, राहुल कोरी सहित संघ के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**CHANGE of DOB & NAME**

I Army No. 6946543M, Rank: Hav, Trade SHGD, Name: SUNIL KUMAR M, Residing at: HOUSE NAME SREEMANGALATHU, Vill ENADIMANGALAM, Po. KURUMBAKARA, TEH. ADOOR, Dist. PATHANAMTHITTA, State-KERALA, PINCODE- 689695 My father name is MURALEEDHARAN PILLAI P and his Date of Birth is 09th April, 1954. Name & Date of Birth of father is erroneously endorsed in my service record as MURALEEDHARAN PILLAI & 22nd Aug 1953. My father Name & Date of Birth in respect of required to be correct in my service record as MURALEEDHARAN PILLAI P and his Date of Birth is 09th April, 1954. I am swearing this affidavit for correction of Name & Date of Birth of my father in my service records as MURALEEDHARAN PILLAI P & 09th April, 1954 for all purpose and transactions and for all official and non official purpose. I am enclosing attested copy of Aadhar Card No. 5525 2251 3013 in respect of my father MURALEEDHARAN PILLAI P as proof of correct Name & Date of Birth.I Further, declare that the averments made in the affidavit are true and correct to the best of my knowledge and belief.
Place: Jabalpur, M.P.-482011
Date: 01/07/2025

# रंग-बिरंगे फूलों से सजी टिपारियों का जुलूस निकाला

**जबलपुर।**

शहादत के पर्व मोहर्रम की पांचवीं तारीख को शहर के अलग-अलग इलाकों से देर रात इशा की नमाज के बाद रंग-बिरंगे फूलों से सजी हिंदू-मुस्लिम मुजावरों की टिपारियों का जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने 'या अली या हुसैन' के नारे लगाए। ढोल, शहनाई और बैंड-बाजों के साथ निकले ये टिपारियों के जुलूस विभिन्न मार्गों से होते हुए हाई कोर्ट के सामने स्थित हजरत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह कचहरी वाले बाबा साहब की दरगाह पहुंचे। टिपारियों के जुलूसों के आगमन पर सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी और खादिम ए आला चंगेज खान अशरफी ने परंपरागत रूप से बाबा साहिबान का इस्तकबाल किया। इस मौके पर दरगाह शरीफ को आकर्षक रोशनी से सजाया गया था और लंगर भी बांटा गया। दरगाह में बैंड-बाजों पर बज रही मोहर्रम की धुन पर अकीदतमंदों ने नजराना पेश किया। आधी रात तक टिपारियों के जुलूस दरगाह में हाजिरी देने पहुंचते रहे। जुलूस मार्ग में जहां-जहां से टिपारियां गुजरीं, वहां के निवासियों ने अपने घरों से बाहर आकर बाबा साहिबान को अपनी मुरादें बताईं और बाबा साहेब ने उन्हें दुआएं दीं।कटनी से आई टिपारी- मुहर्रम की 5 तारीख के अवसर पर कटनी के प्रजापति मोहल्ले से मुजावर मदन लाल प्रजापति की टिपारी भी कचहरी वाले बाबा के यहाँ हाजिरी देने पहुँची। वहाँ, बाबा साहब का स्वागत किया गया, जिसके बाद टिपारी कटनी स्थित पीर बाबा के यहाँ हाजिरी पेश करने गई।



### सिटी कोतवाली में मर्सियाखानी और लंगर

सिटी कोतवाली बाजार स्थित मौलाना साहब की गली में मरहूम शेख मुन्ना नियाजी और मरहूम अब्दुल रऊफ बाबा नियाजी के इमामबाड़े में मोहर्रम की 5 तारीख को मर्सियाखानी का आयोजन किया गया। हाजी शेख जमील नियाजी, हाजी शेख मुबीन नियाजी, हाजी शेख अनवार नियाजी और हाजी बाबा सैयद शेख अमीन कर्बलाई साहब की सरपरस्ती में हुए इस आयोजन में टिपारियों के जुलूस में शामिल अकीदतमंदों के लिए छबील और लंगर का इंतजाम किया गया था। शहनाई वादक भी मोहर्रम की धुनें पेश कर रहे थे, जिस पर बाबा साहेब ने दिल खोलकर नजराना दिया। यह आयोजन पिछले 40 वर्षों से लगातार किया जा रहा है।

### उपनगरीय क्षेत्रों में भी दिखा उत्साह

छावनी क्षेत्र सदर में रात 9:30 बजे टिपारियों का जुलूस परंपरानुसार शानो-शौकत से निकला, इसमें अकरम बाबा और सोनू बाबा की टिपारियां मुख्य आकर्षण रहीं, जिनमें जबलपुर शहर के बाहर से आई प्रसिद्ध बैंड-बाजों की टीमें शामिल थीं। जुलूस का नेतृत्व समाजसेवी मोहम्मद अकबर खान, सरवर अशफाक, सिकंदर बाबा, लाल चंदू कुरैशी, साजिद बरकत अहमद और अफजल बाबा ने किया।

**कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी**
**सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/2025-26
दिनांक:- 02/07/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति साक्षी ठाकुर पति दीपक ठाकुर ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के प्लाट क्रमांक 63 नर्मदा चैतन्य सागर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 2000265758 पर दर्ज जिस पर निर्मित भूतल 900 व.फु. प्रथम तल 900 व.फु. विक्रय पत्र, के आधार पर निगम में दर्ज श्री अखिल कुमार खेमरिया पिता चक्रधर खेमरिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

भारत-अमेरिका रिश्तों में जमी बर्फ पिघली

# जयशंकर की रणनीति से 10 वर्षीय सहयोग के फ्रेमवर्क पर बनी सहमति

वॉशिंगटन दौरे पर गए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कुछ ही घंटों के अंतराल में वहां विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री हेगसेथ और ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से अलग अलग मुलाकात की। तीनों मुलाकातों का अपना व्यापक एजेंडा था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

हाल के महीनों में भारत और अमेरिका के संबंधों में एक असहजता सी आ गई है। लेकिन पिछले 24 घंटों के दौरान दोनों देशों की सरकारों की तरफ से मौजूदा माहौल को दुरूस्त करने की गंभीर कोशिश होती दिखी है। बुधवार देर रात एक तरफ जहां विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के बीच बैठक में अगले दस वर्षों के सहयोग के फ्रेमवर्क पर सहमति बनी तो दूसरी तरफ व्हाईट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता अब बस होने ही वाला है, इसके लिए दोनों देश एक दूसरे के आयात पर शुल्क भी घटाने को तैयार हैं।

» *ट्रंप का ऐलान भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द*

» *दोनों देशों एक दूसरे के आयात शुल्क को घटाने हो गए हैं तैयार*





अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो



अमेरिकी ऊर्जा मंत्री राइट

### अमेरिकी ऊर्जा मंत्री राइट और विदेश मंत्री रूबियो से मिले जयशंकर

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो और ऊर्जा मंत्री राइट से मिलने के बाद जयशंकर ने कहा है कि दोनों देशों के बीच ऊर्जा सहयोग को और विस्तार देने पर बात हुई है। इस बैठक में अमेरिका से ज्यादा पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद पर भी बात हुई है। वर्तमान में भारत अमेरिका के कच्चे तेल का एक बड़ा खरीददार देश है। भारत क्रूड के साथ ही अमेरिका से और ज्यादा गैस खरीदने को लेकर बात कर रहा है। माना जा रहा है कि इस महीने दोनों देशों में जो द्विपक्षीय निवेश समझौता (बीआइटी) होने वाला है उसमें भारत की तरफ से अमेरिकी पेट्रोलियम उत्पादों पर कम आयात शुल्क लगाने की राह खुलेगी।

### जेवेलिन एंटी गाइडेड मिसाइल खरीदेगा भारत

*इस बैठक में जयशंकर व हेगसेथ ने फरवरी, 2025 में पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच रक्षा सौदों को लेकर हुई विमर्श को आगे बढ़ाने पर भी बात की है। बताया गया है कि जेवेलिन एंटी गाइडेड मिसाइल और थल सेना के लिए युद्धक वाहन स्ट्राइकर की खरीद के मामले को भी आगे बढ़ाया गया है। अमेरिका ने बताया है कि भारत की तरफ से छह अतिरिक्त पी-81 समुद्री पेट्रोलिंग एयरक्राफ्ट खरीदने के प्रस्ताव पर भी बात हुई है। जयशंकर ने कहा है कि, अमेरिका व भारत के रिश्ते पहले से ही काफी मजबूत हैं, इसे और मजबूत बनाया जा सकता है।*

### हथियारों की बिक्री और नए रक्षा सहयोग पर हुई बात

*वॉशिंगटन दौरे पर गए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कुछ ही घंटों के अंतराल में वहां विदेश मंत्री मार्को रूबियो, रक्षा मंत्री हेगसेथ और ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट से अलग अलग मुलाकात की। तीनों मुलाकातों का अपना व्यापक एजेंडा था। जयशंकर से मुलाकात से पहले हेगसेथ ने भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से टेलीफोन पर बात की थी, जिसमें द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से जुड़े कई आयामों पर बात हुई। जयशंकर-हेगसेथ मुलाकात के बाद जारी बयान में अमेरिकी रक्षा विभाग ने बताया है कि इसमें हथियारों की बिक्री और नए रक्षा सहयोग के फ्रेमवर्क पर बात हुई है। दोनों देश अपने क्षेत्र में रक्षा चुनौतियों को अच्छी तरह से समझते हैं और यह भी मानते हैं कि एक साथ मिल कर इन चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। अमेरिका ने हिंद प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को आवश्यक मदद देने को लेकर प्रतिबद्धता जताई है।*

## खबर संक्षेप

### असम में 1000 किलो बीफ जब्त, 132 लोग हिरासत में

**गुवाहाटी।** असम में बीफ की अवैध बिक्री पर नकेल कसने के लिए राज्य में एक बड़ा अभियान चलाया गया। इस दौरान 112 रेस्तरां और भोजनालयों में छापेमारी की गई और 1,084 किलो संदिग्ध बीफ बरामद किया गया। इसके आरोप में 132 लोगों को हिरासत में लिया गया है। असम के आईजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध बीफ बिक्री को लेकर की गई है। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा है कि असम मवेशी संरक्षण अधिनियम, 2021 को और सख्ती से लागू किया जाएगा।




### महिला का छिपकर बना रहा था वीडियो, गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में आईटी कंपनी इंफोसिस के दफ्तर में काम करने वाले एक तकनीकी विशेषज्ञ कर्मचारी को पुलिस ने महिला का वीडियो बनाने के मामले में गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि वह ऑफिस के शौचालय में छिपकर एक महिला साथी कर्मचारी का वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था। गिरफ्तार शख्स का नाम नागेश स्वप्निल माली है, जो इंफोसिस में सीनियर एसोसिएट के तौर पर काम करता है। सोमवार को महिला कर्मचारी ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।



### चीनी राष्ट्रपति ब्रिक्स में शामिल नहीं होंगे

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस सप्ताह के अंत में ब्राजील में आयोजित होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेंगे। उनके स्थान पर पीएम ली क्विंग शामिल होंगे। राष्ट्रपति शी चिनफिंग 12 साल पहले सत्ता संभालने के बाद पहली बार समूह की बैठक में शामिल नहीं होंगे। पीएम ली क्विंग ब्राजील के आधिकारिक निमंत्रण पर 5 से 8 जुलाई तक ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में आयोजित होने वाले 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।



### अफ्रीकी सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, 3 की मौत

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु के हवाई अड्डे पर अफ्रीकी संघ का एक सैन्य हेलीकॉप्टर बुधवार को दुर्घटनाग्रस्त गया जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। मोगादिशु के अदन अदे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आव्रजन कार्यालय के प्रमुख अर्तान मोहम्मद ने बताया कि हेलीकॉप्टर में आठ लोग सवार थे। उनमें से कम से कम तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। हेलीकॉप्टर मूल रूप से युगांडा वायुसेना का था, लेकिन अफ्रीकी संघ का शांति मिशन इसका संचालन कर रहा था।



## पीएम मोदी की 5 देशों की यात्रा शुरू, कार्यकाल के दौरान सबसे लंबा 8 दिनी विदेश दौरा

पहली बार घाना पहुंचे

# यूपीआई, ऊर्जा, स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल तकनीक सहित कई क्षेत्र में करेंगे एमओयू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी बुधवार से 8 दिनों के लिए 5 देशों की यात्रा पर रवाना हो गए हैं। वे सबसे पहले अफ्रीकी देश घाना जा रहे हैं। यह किसी भी भारतीय पीएम की तीन दशक में पहली घाना यात्रा है। इससे पहले 1957 में पंडित जवाहरलाल नेहरू और 1995 में नरसिम्हा राव बतौर पीएम घाना के दौरे पर पहुंचे थे। घाना के बाद पीएम मोदी त्रिनिदाद एंड टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया जाएंगे। 2014 से अब तक के तीन कार्यकाल में, पीएम की त्रिनिदाद एंड टोबैगो और नामीबिया में भी पहली यात्रा होगी।

- घाना की संसद और भारतीय समुदाय को करेंगे संबोधित

मोदी ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इन देशों में प्रस्थान से पूर्व पीएम मोदी ने कहा कि मेरी इन देशों की यात्रा से ग्लोबल साउथ में भारत के मैत्रीपूर्ण रिश्ते मजबूत होंगे। बता दें कि घाना अफ्रीकी यूनियन और ईसीओडब्ल्यूएएस (पश्चिम अफ्रीकी देशों का आर्थिक समुदाय) का महत्वपूर्ण सदस्य है।



नेहरू और नरसिम्हा राव के बाद जाने वाले तीसरे पीएम

### द्विपक्षीय व्यापार समझौतों पर होगी चर्चा

जानकारी के अनुसार पीएम मोदी घाना में भारत का यूपीआई सिस्टम लाने, ऊर्जा, कृषि, डिजिटल तकनीक और वैक्सीन हब विकसित करने के क्षेत्र में कई समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर होंगे। पीएम मोदी और घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा द्विपक्षीय व्यापार और रिश्तों पर चर्चा करेंगे। इस दौरान भारत का यूपीआई और डिजिटल पेमेंट सिस्टम घाना में लाने के बारे में भी बातचीत होगी, ताकि दोनों देशों में डिजिटल लेन-देन आसान हो सके। मोदी और महामा संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी घाना की संसद और वहां रहने वाले भारतीय समुदाय के 15000 लोगों को संबोधित करेंगे। घाना के राष्ट्रपति महामा पीएम मोदी के सम्मान में स्टेट डिनर भी आयोजित करेंगे।

### घाना ग्लोबल साउथ में मूल्यवान भागीदार

पीएम मोदी ने लिखा कि वे घाना के राष्ट्रपति जॉन ड्रामानी महामा के निमंत्रण पर 02-03 जुलाई को घाना में रहेंगे। घाना वैश्विक दक्षिण में एक मूल्यवान भागीदार है और अफ्रीकी संघ और पश्चिमी अफ्रीकी राज्यों के आर्थिक समुदाय में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच हमारे ऐतिहासिक संबंधों को और गहरा करना और निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, क्षमता निर्माण और विकास साझेदारी के क्षेत्रों सहित सहयोग के नए द्वार खोलना है। साथी लोकतंत्रों के रूप में, घाना की संसद में बोलना मेरे लिए सम्मान की बात होगी।

### कोविड में घाना को 6 लाख वैक्सीन दी थी

भारत और घाना अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे के मजबूत समर्थक रहे हैं। दोनों देश गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के सदस्य हैं और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों में मिलकर काम करते हैं। घाना ने भारत की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के दावे का समर्थन किया है। जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और अन्य वैश्विक मुद्दों पर दोनों देश एक-दूसरे के साथ खड़े रहते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने घाना को वैक्सीन और चिकित्सा मदद दी थी।

क्वाड देशों ने आतंकी हमले की निंदा की

## कहा- हम हर तरह के आतंकवाद और हिंसा के खिलाफ, जल्द सजा मिले



एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों ने मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर कार्रवाई करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि इस हमले के दोषियों को जल्द से जल्द न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। क्वाडा में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। क्वाड की ओर से जारी बयान में कहा गया- हम हर प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का विरोध करते हैं, जिसमें सीमा पार से होने वाला आतंकवाद भी शामिल है।

### क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव शुरू किया

*बैठक में क्वाड देशों ने मिलकर एक खास खनिज पहल शुरू की। इसका नाम 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव' है। इस पहल की शुरुआत मिनरल्स के क्षेत्र में चीन के दबदबे को कम करने के लिए हुई है। इसका मतलब है कि क्वाड देश मिलकर खनिजों की सप्लाई सुरक्षित और आसान बनाएंगे। इस पहल से ये देश जरूरी खनिजों की कमी से बचने और उनकी सप्लाई में दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहने के लिए साथ काम करेंगे।*

### आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बैठक में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत को अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है। भारत इस अधिकार का इस्तेमाल करता रहेगा।

गुजरात हाईकोर्ट में चल रही थी सुनवाई

## बीयर पीने लगा वकील, जज भड़के, अवमानना याचिका दर्ज

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात हाईकोर्ट में एक केस की वर्चुअल सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील को जज के सामने बियर पीते देखा गया, जिससे जज का गुस्सा भड़क गया और उन्होंने वकील के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेने का फैसला किया। यह मामला 26 जून का है, जब गुजरात हाईकोर्ट में जस्टिस संदीप भट्ट एक केस की वर्चुअल सुनवाई कर रहे थे। तभी हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील जज के सामने पेश हुए। इस दौरान उनके हाथ में एक कप था।

### *वर्चुअल माध्यम से पेश होने पर लगाई रोक*



*जज ने मामले पर सुओ मोटो एक्शन (स्वतः संज्ञान) लेते हुए अगले आदेश तक वकील की पेशी पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने कहा कि अगला आदेश पारित होने तक संबंधित वकील वर्चुअल माध्यम से पीठ के सामने पेश नहीं हो सकेंगे।*

संसद की सुरक्षा में सेंध का मामला

## आरोपी नीलम-महेश को राहत दिल्ली हाईकोर्ट ने दी जमानत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने दो आरोपियों नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दे दी है। हाईकोर्ट ने आरोपियों को 50-50 हजार रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानतों पर राहत प्रदान की। 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले निचली अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था।

### मीडिया को साक्षात्कर न देने का भी निर्देश



आरोपियों ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दी है। न्यायाधीश ने उन्हें मीडिया को साक्षात्कार न देने और घटना से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट न करने का भी निर्देश दिया।


ईरान के राष्ट्रपति ने दिया आदेश

## अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के साथ सहयोग किया निलंबित

एजेंसी ▶▶| दुबई

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने देश के महत्वपूर्ण परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद बुधवार को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के साथ सहयोग निलंबित करने का कथित तौर पर आदेश दिया। ईरान की संसद ने आईएईए के साथ सहयोग निलंबित करने के संबंध में एक कानून पारित किया था, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। इस कानून को संवैधानिक निगरानी निकाय की मंजूरी भी मिल गई है। विएना स्थित यह एजेंसी वर्षों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करती आ रही है।

### ... तो ईरान बना सकता है परमाणु बम!



ईरान और वैश्विक शक्तियों के बीच 2015 में हुआ परमाणु समझौता ईरान को 3.67 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन की अनुमति देता था, जो किसी परमाणु बिजली संयंत्र के संचालन के लिए पर्याप्त है, लेकिन यह हथियारों के निर्माण के लिए आवश्यक यूरेनियम (90 प्रतिशत) की मात्रा से बहुत कम था। ईरान तब से 60 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन कर चुका है। उसके पास इतना यूरेनियम भंडार भी है, जिससे वह चाहे तो कई परमाणु बम बना सकता है।

### ट्रंप ने समझौता खत्म किया

बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2018 में अपने पहले ही कार्यकाल में एकतरफा तरीके से इस समझौते को खत्म कर दिया था। उन्होंने कहा था कि यह समझौता ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर लगाम नहीं लगाता है। समझौते के समाप्त होने के बाद से ही दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है।

## खुशखबर... दो युद्ध रूकने की कगार पर!

हमास को चेतावनी समझौते को नहीं माना तो हालात और बिगड़ेंगे

## राष्ट्रपति ट्रंप बोले– इजराइल, गाजा में 60 दिन के सीजफायर को तैयार

» *कतर और मिस्र इस समझौते का अंतिम प्रस्ताव हमास तक पहुंचाएंगे*

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इजराइल, गाजा में 60 दिन का सीजफायर करने को तैयार हो गया है। इस दौरान सभी पक्षों से मिलकर युद्ध खत्म करने की कोशिश की जाएगी। उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि अगर उसने समझौते को नहीं माना तो हालात और बिगड़ जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि कतर और मिस्र इस समझौते का अंतिम प्रस्ताव हमास तक पहुंचाएंगे। ये दोनों देश लंबे समय से शांति लाने की कोशिश कर रहे हैं।



### ◆ पहले 18 जनवरी को हुआ था सीजफायर

इजराइल-हमास के बीच 19 जनवरी को ट्रंप के शपथ ग्रहण से एक दिन पहले सीजफायर हुआ था। जिसमें तीन फेज में दोनों पक्ष एक-दूसरे के बंधकों को रिहा करने पर सहमत हुए थे। सीजफायर का पहला फेज 1 मार्च को खत्म हो गया। इजराइल और हमास के बीच सीजफायर के दूसरे फेज पर अभी तक बातचीत शुरू नहीं हो पाई है।

### अमेरिका ने यूक्रेन की सैन्य मदद पर लगाई रोक, नहीं देंगे पैट्रियट मिसाइल

अमेरिका ने यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य सहायता के एक हिस्से को रोक दिया है। अब यूक्रेन को पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम और मिसाइलें नहीं मिलेंगी। व्हाइट हाउस और अमेरिकी रक्षा विभाग (पेंटागन) ने इस निर्णय की पुष्टि की है। यह फैसला अमेरिकी सैन्य भंडार की समीक्षा के बाद लिया गया है ताकि अमेरिकी सुरक्षा प्राथमिकताओं को पहले रखा जा सके। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता एना केली ने कहा कि अमेरिका ने अपने सैन्य संसाधनों और वैश्विक सहायता कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा के बाद यह कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की रक्षा तैयारियों और हितों को ध्यान में रखते हुए, यह निर्णय लेना जरूरी था। यह कदम तब उठाया गया है जब रक्षा विभाग को यह चिंता सताने लगी कि हाल के वर्षों में दी गई भारी सैन्य मदद के चलते अमेरिका का हथियार भंडार काफी कम हो गया है।

अदालत की अवमानना में दोषी ठहराया

## बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को छह माह की जेल

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना को अदालत की अवमानना के आरोप में दोषी ठहराया गया है और छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीजे) ने सजा का ऐलान किया है। बुधवार को तीन सदस्यों वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। आईसीजे की पीठ की अध्यक्षता जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार ने की। यह पहली बार है जब किसी मामले में शेख हसीना को जेल की सजा सुनाई गई है। बीते साल शेख हसीना की एक ऑडियो क्लिप लीक हुई थी।

### पूर्व पीएम का बयान अवज्ञाः अदालत



आईसीजे ने शेख हसीना के बयान को अवज्ञा माना और उन्हें अदालत को कमतर आंकने का दोषी ठहराया। अदालत ने कहा कि जब दोषी कोर्ट में आत्मसमर्पण कर देंगे या पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा, उसके बाद ही सजा शुरू होगी। यह सश्रम कारावास नहीं होगा।